सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 02 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 118, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 60,847 करोड़

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। } 10

सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है लद्दाख

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 75 साल बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताते हुए कहा कि यह केंद्रशासित प्रदेश सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है। } 12

बंगाल में 15 मतदेय स्थलों पर आज होगा पुनर्मतदान

मतगणना केन्द्र पर ड्रामेबाजी कर रहीं ममता : शुभेन्दु

एजेंसी

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के 15 मतदेय स्थलों (बूथ) पर चुनावी अनियमितताओं की शिकायत के बाद दो मई को पुनर्मतदान कराने का शुक्रवार को आदेश दिया।

वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पिछली रात मतगणना केंद्र के सामने ड्रामेबाजी करने का आरोप लगाया। शुभेंदु ने भवानीपुर स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री चाहे दो दिन और इस तरह का नाटक करती रहें, लेकिन इससे नतीजे नहीं बदलेंगे। भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ चुनाव ...शेष पृष्ठ 10 पर

कॉमर्शियल एलपीजी के दाम 993 रुपये बढ़े, पांच किलो वाला सिलेंडर भी महंगा

विमान ईंधन की कीमत 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर बढ़े, औद्योगिक थोक डीजल की कीमत में बढ़ोतरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू विमानन कंपनी के लिए विमान ईंधन की कीमतों में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं किया गया। इससे इन कंपनियों को राहत मिली। हालांकि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में उछाल के साथ वाणिज्यिक एलपीजी और पांच किलोग्राम के सिलेंडर की कीमतों में अब तक की सबसे अधिक बढ़ोतरी की गई।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर (5.33 प्रतिशत) बढ़ाकर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दी है। इसके साथ ही, होटल एवं रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19-किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 993 रुपये बढ़ाकर रिकॉर्ड 3,071.50 रुपये कर दी गई। पांच किलोग्राम एफटीएल या बाजार मूल्य वाले एलपीजी सिलेंडर की दरें 549 रुपये से बढ़ाकर 810.50 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गईं। अब पांच किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम के ...शेष पृष्ठ 10 पर

चार साल से नहीं बढ़े पेट्रोल व डीजल के दाम : हरदीप पुरी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेलकी कीमतों में भारी उछाल के बीच भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर स्थिति बेहद अहम मोड़ पर पहुंच गई है। एक तरफ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दावा किया है कि वैश्विक संकट के बावजूद भारत ने पिछले चार साल से अधिक समय तक कीमतों को स्थिर रखा है। वहीं, दूसरी ओर सरकारी सूत्रों का स्पष्ट कहना है कि खुदरा कीमतों पर लगी इस रोक के कारण तेल कंपनियों को हो रहे भारी घाटे को देखते हुए निकट भविष्य में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने की पूरी संभावना है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

15 जून से जेवर एयरपोर्ट में विमान परिचालन शुरू

लखनऊ/जेवर। उत्तर भारत के एविएशन सेक्टर में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने घोषणा की है कि 15 जून से हवाई अड्डे से कमर्शियल फ्लाइट्स का संचालन शुरू होगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रियों, विभिन्न एयरलाइंस और कार्गो ऑपरेटरों के लिए एक आधुनिक और विश्वस्तरीय एविएशन गेट-वे उपलब्ध हो जाएगा। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम मानी जा रही है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति मिली है। एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्लस्टर्स के विकास की श्रृंखला में जेवर एयरपोर्ट एक अहम कड़ी बनकर उभरा है। एयरपोर्ट का संचालन प्रधानमंत्री के उद्घाटन और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से एयरोड्रोम सुरक्षा कार्यक्रम की मंजूरी मिलने के बाद शुरू हो रहा है।

बांध में डूबने से दो बच्चों की मौत

महोबा। जिले के श्रीनगर क्षेत्र में एक बांध में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े सात बजे ग्राम पिपरा माफ स्थित उर्मिल बांध के पास एक युवक के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। जांच के दौरान पता चला कि बांध के पास रहने वाले रितेश (7) और आर्यन (8) शाम करीब साढ़े चार बजे नहाने के लिए गए थे, जहां वे फिसलकर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना का पता तब चला जब चार साल की एक बच्ची ने परिवार को इसके बारे में बताया।

नये भारत के शिल्पकार हैं श्रमिक : योगी

मुख्यमंत्री ने किया श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में श्रमिकों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश का विकास तभी सार्थक है, जब श्रमिक वर्ग सशक्त और सुरक्षित हो। इसी दृष्टि से राज्य सरकार श्रमिक परिवारों को व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा कवच से जोड़ने का अभियान तेजी से आगे बढ़ा रही है। अब तक 12 लाख 26 हजार निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड सुविधा दी जा चुकी है, जिससे उनके परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध हो रहा है। शेष 15 लाख 83 हजार श्रमिकों को भी शीघ्र इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। औसतन एक परिवार में 5 सदस्यों के आधार पर, यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देगी। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में कम से कम 1 करोड़ श्रमिक परिवारों, यानी लगभग 5 करोड़ लोगों तक इस योजना का सीधा लाभ पहुंचाना है, जो प्रदेश के इतिहास में श्रमिक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अटल आवासीय विद्यालय के पहले बैच के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में वर्ष 2023 में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना एक नई मिसाल बनी। इन बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के अथक श्रम व पसीने की लाज रखी है। नए भारत के निर्माण में आप सभी श्रमिक भाई-बहन प्रधानमंत्री जी के विजन के वास्तविक शिल्पकार हैं। सर्दी-गर्मी, आंधी-तूफान की परवाह किए बिना आप जो पसीना बहाते हैं, उसकी एक-एक बूंद धरती माता को सोना उगलने की शक्ति देती है। कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में श्रममेव जयते मंत्र के साथ श्रमिकों को सम्मान और गौरव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने श्रम एवं सेवायोजन विभाग से कहा है कि नए वेज बोर्ड का गठन किया जाए। उसकी रिपोर्ट मंगाई जाए और यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

पेयजल, सिंचाई व राहत प्रबंधन में शिथिलता स्वीकार्य नहीं : सीएम

लखनऊ। प्रदेश में भीषण गर्मी और इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन-प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि पेयजल आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था और राहत प्रबंधन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी विभाग परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाकर अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें। शुक्रवार को कृषि, जलशक्ति, पशुधन, समाज कल्याण एवं उद्यान विभाग के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पूर्व में सूखा प्रभावित रहे 18 जनपदों में विशेष निगरानी रखने, 15 जून से 30 जुलाई के बीच निर्धारित मानकों के अनुसार स्थिति का समयबद्ध आकलन करने तथा आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ से सहायता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन से लेकर जनपद स्तर तक कंट्रोल रूम सक्रिय ...शेष पृष्ठ 10 पर

गंगा एक्सप्रेस-वे 15 दिन तक टोल फ्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेसवे को वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) से 15 दिनों तक टोल-फ्री रखने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि इस फैसले के तहत प्रदेश की जनता बिना किसी शुल्क के उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे व अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने तत्काल कार्वाई करते हुए परियोजना विकसित करने वाली कंपनियों आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को 15 दिनों तक टोल संग्रह स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यूपीडा के आदेश के अनुसार इस अवधि में यात्रियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। बयान के अनुसार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार का उद्देश्य है कि शुरुआती चरण में अधिक से अधिक लोग इस अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव कर सकें। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

समझौता करने को बेताब है ईरान : ट्रंप

60 दिन की समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया युद्ध

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है और उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया।

ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में मीडिया से बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां की। ट्रंप ने ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब ईरान ने धमकी दी है कि यदि अमेरिका ने फिर हमले किए तो वह भी हमले कर जवाबी कार्वाई करेगा। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी तब से युद्ध अस्थायी रूप से रुका हुआ है। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने के लिए तर्क दे रहा है कि अप्रैल में शुरू हुए युद्धविराम समझौते के बाद ईरान में युद्ध समाप्त हो गया है। यह बयान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा बृहस्पतिवार को सीनेट के समक्ष दिए गए बयान की पुष्टि करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि युद्धविराम ने प्रभावी रूप से युद्ध को रोक दिया है। इस आधार पर ट्रंप प्रशासन 1973 के कानून द्वारा अनिवार्य उस शर्त को पूरा नहीं कर रहा है जिसके तहत 60 दिनों से अधिक की सैन्य कार्वाई के लिए संसद से औपचारिक स्वीकृति आवश्यक है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उस कानून के हिसाब से, 28 फरवरी शनिवार को शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो गया है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह पुनः हमले करेंगे तो उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि हमें इसकी जरूरत है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

कोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी के खिलाफ याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शुक्रवार को राहत देते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। सिमरन गुप्ता नाम की एक महिला द्वारा दायर इस याचिका पर न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने यह आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता सिमरन गुप्ता ने संभल की एक अदालत के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। संभल की अदालत ने 2025 में राहुल गांधी की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग खारिज कर दी थी जिसे याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक, राहुल गांधी ने 2025 में अखिल भारतीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

धार्मिक पर्यटन से उत्तराखंड को मिल रही आर्थिक ताकत

डोल आश्रम में आयोजित श्री पीठम स्थापना महोत्सव में शामिल हुए सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता

अल्मोड़ा (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन अब विकास का अहम इंजन बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम जैसे प्रमुख स्थल न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए आजीविका और रोजगार के नए द्वार भी खोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री धामी अल्मोड़ा में स्थित डोल आश्रम में आयोजित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या राज्य में बेहतर सड़क नेटवर्क, परिवहन सुविधाओं और सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंधन की सफलता को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार 1100 कन्याओं का पूजन कर उन्हें देवी स्वरूप मानकर सम्मान दिया। इसके साथ ही उन्होंने मां राजेश्वरी का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 46.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- सबका साथ, सबका विकास को धार देगा संध्या संवाद (पृष्ठ-02)
- 28 तक हुई 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद (पृष्ठ-02)
- पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना (पृष्ठ-14)
- निगरानी सूची में भारत बरकरार, वियतनाम पर कड़ी नजर (पृष्ठ-14)
- निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा गुजरात (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — उत्तर प्रदेश में हुआ सर्वाधिक पौधरोपण, एक पेड़ मां के नाम अभियान से सीखेगा विश्व

ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही दुनिया को राह दिखायेगा यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐसा उदाहरण पेश किया है, जिसकी गूंज अब ब्रिक्स देशों तक पहुंच गई है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू हुए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान ने प्रदेश को पौधरोपण के मामले में नई ऊंचाई दी है। गत 9 जुलाई 2025 को एक ही दिन में 37 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर यूपी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि पिछले 9 वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश की इस उपलब्धि को दुनिया के अन्य देशों ने सराहा है और इस तरह के अभियान चलाकर अपने देश के लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ना चाहते हैं।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित वर्चुअल समिट में 9 देशों के युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और यूपी के इस अभियान की खुलकर सराहना की। ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया, ईरान और इंडोनेशिया के युवाओं ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती पर विचार व्यक्त किए। विश्व के अन्य देशों के युवाओं का कहना था कि एक पेड़ मां के नाम जैसा विचार लोगों को प्रकृति से भावनात्मक रूप से जोड़ता है। प्रतिभागी युवाओं का मानना है कि पर्यावरण बचाने के लिए केवल नारे नहीं, बल्कि ऐसे अभियान चाहिए जो समाज की भावनाओं को छू सकें। इसे यूपी ने कर दिखाया है। विभिन्न देशों के युवाओं ने इसे अपने-अपने देशों में लागू करने की बात भी कही। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि वर्चुअल समिट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले बागपत के अमन कुमार ने भारत की आवाज बुलंद की है। उन्होंने पर्यावरण के लिए स्वयंसेवा का संदेश देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से जूझती दुनिया में हर नागरिक को प्रकृति संरक्षण का हिस्सा बनना होगा। उत्तर प्रदेश के इस व्यापक अभियान की खूबियां अन्य देशों के युवाओं ने गंभीरता से सुनीं और इसे प्रेरणादायक बताया। प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल सामान्य कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि इसे संस्कृति, संवेदना और सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। यही कारण है कि यह पहल अब वैश्विक चर्चा का विषय बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बागपत के युवा अमन कुमार को स्वामी विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित ...शेष पृष्ठ 10 पर

आउटसोर्स कर्मियों को मिलेगा अवकाश और वेतन सुरक्षा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों आउटसोर्स और अंशकालिक कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को मजदूर दिवस के अवसर पर दी। असीम अरुण ने कहा कि नए लेबर कोड्स और आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के माध्यम से सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए छुट्टियों, काम के घंटों और वेतन भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कर्मचारियों का शोषण संभव नहीं होगा और उनके अधिकारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है।

नये नियम लागू, काम के घंटों व वेतन भुगतान की प्रक्रिया को बनाया पारदर्शी

नए नियमों के अनुसार, अब किसी भी आउटसोर्स या अनुबंध कर्मचारी से लगातार सातों दिन काम लेना अवैध होगा। साप्ताहिक अवकाश निर्धारित कर दिया गया है। 6 दिन के निरंतर कार्य के पश्चात 1 दिन का सवेतनिक अवकाश देना अनिवार्य है। प्रतिदिन कार्य के घंटे 8 से 9 निर्धारित किए गए हैं। इससे अधिक कार्य लिए जाने पर नियमानुसार ओवरटाइम देय होगा। कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

बीबीडीयू के बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में वेबिनार का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय वेबिनार-इन्क्लूसिव रिसर्च प्रैक्टिसेस का आयोजन किया गया।

पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने यह आयोजन दंत छात्रों को अनुसंधान के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाने और जनस्वास्थ्य तथा सामुदायिक कल्याण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया। इस अवसर पर यूनाइटेड किंगडम के बर्मिंघम स्थित एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट की कम्युनिटी कनेक्शन्स एंड एंगेजमेंट लीड, डॉ.

फातिमा जाकिया, विशिष्ट अतिथि वक्ता रहीं। डॉ. जाकिया जीडीसी पंजीकृत डेंटल केयर प्रोफेशनल हैं और पब्लिक हेल्थ में एम.एससी. किया है। उन्होंने भारत से डेंटल ग्रेजुएशन पूरा किया तथा यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम से पब्लिक हेल्थ में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। वे अपने साथ नैदानिक विशेषज्ञता और जनस्वास्थ्य नेतृत्व का अनूठा संयोजन लेकर आईं। वर्तमान भूमिका में वे एनएचएस के अंतर्गत कम्युनिटी कनेक्शन्स नामक एक अभिनव रोगी एवं जनसंपर्क पहल का नेतृत्व करती हैं, जिसके माध्यम से वे स्वास्थ्य अनुसंधान को सुदृढ़ करने, सेवा परिवर्तन को आगे बढ़ाने और स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने का कार्य करती हैं।

डॉ. फातिमा जाकिया का कार्यक्षेत्र नगर परिषदों, एस्टन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम जैसे शैक्षणिक संस्थानों, क्लिनिकल रिसर्च नेटवर्क्स तथा विविध सामुदायिक संगठनों के साथ सहयोग तक फैला हुआ है। शिक्षा, सहभागिता और साक्ष्य आधारित अभ्यास के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता सुधारने के प्रति समर्पित अपने करियर में, डॉ. जाकिया रचनात्मकता, करुणा और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने इन्क्लूसिव रिसर्च प्रैक्टिसेस एंड शेयर्ड इम्पैक्ट फॉर कम्युनिटीज विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।उन्होंने स्पष्ट किया कि समावेशी शोध का उद्देश्य विभिन्न वर्गों, विशेषकर वंचित समुदायों को शामिल करना है ताकि शोध परिणाम वास्तविक सामुदायिक आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करें। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दंत छात्रों और जनस्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सामुदायिक सहभागिता मौखिक स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने, निवारक देखभाल को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील एवं सुलभ हस्तक्षेपों को डिजाइन करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सत्र में कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 56 प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े और 94 प्रतिभागी ऑफलाइन उपस्थित रहे।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रश्न उठाए, जिनका वक्ता ने अत्यंत स्पष्टता और प्रभावशीलता के साथ उत्तर दिया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा एवं बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की प्राचार्य डॉ. नीता पासरिचा के मार्गदर्शन में हुआ।

औद्योगिक अशांति में खंडहर के सिवा कुछ नहीं बचता : मुख्यमंत्री

सभी 75 जनपदों में स्थापित होंगे ईएसआईसी औषधालय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमवीर गौरव समारोह में कहा कि मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत भी हम श्रमिक परिवारों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें 6 लाख से अधिक लाभार्थी जुड़ चुके हैं। इसके अलावा, ठहरने की बेहतर सुविधा के लिए हम श्रमिक डॉरमेट्री बना रहे हैं। इनमें सस्ती और गुणवत्तापूर्ण कैंटीन भी होंगी, ताकि श्रमिकों को सस्ता, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सके। साफ-सुथरे शौचालय, स्नानघर तथा मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हों।

सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा, कॉमन एरिया, गार्ड की व्यवस्था, ये सब भी श्रमिक डॉरमेट्री में सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही ईएसआईसी औषधालयों का विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में 41 जनपदों में 116 ईएसआईसी औषधालय संचालित हैं। शेष 34 जनपदों में भी जल्द ही एक-एक ईएसआईसी औषधालय स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्थापित किया जाएगा, ताकि श्रमिकों को अपने क्षेत्र में ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में हमने 7 एकड़ भूमि आवंटित की है, जहां 300 बेड का एक ईएसआईसी हॉस्पिटल बनाया जाएगा। यह हॉस्पिटल विशेष रूप से श्रमिकों के लिए समर्पित होगा, चाहे वे निर्माण श्रमिक हों या औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक। इसी प्रकार, गीडा गोरखपुर में 5 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है, जहां

ईएसआईसी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। श्रम एवं सेवायोजन विभाग को निर्देश दिया गया है कि जहां कहीं भी औद्योगिक क्षेत्र हों, वहां ईएसआईसी हॉस्पिटल स्थापित किए जाएं। औद्योगिक विकास विभाग की जिम्मेदारी होगी कि ऐसे क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध कराई जाए और ईएसआईसी के माध्यम से हॉस्पिटल का निर्माण कराया जाए। जहां ईएसआईसी हॉस्पिटल नहीं बन पाए, वहां श्रमिकों और उनके परिवार को आयुष्मान भारत जैसी सुविधा दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के मानदेय में वृद्धि की है। हमने उद्यमियों से बातचीत कर इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया है। उद्योग और श्रमिक एक-दूसरे के पूरक हैं। उद्योग है तो श्रमिक है। उद्योग का उन्नयन होगा तो श्रमिक का उन्नयन होगा। श्रमिक खुशहाल होगा तो उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। औद्योगिक अशांति किसी भी स्थिति में नहीं होने देनी है। जहां औद्योगिक अशांति होती है, वहां अंत में खंडहर के सिवाय कुछ नहीं बचता। जो लोग समृद्धि और विकास के विरोधी हैं, वे उद्योग नहीं चलने देना चाहते। वे लोगों को बहकाने का काम करेंगे, लेकिन हमें बहकना नहीं है। उद्योग और श्रमिकों को मिलकर आगे बढ़ना है।

ग्रेटर नोएडा में श्रमिक सुविधा केंद्र, ईएसआईसी अस्पताल व विद्यालय का किया शिलान्यास : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह के दौरान श्रमिक कल्याण एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में श्रमिक सुविधा केंद्रों के निर्माण का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इन केंद्रों के निर्माण से श्रमिकों को एक ही स्थान पर आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके साथ ही ईएसआईसी अस्पताल, ग्रेटर नोएडा के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया गया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने क्षेत्रीय निदेशक ईएसआईसी कालीचरण झा को यह आवंटन पत्र सौंपा। 7.2 एकड़ भूमि पर बनने वाला यह 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल क्षेत्र के श्रमिकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सीएम कंपोजिट विद्यालय, जेवर के निर्माण का भी शिलान्यास किया। इस विद्यालय के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।

प्रतिभा और परिश्रम का सम्मान : श्रमवीर गौरव समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्यों और श्रमिकों को सम्मानित किया गया। सीबीएसई 10वीं के पहले ही बैच में 100% परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले प्रयागराज और वाराणसी के अटल आवासीय विद्यालयों ने इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि पर प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉ. गोपालकांत मिश्रा और वाराणसी के प्रधानाचार्य श्री सत्येंद्र प्रसाद सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए टैबलेट वितरित किए गए। सम्मानित छात्राओं में वाराणसी की श्वेता, आजमगढ़ की अंशिका यादव, बस्ती की सृष्टि गुप्ता, लखनऊ की रीत मौर्या और अयोध्या की अभिलाषा शामिल रहीं। वहीं छात्र वर्ग में आजमगढ़ के संगम यादव, वाराणसी के हर्ष कुशवाहा, प्रयागराज के हर्षित, आगरा के गणेश कुमार और मुरादाबाद के उदय प्रताप को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया।

बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है : त्रिलोक त्यागी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मजदूर दिवस) के अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जबकि श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जनपद स्तर के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रमिक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक के दौरान श्रमिकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, विशेषकर बाल श्रम उन्मूलन, न्यूनतम मजदूरी के प्रभावी क्रियान्वयन, श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा तथा उनके सम्मानजनक जीवन स्तर को सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर इन मुद्दों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने एवं आवश्यक होने पर संघर्ष को तेज करने का संकल्प लिया।

बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए त्रिलोक त्यागी ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो देश के भविष्य को प्रभावित करती है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि किताबें होनी चाहिए, ताकि वे शिक्षित होकर देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

युवा अपने विवेक और ज्ञान का सदुपयोग करें

विधानसभा मंडप में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम सभी भारत के संविधान से बंधे हैं, जो हमारे लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत युवा संसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विजन का सशक्त प्रतिफल है, जिसके माध्यम से आज के युवाओं को भविष्य के भारत के निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा मंडप में आज राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का शुभारंभ अध्यक्ष सतीश महाना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश यादव, विधायक डॉ. सुरभि, नीरज बोरा एवं शशांक वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में सतीश महाना ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में यही पीढ़ी देश की दिशा और दशा तय करेगी, इसलिए आज ही भविष्य की आकृति और स्वरूप पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे आने वाली पीढ़ी के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त करें और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग सकारात्मक कार्यों के लिए होना चाहिए, अन्यथा यह भस्मासुर भी बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने विवेक और ज्ञान का सदुपयोग करें, समय का उचित प्रबंधन करें तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से अपने भविष्य को सुदृढ़ बनाएं।

उन्होंने कहा कि ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह समाज तक पहुंचे। जीवन में प्रतिबद्धता (कमिटमेंट) और इच्छाशक्ति सफलता के प्रमुख आधार हैं। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि हमेशा जीतने के लिए कार्य करें, किसी को हराने के लिए नहीं और अपनी योग्यता पर अहंकार से बचें। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि आज के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और सफलता के लिए जोखिम उठाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को विनम्रता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

शिक्षक और चिकित्सक भविष्य के निर्माता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान बुद्ध की जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) तथा श्रमिक दिवस के अवसर पर राजधानी कैसरबाग स्थित गांधी भवन (प्रेक्षागृह) में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षकों एवं चिकित्सकों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ। उक्त सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया सांसद तथा रवि प्रकाश वर्मा पूर्व सांसद सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेतागण शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ. मनीष हिंदवी तथा अतिथियों का स्वागत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के वाइस चेयरमैन प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम से पूर्व समस्त पदाधिकारियों सहित उपस्थित सभी अतिथिगणों ने भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीर

पर पुष्पांजलि की तथा दीपदान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं चिकित्सकों के देश एवं पार्टी के निर्माण में भूमिका पर लघु फिल्मों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक और चिकित्सक भविष्य के निर्माणकर्ता हैं यह वर्ग है जो भीड़ का हिस्सा नहीं बल्कि भीड़ को सम्बोधित करता है। सामाजिक न्याय के लिए हमें समाज में हर शोषित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत के साथ खड़े रहना है। पुरानी पेंशन पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों, शिक्षकों एवं सैनिकों को पुरानी पेंशन के रूप में बुढ़ापे का सहारा दिया था जिसे भाजपा सरकार ने छीन लिया है। कांग्रेस सत्ता में आने के बाद पुरानी पेंशन बहाल करेगी और शिक्षकों तथा चिकित्सकों की समस्यओं को दूर करने का प्रयास करेगी।

सबका साथ, सबका विकास को धार देगा संध्या संवाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से देवीपाटन मंडल में ग्राम पंचायत स्तर पर संध्या संवाद कार्यक्रम की अभिनव पहल की जा रही है। इसकी शुरूआत 8 मई को श्रावस्ती की एक ग्राम पंचायत से की जाएगी।

इस दौरान ग्राम पंचायत में संध्या संवाद कार्यक्रम के तहत देवीपाटन मंडलायुक्त द्वारा ग्रामीणों के साथ खुली चौपाल में उनकी समस्याओं को सुना जाएगा और मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा। इसके अलावा योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ देने के लिए मंडलायुक्त के निर्देश पर ग्राम पंचायत में शिविर भी लगाया जाएगा, जहां तत्काल योजनाओं को लाभ दिया जाएगा। देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्न के मंत्र को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्न का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हमेशा प्रयास रहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

इसके लिए प्रदेश में समय-समय पर विभिन्न जनसंपर्क और जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप देवीपाटन मंडल के चार जिलों गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर में ग्राम पंचायत स्तर पर संध्या संवाद कार्यक्रमह्न का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 8 मई को श्रावस्ती में चयनित ग्राम पंचायत स्तर पर मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अगुवाई में संध्या संवाद कार्यक्रमह्न के तहत खुली चौपाल आयोजित की जाएगी। संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। ग्रामीण अपनी समस्याएं, सुझाव और अनुभव सीधे प्रशासन के सामने रख सकेंगे। इससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की भी पहचान की जा सकेगी।

मंडलायुक्त ने बताया कि चयनित ग्राम में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जहां पात्र व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। लाभार्थियों को उसी दिन प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजनाओं का पारदर्शी तरीके से वितरण किया जाए। इसके अलावा श्रावस्ती में 8 मई को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई की जाएगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और पेंशनरों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय और पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

प्रदेश में 28 अप्रैल तक 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

- अब तक 1,15,854 लाभार्थी किसानों को 1318 करोड़ रुपये का किया गया भुगतान
- पूर्वांचल के जिले खरीद में आगे, देवरिया में 55.82% के साथ सबसे अधिक खरीद

लखनऊ। प्रदेश में रबी विपणन सत्र के दौरान गेहूं खरीद अभियान ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। योगी सरकार की सक्रिय रणनीति और जमीनी स्तर पर मजबूत व्यवस्थाओं के चलते 28 अप्रैल तक 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की जा चुकी है, जो अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाती है। सरकार ने इस अभियान में पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अब तक 1,15,854 किसानों को 1318 करोड़ रुपये का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जा चुका है। इससे किसानों को समय पर पैसा मिल रहा है।

प्रदेश भर के खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। तौल, भंडारण और भुगतान की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया गया है, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि हर केंद्र पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें और किसी भी किसान को लौटना न पड़े। गेहूं खरीद में पूर्वांचल के जिलों ने शानदार प्रदर्शन किया है। देवरिया ने 55.82% खरीद के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर प्रशासनिक सक्रियता और किसानों की भागीदारी का मजबूत उदाहरण पेश किया है। इसके अलावा बस्ती, प्रतापगढ़, बलरामपुर और संतकबीरनगर जैसे जिले भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों का भरोसा मजबूत किया है। इस बार बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई, दाने सिकुड़े और चमक कम हो गई। ऐसे में किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए केंद्र सरकार ने राहत दी है। अब 70% तक चमकविहीन और 20% तक सिकुड़ा/टूटा गेहूं बिना कटौती के खरीदने की अनुमति दी गई है, जिससे किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। पंजीकरण से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है। किसान आसानी से पंजीकरण कर रहे हैं और उन्हें सीधे खातों में भुगतान मिल रहा है। साथ ही निगरानी व्यवस्था को मजबूत कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिल सके।

वाराणसी में खुलेगा शकुन्तला विवि का पहला स्टडी सेंटर

- 40वीं विद्या परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- विद्यार्थियों का फीडबैक होगा अनिवार्य, शिक्षण गुणवत्ता सुधारने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शोधार्थियों को अब पीएचडी मौखिकी परीक्षा पूर्ण होने की तिथि से ही उपाधि प्रदान की जाएगी। साथ ही स्नातक, परास्नातक और पीएचडी के विद्यार्थियों को शोध पत्र प्रस्तुति के लिए वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए कर्मचारी वार्ड कोटा, खिलाड़ियों और स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के लिए विशेष आरक्षण की व्यवस्था भी जारी रहेगी। विश्वविद्यालय की 40वीं विद्या परिषद की बैठक कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अनुमोदन मिला है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने दी।

कुलपति प्रो. संजय सिंह के विशेष पहल पर विश्वविद्यालय अपना पहला क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र वाराणसी में खोलने जा रहा है। विद्या परिषद से मंजूरी मिल चुकी है। यह केंद्र खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुदेशीय दिव्यांगजन विकास संस्थान में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में छह हॉल और 16 कमरों की व्यवस्था होगी। सत्र 2026-27 से पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू होने की संभावना है। प्रथम चरण में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम, बीवीए और चार वर्षीय बीए (एनईपी) शुरू किए जा सकते हैं।

पेपर प्रेजेंटेशन के लिए आर्थिक सहायता, विद्यार्थी देंगे फीडबैक : विश्वविद्यालय के यूजी, पीजी और पीएचडी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, संगोष्ठी और कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। पीएचडी शोधार्थियों को 20 हजार रुपये तथा यूजी और पीजी (ऑनर्स विद रिसर्च) के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिए विद्यार्थियों से स्टूडेंट फीडबैक फॉर्म भरवाने की व्यवस्था को भी मंजूरी दी गई है।

विशेष आरक्षण की व्यवस्था, इंटरनेशनल स्टूडेंट्स एडमिशन रूल्स एंड प्रोसिजर्स को भी मंजूरी : पीएचडी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई), रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) और फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्सों को छोड़कर कर्मचारियों के बच्चों के लिए 10 प्रतिशत सुपरन्यूमेरेरी सीट, खिलाड़ियों के लिए पांच प्रतिशत स्पोर्ट्स कोटा और स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के लिए दो प्रतिशत आरक्षण जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश और सुविधाओं से संबंधित नियमों को भी स्वीकृति दी गई। इसके तहत इंटरनेशनल स्टूडेंट सेल विदेशी छात्रों को प्रवेश से लेकर पढ़ाई तक सहायता प्रदान करेगा, जिससे विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान मजबूत होगी।

दिव्यांगों के लिए डिस्टैंस लर्निंग की व्यवस्था : इसके अलावा विश्वविद्यालय के प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश के विभिन्न मंडलों में प्रतिनिधिमंडल भेजने तथा यूजीसी की करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत वर्ष 2026 में शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से कराने का निर्णय भी लिया गया। विश्वविद्यालय की ओर से दूरस्थ शिक्षा पद्धति (ओपन एंड डिस्टैंस लर्निंग) के माध्यम से दिव्यांग छात्रों के लिए कौशल विकास कोर्स शुरू किए जाने पर भी स्वीकृति मिली। जिससे उन्हें घर बैठे पढ़ाने और रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग के अवसर मिलेंगे। दिव्यांग छात्रों, दूर-दराज के विद्यार्थियों और पूरे समाज को सीधा लाभ मिल सकेगा। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि विद्या परिषद में लिए गए ये सभी निर्णय विद्यार्थियों, विशेषकर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

भाजपा अपनी हार को छिपाने के लिए महिलाओं को बना रही मुद्दा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार देश की महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। भाजपा सोची समझी रणनीति के तहत विपक्ष को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। नई संसद में 2023 में जब महिला आरक्षण बिल आया था, तब सभी दलों ने उसे समर्थन देकर पास कराया था। महिला आरक्षण बिल अब कानून बन चुका है। भाजपा के मन में महिला आरक्षण को लेकर खोट है इसीलिए सरकार महिला आरक्षण में संशोधन के लिए बिल लायी थी। जो महिला आरक्षण बिल संसद में पास होकर कानून बन गया है। भाजपा उसके खिलाफ बोल रही है। भाजपा असंवैधानिक काम कर रही है। भाजपा का आचरण संविधान विरोधी है। वह संसद से पास कानून नहीं स्वीकार कर रही है। अपनी हार को छिपाने के लिए भाजपा महिलाओं को मुद्दा बनाना चाहती है

पार्टी ने प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महिला आरक्षण संशोधन बिल के लिए संसद का सत्र ऐसे समय में बुलाया जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे थे। देश के इतिहास

में पहली बार महिला आरक्षण में संशोधन और परिसीमन जैसा महत्वपूर्ण बिल चुनाव के मध्य में लेकर आयी। भाजपा विपक्षी दलों के सांसदों को चुनाव से चार-पांच दिन दूर करना चाहती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गयी है। इस सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है तो महिला आरक्षण संशोधन बिल के साथ परिसीमन बिल लेकर आ गयी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार आम जनता और लोगों के साथ साजिश कर रही है। कभी एप डाउन लोड करवा रही है, कभी कर्मचारियों से, कभी शिक्षकों से डेटा भरा रहे हैं। लेकिन जो जातीय जनगणना सबसे महत्वपूर्ण डेटा है, उसे नहीं करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में भाजपा की साजिश हार गयी इसीलिए उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्ताव लेकर आये थे।

अखिलेश ने बौद्ध भिक्षुओं को किया सम्मानित : पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों और अन्य प्रदेशों के बौद्ध धर्मगुरू भन्ते बड़ी संख्या में शामिल हुए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में आये सभी भन्ते बौद्धधर्म गुरूओं का आभार प्रकट किया और बौद्ध भिक्षुओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलकर जीवन में खुशहाली लाने के लिए बौद्ध भि

लोहिया पार्क में स्केटिंग, लॉन टेनिस व बॉक्स क्रिकेट खेलने की सुविधा

एलडीए ने खेल के हिसाब से तय किया शुल्क और समय

इस प्रकार तय किया गया है शुल्क

खेल	शुल्क	समय
पिकल बॉल	400 रुपये	सुबह 6 से रात 8 बजे तक
लॉन टेनिस	400 रुपये	सुबह 6 से रात 8 बजे तक
बैडमिंटन	200 रुपय	सुबह 6 से रात 8 बजे तक
बॉक्स क्रिकेट	600 रुपये	सुबह 10 से रात 8 बजे तक

(नोट- शुल्क प्रति घंटे रुपये में)

स्केटिंग का शुल्क 1500 रुपये महीना और 100 रुपये पंजीकरण शुल्क रखा गया है। इसका समय सुबह 10 से रात 8 बजे तक है।

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क अब शहर के युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए नया स्पोर्ट्स हब बनकर उभर रहा है। यहां स्केटिंग, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, पिकल बॉल और बॉक्स क्रिकेट जैसी कई खेल सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गई हैं। बीते 24 मार्च को प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने यहां प्रदेश के सबसे बड़े स्केट पार्क का शुभारंभ किया था। इसके बाद अब लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने इन खेल सुविधाओं के लिए शुल्क तय कर इन्हें आम लोगों के लिए खोल दिया है।

एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि लोहिया पार्क में गेट नंबर-3 के पास करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से स्केट पार्क और स्पोर्ट्स एरिना विकसित किया गया है, जिसका नाम ऑक्सीजन स्पोर्ट्स एरिना रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहले यहां एक कृत्रिम वॉटर बॉडी थी, जिसमें ग्राउंड वाटर से जलापूर्ति होती थी। इससे भू-जल स्तर पर असर पड़ रहा था और मच्छरों के पनपने से बीमारियों का खतरा भी बना रहता था। इस निष्प्रयोज्य स्थल को अब खेल गतिविधियों के लिए उपयोगी बनाते हुए लखनऊ का पहला और प्रदेश का सबसे बड़ा स्केट पार्क तैयार किया गया है। करीब 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में स्केटिंग रिंग और लगभग 4500 वर्गमीटर क्षेत्र में अन्य खेल गतिविधियों के लिए व्यवस्था की गई है। एलडीए के इस कदम से शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एलडीए के उद्यान अधिकारी एसके भारती ने बताया कि खेलों के स्थल का जो शुल्क तय किया गया है वह पूरी टीम का है, प्रति खिलाड़ी नहीं है।

सिर्फ स्केटिंग का शुल्क प्रति खिलाड़ी है वह भी महीने के हिसाब से है। इसमें प्रशिक्षक का शुल्क भी रहेगा क्योंकि स्केटिंग बिना प्रशिक्षक के बच्चे नहीं कर पाएंगे। प्रशिक्षक रहेगा तो सुरक्षा भी रहेगी। उद्यान अधीक्षक मोहम्मद इमरान ने बताया कि जो बच्चे या अन्य लोग खेल के लिए आएंगे उनसे पार्क का प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन लोगों को गेट पर जिस खेल के लिए वह आएं हैं उसका शुल्क जमा करना होगा। प्रशिक्षक सिर्फ स्केटिंग में रहेगा

स्केटिंग ग्राउंड ने बदली तस्वीर, युवाओं के सपनों को मिला पंख

● जनेश्वर मिश्र पार्क में स्केटिंग ग्राउंड बनने पर खिलाड़ियों ने सीएम को पत्र लिख जतायी खुशी

लखनऊ। राजधानी के जनेश्वर मिश्र पार्क में तैयार हुए अत्याधुनिक स्केटिंग ग्राउंड ने अब सिर्फ एक खेल सुविधा नहीं, बल्कि हजारों बच्चों और युवाओं के सपनों को नई दिशा दे दी है। इस पहल के लिए खिलाड़ियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति गहरा आभार जताया है।

खिलाड़ियों की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में इस परियोजना को दूरदर्शी और युवा-केंद्रित नेतृत्व का परिणाम बताया गया है।

पत्र में कहा गया कि जहां पहले बच्चे सड़कों पर जोखिम उठाकर अभ्यास करते थे, वहीं अब उन्हें सुरक्षित, आधुनिक और प्रेरणादायक वातावरण मिल रहा है। बच्चों के शब्दों में भावनाओं की झलक साफ दिखी। उन्होंने कहा कि आपने हमें सड़कों से निकालकर स्टेडियम तक पहुंचाया है, अब हमारा लक्ष्य स्टेडियम से अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचना है। यह कथन न केवल खुशी का इजहार है, बल्कि प्रदेश में उभरती खेल प्रतिभाओं की नई उड़ान का संकेत भी है।

खिलाड़ियों ने 16 जुलाई 2022 की उस मुलाकात को भी याद किया, जब उन्होंने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखी थीं। उनका कहना है कि उस दिन मिला आश्वासन आज जमीन पर उतरा दिखाई दे रहा है। एक ऐसा स्केटिंग ग्राउंड, जो वचनबद्धता और संवेदनशील शासन का प्रतीक बन गया है। इस पहल को खेल अवसंरचना के विस्तार से कहीं आगे देखा जा रहा है। यह युवाओं के आत्मविश्वास, ऊर्जा और भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति के संकल्प को साकार करते हुए यह कदम उत्तर प्रदेश को खेल प्रतिभाओं का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

कोच अंजनी कुशवाहा के साथ-साथ आद्विका चौरसिया, श्रुति श्रीवास्तव, नफीसा नवाज, वृद्धि कश्यप, सुजैन नवाज, प्रीत मिश्रा, अव्याना सिंह, सिद्धि ऋषिता चतुर्वेदी, सांविका, अजान खान, समायरा, आयमान के. काकोर, शिवाय पाठक, शाहजैब नवाज, हैदर नवाज, गोत्रा देशपांडे, आश्चर्य खरे, राघवन श्रीवास्तव, निखिल यादव, एशन राज सिंह और निर्मल तंवर भाटी समेत कई खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

जलमूल्य पर टकराव: जलकल ने एलडीए से मांगा हिस्सा

● शासनादेश के तहत जलकल विभाग ने मांगी हिस्सेदारी

लखनऊ। जलकल विभाग और एलडीए के बीच राजस्व हिस्सेदारी को लेकर नया मुद्दा सामने आया है। जलकल विभाग ने एलडीए से उन इलाकों में पास होने वाले मानचित्रों के शुल्क में अपना हिस्सा मांगा है, जहां पेयजल आपूर्ति उसकी ओर से की जा रही है। जलकल विभाग के महाप्रबंधक ने इस संबंध में एलडीए को पत्र भेजकर पुराने शासनादेश का हवाला दिया है। पत्र में कहा गया है कि जिन इलाकों में एलडीए की पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, वहां मानचित्र पास करते समय वसूला जाने वाला जल मूल्य जलकल विभाग को प्राप्त होना चाहिए। इसी आधार पर जलकल विभाग ने अब संबंधित क्षेत्रों में मानचित्र शुल्क में हिस्सेदारी की मांग उठाई है। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर एलडीए और जलकल विभाग के बीच समन्वय के बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह का कहना है कि शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति जलकल विभाग की ओर से की जाती है। इन क्षेत्रों में स्थापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवर हेड टैंक (पानी की टंकी), भूमिगत जलाशय, राइजिंग मेन पाइप लाइन, फीडर मेन पाइप लाइन, वितरण प्रणाली आदि के रखरखाव और संचालन का कार्य जलकल विभाग अपने खर्च पर करता है लेकिन ऐसे में इलाकों में मानचित्र पास करने पर जलमूल्य जलकल विभाग वसूल रहा है। जबकि, ऐसे इलाकों से उसे नहीं लेना चाहिए क्योंकि प्रदेश सरकार की ओर से 24 अगस्त 1996 को जारी शासनादेश में यह साफ किया गया है कि यदि एलडीए ने ऐसे इलाकों से जलमूल्य वसूल किया है तो वह उसे जलकल को वापस दे। इसको लेकर चार महीने पहले सचिव को पत्र लिखा गया था। फिर भी अभी तक जलमूल्य वापस नहीं किया गया। महापौर की ओर से भी उस समय पत्र लिखा गया था मगर एलडीए की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में अब फिर से एलडीए सचिव को पत्र भेजा गया है।

जीएम का कहना है कि शासनादेश में भी स्पष्ट किया गया है कि जहां पर जलकल की पेयजल आपूर्ति है और जलकल ही उसके रखरखाव पर पैसा खर्च कर रहा है तो फिर वहां पर मानचित्र पास किए जाने पर जलमूल्य भी जलकल विभाग को ही मिलना चाहिए।

खाता फ्रीज करने के मामले में इंडियनओवरसीज बैंक पर लगा हर्जाना

● बैंक ने स्वयं को जांच एजेंसी मान खाते पर लगायी रोक

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बैंक खातों कोमनमाने ढंग से फ्रीज करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बैंक एक ट्रस्टी केरूप में कार्य करता है, न कि निगाह रखने वालीजांच एजेंसी के रूप में। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने एक खाते को बिना किसी उचितकारण के फ्रीज करने पर, इंडियन ओवरसीज बैंक पर 50 हजार रुपये का हजार्ना लगाया है जोखाताधारक को चार सप्ताह में देना होगा। यह निर्णय न्यायमूर्ति शेखर बी.सराफ व न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने मेसर्स एसए इंटरप्राइजेज की याचिका को मंजूर करते हुए पारितकिया।

याची फर्म की ओर से दलील दी गई कि फार्म मछली पालन की मशीनरी का व्यवसाय करतीहै, उसकेबैंक खाते में 16 जनवरी 2026 को 23 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से जमा हुए थे। लेकिन बैंक ने इस आधार पर खाता फ्रीज कर दिया किखाता खोलते समय याची फर्म ने अपनी वार्षिक आय सिर्फ 5.76 लाख रुपये बताई थी तो इससे अधिक की राशिउसके खाते में कैसे जमा हो गई। वहीं बैंक की ओर से दलील दी गई कि यह एक संदिग्धलेनदेन था और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों के तहत उसने यहकार्रवाई की है।

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि वर्तमानमामले में बैंक खाता किसी साइबर अपराध के कारण, जैसा कि इन दिनों प्रचलित है, फ्रीज नहीं किया गया है, बल्कि इस कारण फ्रीज किया गया है क्योंकिसंबंधित बैंक स्वयं एक जांच एजेंसी में परिवर्तित हो गया है। न्यायालय ने कहा कि बैंकखुद को जांच एजेंसी मानकर यह तय नहीं कर सकता कि पैसा कहां से आया, जब तक कि पुलिस, ईडी या सीबीआई जैसी संस्थाओं सेकोई औपचारिक आदेश न मिले।

न्यायालय ने कहा कि हम यह उल्लेख करने के लिए बाध्य हैं कि इन दिनों बैंकखातों को फ्रीज करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, वर्तमान मामले में यहनिर्विवाद है कि बैंक द्वारा याची के खाते को बिना किसी उचित कारण के फ्रीज कियागया। आगे कहा कि इस प्रकार की मनमानी कार्रवाई का प्रत्यक्ष प्रभाव में खाताधारक केदैनिक व्यावसायिक कार्य बाधित होते हैं, जिससे उसकी व्यावसायिकप्रतिष्ठा तथा आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

25 साल पुराने उसरी चट्टी हत्यांकाड के अभियुक्त को जमानत

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उसरी चट्टी गाजीपुर हत्यांकाड में मुख्तार अंसारी के रिश्तेदार व मामले के अभियुक्त गौस मोहिउद्दीन अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पारित किया है। मामला 2001 का है है जिसमें मुख्तार अंसारी के काफिले पर बृजेश सिंह गैंग ने बड़े पैमाने पर कथित हमला किया था जिसमें कई लोगों की मौत हो गयी थी, इस घटना में बृजेश के साथ कथित रूप से घटना में शामिल मनोज राय की भी मौत हो गयी थी। अभियुक्त की ओर से दलील दी गई कि 22 वर्ष बाद मनोज राय के पिता ने वर्ष 2023 में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने पर मुख्तार अंसारी व अन्य के खिलाफ 2001 की घटना की प्राथमिकी लिखाते हुए आरोप लगाया कि मनोज राय को बिहार के बक्सर से उठा कर मुख्तार के गुर्गों ने उसकी हत्या करके उसे उसरी चट्टी गाजीपुर हत्यांकाड में मरना बता दिया था। हालांकि न्यायालय ने पाया कि घटना की 22 साल बाद दूसरी एफआईआर दर्ज होना, यथोचित नहीं प्रतीत होता, साथ ही मामले के अन्य अभियुक्तों की भी जमानत हो चुकी है।

केजीएमयू के डा. दर्शन बजाज को तीन फेलोशिप मिली

लखनऊ। केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. दर्शन बजाज को मेडिकल साइंस में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। उन्हें अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन्स की ओर से एफसीसीपी, इंडियन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन्स की ओर से एफआईसीसीपी और इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन की ओर से एफआईएसीएम फेलोशिप मिल गई है। डॉ. बजाज को यह सम्मान रेस्पीरेटरी मेडिसिन में उच्चस्तरीय शोध, बेहतर क्लिनिकल कार्य और मरीजों के उत्कृष्ट उपचार के लिए दिया गया है। उन्हें इस वर्ष अक्तूबर में अमेरिका के एरिजोना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा।

ट्रामा सेन्टर में रेजिडेंट डाक्टरों की कमी

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को कैजुअल्टी में छह रेजिडेंट और आठ नर्सिंग स्टाफ तैनात थे। मरीजों के दबाव के मुकाबले रेजिडेंट व नर्सिंग स्टाफ काफी कम है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। समय पर इलाज मुहैया कराने में अड़चन आ रही है। यहां 80 से ज्यादा मरीज छह रेजिडेंट डॉक्टरों के भरोसे रहते हैं। इसकी वजह से मरीजों को इलाज मिलने में अड़चन आ रही है। ट्रॉमा सेंटर में 400 बेड हैं। प्रतिदिन 200 से 250 मरीज इमरजेंसी में आते हैं। सबसे पहले पंजीकरण के बाद मरीज को कैजुअल्टी वार्ड में भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जाता है। प्राथमिक इलाज के बाद मरीज को संबंधित विभाग में शिफ्ट कराया जाता है। कैजुअल्टी में करीब 42 बेड हैं। बेड भरे रहने की दशा में स्ट्रेचर पर मरीजों को भर्ती किया जाता है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मेदांता में भर्ती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। श्री राय राजधानी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, उन्हें आनन-फानन में मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां इमरजेंसी में डाक्टरों की टीम ने उनका इलाज शुरू किया। इसके बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान अचानक उन्हें सीने में भारीपन के साथ तेज दर्द और घबराहट की शिकायत हुई। उन्होंने साथ में मौजूद लोगों से कहा कि स्वास्थ्य ठीक नहीं घर चलो। जैसे ही वहां से अजय राय निकले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें मेदांता अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज शुरू हुआ। मेदांता के निदेशक डा. राकेश कपूर ने बताया कि बेहोश होने पर अजय राय को यहां लया गया था, इमरजेंसी में तत्काल इलाज शुरू किया गया, जांच में सोडियम का स्तर ठीक नहीं था लेकिन अब घबराने की कोई बात नहीं है, उनको होश आ गये हैं।

एसकेडी एकेडमी में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी बुद्ध पूर्णिमा

लखनऊ। बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व एसकेडी एकेडमी एवं एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल की सभी शाखाओं में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर का उद्देश्य भगवान बुद्ध के शांति, करुणा, अहिंसा एवं सदाचार के संदेशों को विद्यार्थियों तक पहुँचाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी शाखाओं में विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध के जीवन एवं उनके उपदेशों पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए, प्रार्थनाएं कीं तथा प्रेरणादायक लघु नाटिकाओं का मंचन किया। विद्यालय परिसर शांति, सौहार्द एवं सद्भावना के संदेशों से गूंज उठा, जिससे विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिली। शिक्षकों ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सत्य, सजगता (माइंडफुलनेस) और सहानुभूति जैसे गुणों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों की विषय के प्रति समझ और गहरी हो सके। इस अवसर पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने अपने संदेश में कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आइए हम भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा और करुणा के संदेश को याद करें और उन्हें अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। आज के तेज-तर्रार और तनावपूर्ण समय में उनके धैर्य, समरसता और आत्म-अनुशासन के सिद्धांत हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। एसकेडी में हम न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि छात्रों में मजबूत नैतिक मूल्यों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

श्रमिकों के परिश्रम से ही दुग्ध क्षेत्र को मिल रही नयी ऊंचाइयां

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां प्रादेशिक कोऑपरेटिव मिल्क यूनियन के चक गंजरिया स्थित पराग फैक्ट्री में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की आधारशिला हमारे श्रमिक ही हैं। बिना श्रमिकों के कोई भी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ नहीं सकती। इस अवसर पर उन्होंने फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिकों को सम्मानित किया तथा उनके योगदान की सराहना की। श्री सिंह ने सभी के साथ बैठकर भोजन भी किया और पराग को परिवार की तरह मानकर प्रेम, सद्भाव और उत्साह के साथ कार्य करने की अपील भी श्रमिकों/कर्मचारियों से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक एवं दुग्ध विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम और समर्पण से ही उत्पादन में निरंतर वृद्धि संभव हो पाती है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन क्षमता में और अधिक वृद्धि तथा प्रदेश की दुग्ध उत्पादन व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का दायित्व हम सबका है।

सुएज ने कर्मियों के सम्मान के साथ सुरक्षा और सेवा का संदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में सीवर संचालन एवं रखरखाव का कार्य कर रही कंपनी सुएज ने विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर अपने कर्मियों के सम्मान में विशेष पहल की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने अपनी बात, अपनों के साथ संवाद श्रृंखला की शुरूआत करते हुए कहा कि यह केवल औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि लखनऊ सुएज परिवार के हर सदस्य से दिल से जुड़ने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से वे समय-समय पर अपने विचार एक दूसरे के अनुभव और सीख साझा करेंगे उनका मानना है कि जब सुएज परिवार के सभी सदस्य एकजुट होकर कार्य करेंगे, तो न केवल परियोजनाएं बेहतर होंगी, बल्कि शहर के विकास और स्वच्छता के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। विश्व श्रमिक दिवस विशेष महत्व रखता है, क्योंकि कंपनी के कार्य का मूल आधार उसके मेहनतकश कर्मचारी हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी शहर की एसटीपी, पम्पिंग स्टेशन एवं सीवर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हैं। उनके योगदान से ही नागरिकों को बेहतर स्वच्छता और सुविधाएं मिल पाती है। इस अवसर पर सुएज की ओर से कर्मियों के बीच राशन किट का वितरण भी किया गया, जिससे उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बेसिक शिक्षा मंत्री से मिला शिक्षामित्र प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर शिक्षामित्रों का मूल विद्यालय वापसी प्रक्रिया शीघ्र सम्पन्न कराने का अनुरोध किया गया। मंत्री द्वारा आश्वस्त किया कि वह विभागीय अधिकारियों से बात कर प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की प्रक्रिया प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, तेजभान सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष सोनभद्र अशोक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष लखनऊ हरनाम सिंह, प्रदेश सचिव आनंद यादव सहित कई शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

अब हाउस टैक्स में 8% की मिलेगी छूट

लखनऊ। हाउस टैक्स जमा करने वालों को अब अधिकतम 8% की ही छूट मिलेगी। 31 मई तक ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा करने वालों को 8% तथा ऑफलाइन काउंटर पर टैक्स जमा करने वालों को 6% की छूट मिलेगी। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि 1 जून से 30 जून तक छूट और कम हो जाएगी। 1 जून से 30 जून तक ऑनलाइन टैक्स जमा करने वालों को 5% तथा ऑफलाइन काउंटर पर टैक्स जमा करने वालों को 4% की ही छूट दी जाएगी।

महिला सुरक्षा में बड़ी कामयाबी

1090 ने सुलझायीं 5 करोड़ शिकायतें

● सपा सरकार में लंबित रहते थे मामले अब जल्दी पूरी हो रही है सुनवाई

● सरकार ने 2017 के बाद एंटी रोमियो स्क्वाड से फास्ट ट्रैक कोर्ट तक उठाए कई कदम

लखनऊ। प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले महिला सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा रहा। इससे पहले महिला अपराध के चलते यूपी का नाम देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाया रहता था। वहीं बीते 9 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए बड़े कम उठाए हैं। इससे प्रदेशभर की बहन-बेटियों में सुरक्षा का भाव देखने को मिल रहा है। महिला हेल्पलाइन 1090 के जरिए 5 करोड़ से ज्यादा बहन-बेटियों की शिकायतों का निवारण किया गया है। साथ ही यही से एफआईआर दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई। योगी सरकार में पहली बार महिला पुलिस थानों की स्थापना की गई। हर जिले में कम से कम एक महिला पुलिस थाना संचालित है।

योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में महिला अपराधों पर अंकुश लगना शुरू हुआ। इसके साथ ही अपराधियों में भय देखने को मिल रहा है। योगी सरकार में महिला अपराध से जुड़े मामलों की सुनवाई भी तेजी से की जा रही है, ताकि कोई अपराधी बच न पाए। इस सरकार में महिला सुरक्षा केवल दावा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर दिखने वाला बदलाव भी है। इसके उदाहरण के तौर पर बीट पुलिसिंग, मिशन शक्ति, पिंक बूथ, एंटी रोमियो स्क्वाड, फास्ट ट्रैक कोर्ट जैसे कई अहम प्रयास को देखा जा सकता है। सपा सरकार के 5 वर्षों के शासन में एक भी फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट नहीं बना, जबकि पॉक्सो एक्ट 2012 में ही लागू हो गया था। योगी सरकार में फास्ट ट्रैक कोर्ट और पॉक्सो विशेष न्यायालयों ने महिलाओं और बच्चियों को तेजी से न्याय दिलाया। योगी सरकार के 9 वर्षों में 218 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एफटीएसटी) बनाए गए, जिनके जरिए बलात्कार और पॉक्सो मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। वहीं 75 जिलों में स्थापित पॉक्सो विशेष न्यायालय के जरिए 6 महीने में निर्णय का लक्ष्य रखा गया है। योगी सरकार में 2017 से ऑपरेशन शक्ति के जरिए छेड़छाड़ रोकने के लिए विशेष पुलिस अभियान जारी है। वहीं वर्ष 2020 से मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ा एकीकृत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 40 हजार पुलिसकर्मियों को अपराध रोकने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में जिम्मेदारी संभालते ही छेड़खानी रोकने के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन किया। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2026 तक इन टीमों ने करोड़ों लोगों की चेकिंग की और हजारों की संख्या में मनचलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसी सरकार में पिंक बूथ और आउटपोस्ट की शुरूआत की गई। इसके तहत 2500 से ज्यादा पिंक बूथ बनाए गए। साथ ही पिंक पेट्रोलिंग (दोपहिया और चौपहिया वाहनों से) की शुरूआत की गई। दूसरी तरफ सेफ सिटी प्रोजेक्ट के जरिए लखनऊ समेत कई जिलों को हजारों सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से जोड़ा गया, ताकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन निगरानी भी सुनिश्चित की जा सके। सरकार की मंशा है कि महिलाओं से जुड़े अपराध की सिर्फ रिपोर्ट ही न हो बल्कि उन पर कार्रवाई और सजा भी सुनिश्चित हो। जहां वर्ष 2012 में चार्जशीट दर 58.3 प्रतिशत थी, वो 2022 में बढ़कर 76.2 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसमें लगातार सुधार किया जा रहा है। दोषसिद्धि दर 17.2 प्रतिशत से बढ़कर 27.8 प्रतिशत हो गई। सपा शासन में न्यायालयों में महिलाओं के प्रति अपराधों के औसतन 78 प्रतिशत मामले लंबित रहते थे। योगी सरकार फास्ट ट्रैक और पॉक्सो कोर्ट के माध्यम से इसे 65 प्रतिशत तक ला चुकी है। योगी सरकार में महिलाओं के लिए कई अहम कदम उठाए गए। इससे पीड़िता खुद को दोषी नहीं समझती, बल्कि बिना डरे अपराध के खिलाफ आवाज उठा रही हैं।

अनियमित दिनचर्या के कारण कम उम्र के लोग भी बन रहे गठिया के शिकार

तली-भुनी वस्तुएं व फास्ट फूड से ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा जैसी समस्या में इजाफा

विजयकांत मिश्र

● केजीएमयू में रोबोट की मदद से जॉइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा चार मई से शुरू

लखनऊ। अभी तक 55 साल से अधिक उम्र के लोगों को गठिया का दर्द सताता था। अब 40 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते दो से तीन प्रतिशत मरीजों को घुटना व जोड़ तक बदलवाने पड़ रहे हैं। कम उम्र के लोग भी गठिया की चपेट में आ रहे हैं।

राजधानी के केजीएमयू गठिया रोग विभाग और बलरामपुर अस्पताल के विशेषज्ञों के अनुसार तली-भुनी वस्तुएं व फास्ट फूड से ब्लड प्रेशर, शुगर, मोटापा जैसी समस्या में इजाफा है। ऐसे लोगों में गठिया के पनपने का खतरा दो से तीन गुना ज्यादा है। विटामिन डी व कैल्शियम की कमी भी इसका कारण है। केजीएमयू के गठिया रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन दो सौ से अधिक मरीज पहुंचते हैं, इनमें 20 से 25 फीसदी मरीज ऐसे होते हैं, जिनकी उम्र 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के हैं, इनमें गठिया की पुष्टि की गयी। विभाग के डा. पुनीत कुमार कहते हैं कि युवाओं को भी लाइफस्टाइल बेहतर बनाने पर फोकस करना होगा।

गठिया के लक्षण

- जोड़, अंगुलियां, गर्दन, टखना, पीठ, मांसपेशी और हाथ में दर्द
- शारीरिक गतिविधि में कमी
- चलने-फिरने में परेशानी
- मांसपेशियों में कमजोरी
- अकड़न व जोड़ों में सूजन थकान

बचाव के उपाय

- प्रतिदिन कसरत करें
- ओमेगा-3, कैल्शियम और विटामिन-डी से युक्त भोजन करें

बलरामपुर अस्पताल के आथ्रोपेडिक डा. एपी सिंह बताते हैं कि उनकी ओपीडी में कई मरीज जिनकी उग्र 40 वर्ष से कम थी, उनमें गठिया की पुष्टि की गयी और दवाएं कारगर साबित नहीं हो रही हैं। हालत यह कि नौबत ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट तक पहुंच चुकी थी लेकिन दिनचार्य के अतिरिक्त कम आयु वर्ग में गठिया का एक कारण ऑटो इम्यून से पनपने की आशंका रहती है।

ऑटोइम्यून विकार विकारों का एक समूह है जो असामान्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया द्वारा चिह्नित होता है, जहां प्रतिरक्षा प्रणाली, जो आमतौर पर बैक्टीरिया और वायरस जैसे हानिकारक पदार्थों से शरीर की रक्षा करती है, गलती से इसकी कोशिकाओं और ऊतकों पर हमला करती है। इसके परिणामस्वरूप शरीर में विभिन्न अंगों और प्रणालियों में सूजन और क्षति होती है। दूसरी तरफ उन मरीजों के लिए राहत की खबर है। जिन्हें डाक्टरों ने ज्वाइंट रिप्लेसमेन्ट करने की सलाह दी है, क्योंकि केजीएमयू के ऑथोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में आठ करोड़ रुपये की लागत से रोबोट स्थापित किया जा चुका है और सोमवार से नियमित रोबोट तकनीक से घुटना प्रत्यारोपण शुरू होंगे।

हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार ने कहा कि रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण से ऑपरेशन की सटीकता बढ़ेगी। बेहतर इम्प्लांट पोजिशनिंग होगी। रक्तस्राव कम होगा और रिकवरी जल्दी होगी। प्रत्यारोपण के लिए कई मरीज वेटिंग में हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि केजीएमयू अब यूपी का पहला ऐसा सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां रोबोट की मदद से जॉइंट रिप्लेसमेंट शुरू होगा।

महत्वपूर्ण नंबर

वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

प्रॉपर्टी डीलर ने अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल से कूदकर दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर ने अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। वह क्रिकेट मैच में सट्टा लगाता था। गुरुवार को आईपीएल में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के मैच में वह लाखों रुपए हार गया था। इसके बाद उसने पत्नी को फोन किया, रोते हुए बोला कि बहुत कुछ हार गया हूं। पत्नी ने समझाया, लेकिन वह मैच के दौरान ही अपार्टमेंट की बालकनी से नीचे कूद गया।

घटना गुडंबा थानाक्षेत्र के जनेश्वर अपार्टमेंट की है। मृतक युवक का नाम प्रबल जैन है। वह सीतापुर का रहने वाला था, यहां किराये पर रहता था। 8 महीने पहले उसने लव मैरिज की थी। हादसे के वक्त पत्नी सीतापुर में थी। उसके गिरने की आवाज सुनकर लोग दौड़कर वहां पहुंचे, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने उसे हास्पिटल भेजा जहां डाक्टर में उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें मैच में रुपए हारने की बात लिखी है। पत्नी और परिवार से माफी मांगी है। बैंक स्टेटमेंट और परिवार की शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी। पुलिस ने बताया है कि पत्नी शिवानी ने पूछताछ में बताया है कि वह हमेशा आईपीएल देखते रहते थे। गुरुवार रात में भी वह मैच देख रहे थे। उसी दौरान उन्होंने मुझे फोन किया। वह सिसक कर रो रहे थे। उन्होंने केवल इतना बताया कि मैं बहुत कुछ हार गया हूं। इसके बाद वह कुछ नहीं बोल पाए फिर फोन कट गया। मृतक प्रबल जैन अपनी पत्नी शिवानी के साथ। दोनों ने 8 महीने लव मैरिज की थी।

पढ़ाई के दौरान हुआ प्रेम, फिर की शादी : प्रबल जैन और झारखंड के बोकारो की रहने वाली शिवानी की मुलाकात इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान हुई थी। यहीं दोनों के बीच प्रेम संबंध बना और बाद में उन्होंने विवाह कर लिया। इन्क्लेव के निवासियों के मुताबिक, दोनों पिछले साल दिवाली के समय यहां रहने आए थे और लोगों से ज्यादा मेलजोल नहीं रखते थे। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता ने भी कुछ समय पहले आत्महत्या की थी। उनकी मां का भी निधन हो चुका है।

स्कूल के चपरासी ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ । ठाकुरगंज क्षेत्र युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक एक स्कूल में चपरासी का काम करता था। शुक्रवार को बहन की चौथी लेने जाना था। इसके पहले उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित नेपियर रोड मुफ्तीगंज निवासी आयुष कश्यप (22) ने फांसी लगाकर जान दे दी। आयुष, जुगल किशोर कश्यप का पुत्र था। वह गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज में चपरासी की नौकरी करता था। पिता की आंखों की रोशनी कम होने के कारण वह उनकी जगह काम कर रहा था। जीजा आकाश कश्यप के अनुसार गुरुवार शाम वह परिवार के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था।

इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। रात करीब 2 बजे उसने फांसी लगा ली। छोटी बहन किसी काम से कमरे में पहुंची तो वह एंगल से रस्सी के फंदे से लटका मिला। यह देख बहन चीख पड़ी। परिजन उसे फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बताते हैं कि दो दिन पहले 28 अप्रैल को आयुष ने अपनी बहन नैंसी की शादी कराई थी। शुक्रवार सुबह उसे चौथी लेने जाना था, जिसकी तैयारी घर में चल रही थी। घर में खुशी का माहौल था। आयुष भी काफी खुश था। अचानक से हुई घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया।

फांसी लगाने की वजह का पता नहीं चल पाया है। आयुष तीन बहनों में इकलौता भाई था। मामले में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिकायत के आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

पुलिस हेड क्वार्टर में बाबू के पद पर तैनात पुलिसकर्मी ने किया सुसाइड

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में शुक्रवार को एक कमरे में पुलिस हेड क्वार्टर में बाबू के पद पर तैनात पुलिसकर्मी का दो दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में कमरे का दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। शव की जांच के बाद पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक मूल रूप से - म०नं0-681/58, तामेश्वर मंदिर के पास, तामेश्वर नगर, थाना कोतवाली जिला फतेहपुर के रहने वाले सतेंद्र वर्मा (34) सुशान्त गोल्फ सिटी के अहिमामऊ गांव में किराए पर रह कर पुलिस मुख्यालय में अरक्ट विभाग में बाबू की पोस्ट पर नौकरी करता था। मृतक ने यह नौकरी दो वर्ष पूर्व हाईकोर्ट की नौकरी छोड़ने के बाद शुरू की थी।

मृतक भाई के भाई देवेंद्र वर्मा ने बताया कि वह नौकरी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसने बताया कि दो दिन से उसका फोन नहीं उठ रहा था, तभी उसके दोस्त ने फोन न उठने की जानकारी दी। जिसके बाद कई बार फोन मिलाया गया कोई रिस्पांस न होने पर कमरे पर आकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन नही खुला तो पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला। माँ सुखरानी ने बताया कि सन् 2023 में ए०एस०आई० (एम) के पद पर 25 मार्च 2024 को पासिंग आउट के बाद बेटे सतेन्द्र कुमार की पुलिस मुख्यालय लखनऊ में नियुक्ति हुई थी, जिसका पी०एन०ओ० नं0-234102235 है। उन्होंने बताया कि लगभग ढेड साल पूर्व इस्टाग्राम के जरिये वैदिक मिश्रा नाम की लड़की से मुलाकात हुई थी। दोनों ने शुरूआत में शादी करना चाहते थे, लेकिन वैदिका के भाई व पिता इस शादी के लिए राजी नहीं थे, जिससे वह अपने पिता व भाई के कहने पर शादी करने से मुकर गई और बाद में वैदिका द्वारा मेरे पुत्र से रुपयों की मांग की जाने लगी। वैदिका के भाई व पिता को रुपए न दिये जाने पर उनके द्वारा मेरे पुत्र सतेन्द्र को जान से मारने की धमकी दी जाने लगी थी। उन्होंने बताया कि इंस्टाग्राम पर लड़की से प्यार की वजह को आत्महत्या का कारण मानते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कोर्ट ने राज्य सरकार पर ठोंका दस लाख का हर्जाना

- गिरफ्तारी में नियमों की अनदेखी पर हाईकोर्ट सख्त
- कहा कि सरकार जिम्मेदार अफसर से कर सकती है इसकी वसूली

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक महत्वपूर्ण फैसले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अवैध गिरफ्तारी के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार पर 10 लाख रुपये का हजार्ना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि इस रकम के बाद में सरकार जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल सकती है।

यह फैसला न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण के मंजूर करते हुए यह आदेश पारित किया है। कोर्ट ने कहा कि आदेश के बावजूद अपर मुख्य सचिव गृह ने अपने हलफनामें में इस बात का कोई कारण नहीं बताया कि क्यों न याची के तीन माह से अवैध निरू द्धि में रखने के कारण राज्य सरकार पर हजार्ना लगाया जाये। कोर्ट ने इस पर सरकार पर तंज कसते हुए कि जब यह हाल गृह विभाग के इतने बड़े अफसर का है तो वह समझ सकता है कि प्रदेष के अन्य अफसर किस प्रकार काम कर रहे हैं। मामले में याची मनोज कुमार को 27 जनवरी 2026 को उन्नाव जिले के असिवन थाने में दर्ज एक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। याची का आरोप था कि गिरफ्तारी के समय उसे कारणों की जानकारी नहीं दी गई, जो संविधान के अनुच्छेद 21 व 22(1) का उल्लंघन है। सुनवायी के बाद कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य व डॉ. राजिंदर राजन बनाम भारत संघ का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के कारणों को लिखित रूप में बताना अनिवार्य संवैधानिक दायित्व है। केवल केस क्राइम नंबर बताना पर्याप्त नहीं है। पीठ ने पाया कि गिरफ्तारी प्रक्रिया में गंभीर खामियां अतः मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया रिमांड आदेश भी अवैध गिरफ्तारी पर आधारित होने के कारण निरस्त कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि याची को तीन माह से अधिक समय तक अवैध रूप से जेल में रखा गया, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है। इस पर राज्य सरकार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया गया है, जिसे बाद में जिम्मेदार अधिकारियों से वसूला जा सकता है। साथ ही, कोर्ट ने याची की तत्काल रिहाई का निर्देश दिया, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में वांछित न हो।

सड़क हादसे में दी तहरीर

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव के पास गत 24 अप्रैल को ई रिक्शा चालक की गलती से पेड़ से टकराकर खाई में पलट गया था, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें ट्रामा सेंटर भेजा गया था, जिसमें अब तक 55 वर्षीय महिला सहित तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसी क्रम में हरदोई के अतरौली थाना क्षेत्र के सरवा गांव निवासी गंगा ने माल थाने पर तहरीर दी है कि उसकी पत्नी गंगा देई की बीती 24अप्रैल को ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी थी। वहीं गंगा का पैंतीस वर्षीय बेटा राजपाल का दायां पैर और बायां हाथ फैक्चर हो गया था, जिसका उपचार संडीला के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बताते चलें कि चारों घायलों में से तीन की मौत हो चुकी है। इनमें सरवा निवासी गंगा देई के अलावा आंटगढ़ी सौंरा गांव निवासी राममिलन और अतरौली के अलीपुर गांव निवासी बैजू (75) की उपचार के दौरान मौत हो चुकी है।

ढुबई जा रहे यात्री के बैग से निकला 312 बोर का तमंचा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह दुबई जा रहे एक यात्री के बैग से .312 बोर का तमंचा बरामद हुआ। सीआईएसएफ ने लेवल-4 स्क्रीनिंग के दौरान आरोपी के बैग से तमंचा पकड़ा है।

राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय (अमौसी) एयरपोर्ट पर शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के बैग से अवैध असलहा बरामद हुआ। यात्री तमंचा लेकर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से दुबई जाने की फिराक में था। सीआईएसएफ के जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया और उसे सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार गोंडा जिले के मनकापुर, चांदपुर लखपत राय निवासी महेश चौहान (22) पुत्र स्व. घनश्याम चौहान शुक्रवार तड़के एयरपोर्ट पहुंचा था। उसे सुबह 05:45 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (क-193) से दुबई के लिए उड़ान भरनी थी। आरोपी यात्री अपना लगेज बैग चेक-इन काउंटर पर बुक कराने पहुंचा। जब बैग को 'लेवल-4' की अत्याधुनिक स्क्रीनिंग मशीन से गुजारा गया, तो सुरक्षाकर्मियों को मॉनिटर पर एक संदिग्ध धातु की आकृति दिखाई दी। शक होने पर सीआईएसएफ कर्मियों ने महेश को रोक लिया और अधिकारियों की मौजूदगी में उसके बैग की मैन्युअल तलाशी ली गई।

बैग खुलते ही सुरक्षाकर्मी दंग रह गए। कपड़ों के बीच छिपाकर रखा गया .312 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के हाई-सिक्योरिटी जोन में अवैध हथियार मिलने से वहां मौजूद यात्रियों और स्टाफ में खलबली मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सरोजनीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। शुरूआती पूछताछ में महेश ने बताया कि वह रोजगार की तलाश में दुबई जा रहा था। हालांकि, जब पुलिस ने बैग में तमंचा होने की वजह पूछी, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। वह बार-बार अपना बयान बदलता रहा था, जिससे पुलिस का शक गहरा गया है। एयरपोर्ट के बाहर से लेकर टर्मिनल के अंदर तक इतनी सुरक्षा परतों के बावजूद एक युवक अवैध हथियार के साथ चेक-इन काउंटर तक कैसे पहुंच गया, यह एक बड़ा सवाल है। सरोजनीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

सरोजनीनगर व बंथरा पुलिस क्षेत्र में चलाया जागरूकता अभियान

लखनऊ। मिशन शक्ति अभियान के तहत सरोजनीनगर और बंथरा थाने की पुलिस टीमों ने शुक्रवार को क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, छात्राओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। सरोजनीनगर थाना पुलिस ने हाइडिल तिराहा गौरी के आसपास और बंथरा थाना पुलिस ने दरियापुर क्षेत्र में यह अभियान चलाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा, यातायात नियमों, साइबर अपराध से बचाव तथा विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन) समेत अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। सरोजनीनगर थाना की महिला उप-निरीक्षक साधाना देवी, उप-निरीक्षक यशवंत सिंह और महिला कांस्टेबल सविता ने हाइडिल क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया। वहीं बंथरा थाना की महिला उप-निरीक्षक गुलाब कली, उप-निरीक्षक नेहा यादव, उप-निरीक्षक रमेश चंद और महिला कांस्टेबल राम गुड़िया ने दरियापुर में अभियान चलाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाना है। इसके तहत घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण और साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर लोगों को जानकारी दी जाती है। अभियान के दौरान ह्यपिंक बूथह्न की भूमिका को भी रेखांकित किया गया, जो महिलाओं को सुरक्षित वातावरण और त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की।

तिलक समारोह में फायरिंग करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में एक तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले दो अभियुक्तो को पुलिस ने गिराफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 30 अप्रैल 2026 को पुर्नवासी निवासी ग्राम रसूलपुर आसिक अली कोतवाली गोसाइंगंज लखनऊ ने तिलक समारोह मे पीड़ित के पुत्र सुजीत कुमार (16) के साथ गाली गलौज करने उसके मना करने पर राइफल से जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के दौरान पीड़ित के बेटे सुजीत के दाहिने पैर के घुटने के नीचे गोली लग जाने व घायल हो जाने व जाते - जाते जान से मार देने की धमकी देने के सम्बन्ध में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर बन्टी निवासी कटरा बक्कास थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ व दीपक मिश्रा को विनायक सिटी गंगागंज से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें जेल भेज दिया गया।

घं टाघर के पास किन्नर के दो गुटों में मारपीट

लखनऊ। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित घंटाघर के ठीक सामने गुरुवार रात किन्नरों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। हैरत की बात है कि करीब आधा घंटा चली इस मारपीट के दौरान ठाकुरगंज पुलिस नदारद रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक काफी देर तक बीच सड़क हंगामा चलता रहा, जिससे आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पर घटना के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद नहीं थी, जिससे स्थिति और बिगड़ती गई। झगड़े और हंगामे के बीच वर्दी काफी देर बाद मौके पर पहुंची, जब पिक्चर खत्म हो गई। खानापूर्ति के तौर पर घायल किन्नर को अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा बैटरी रिक्शा बुलाया और इस दौरान वीडियो बनवाकर खानापूर्ति की और हास्पिटल भेज दिया। इस मारपीट में कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

दुकानदार और उसकी पत्नी के साथ मारपीट

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव में परचून की दुकान पर बैठे दुकानदार और उसकी पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में कमलापुर निवासी रामखेलावन ने गांव के ही विवेक, सौरभ और कोमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामखेलावन के मुताबिक बीती 4 मार्च को रात करीब 8:30 बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के विवेक, सौरभ और कोमल ने उसे सामान देने के लिए आवाज लगाई। आरोप है कि मना करने पर आरोपी उसकी दुकान पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से रामखेलावन व उसकी पत्नी बिट्टो को पीट दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मकान बेचने का झांसा, जालसाजों ने व्यवसायी से 1.25 करोड़ ठगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मकान बेचने का झांसा जालसाजों ने व्यवसायी से 1.25 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। रजिस्ट्री में टालमटोल देख पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने असलहे के बल पर घर में घुसकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-20 निवासी महेश कुमार मौर्य ने बताया कि कुछ समय पहले लक्ष्मी तिवारी ने संपर्क किया। बताया कि एक मकान भरवारा खरगापुर व दूसरा कलवारी बस्ती में है। जिसे वह बेचना चाहती हैं। बातचीत के बाद लक्ष्मी ने दोनों मकान दिखाए। पसंद आने पर सौदा 1.25 करोड़ रुपये में तय हुआ। जाल में फंसे महेश ने यूपीआई, आरटीजीएस व नकद के माध्यम से रुपये अदा दिए। रुपये देने के बाद पीड़ित ने रजिस्ट्री के लिए संपर्क किया तो लक्ष्मी ने टालमटोल शुरू कर दी।

परेशान होकर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि 29 अप्रैल को लक्ष्मी तिवारी, परवेज आलम उनके घर आए और झगड़ा करने लगे। विवाद के बीच ही लक्ष्मी ने कॉल कर कुछ लोगों को बुलाया। थार जीप से हसन हुसैन, शिवसागर समेत पांच असलहाधारी घर पहुंचे। धमकाते हुए महेश पर हमला कर दिया। जिसमें वे घायल हो गए। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। तहरीर के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने लक्ष्मी तिवारी, परवेज आलम, हसन हुसैन, शिवसागर व थार सवार अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज, धमकी व हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर हड़पे लाखों

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में हजरतगंज के राणा प्रताप मार्ग निवासी अमित कुमार गुप्ता ने निराला नगर निवासी मुकेश जिंदल और भव्य जिंदल पर फर्जी रजिस्ट्री कर जमीन हड़पने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत डीसीपी दक्षिणी से की। अमित कुमार गुप्ता के मुताबिक उन्होंने वर्ष 2013 में एलडीआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक मुकेश कुमार जिंदल से बंथरा के मेमौरा में करीब 18,200 वर्गफीट जमीन खरीदी थी, जिस पर फार्म हाउस और होटल का निर्माण कराया। आरोप है कि वर्ष 2023 में जिंदल ने 90 लाख रुपये के सौदे में खसरा संख्या-109 की 24,000 वर्गफीट जमीन की रजिस्ट्री करा दी। जबकि उक्त जमीन न तो उनके कब्जे में थी और न ही विवादमुक्त। पीड़ित का कहना है कि जब वह जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तो एयरफोर्स क्षेत्र से जुड़े होने के कारण उन्हें भगा दिया गया और निर्माण पर प्रतिबंध की जानकारी दी गई। इसके बाद कई बार शिकायत करने पर आरोपी ने दूसरी जमीन देने का आश्वासन दिया लेकिन अब तक न तो रजिस्ट्री दुरुस्त की गई और न ही कोई वैकल्पिक जमीन दी गई। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी और उसके बेट ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही दिए गए कई चेक भी बाउंस हो चुके हैं, जिस पर न्यायालय में वाद लंबित है। फिलहाल डीसीपी के आदेश पर बंथरा पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झांसा देकर युवती समेत दो से ठगे 13.82 लाख

लखनऊ। साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम पर जोड़कर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर युवती समेत दो से 13.82 लाख रुपये ऐंठ लिए। जालसाजों ने गूगल पर रिव्यू के टॉस्क का झांसा दिया और रुपये ठगे। साइबर ठगी के यह मामले चौक व अलीगंज के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। चौक निवासी शिवानी जायसवाल ने बताया कि 21 अप्रैल को व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करने पर उन्हें टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़ा गया। संपर्क करने पर जालसाज ने गूगल मैप पर रेस्टोरेंट रिव्यू का काम बताया गया। शुरूआत में 20 बार रिव्यू का टॉस्क देकर दो सौ रुपये दिए गए। उसके बाद 22 अप्रैल को नए टॉस्क बताकर क्यूआर के माध्यम से रुपये लिए। फिर अकाउंट फ्रीज, ट्रेडिंग एरर का झांसा देकर कई बार में 10.88 लाख रुपये जमा करा लिए। डीमैट अकाउंट में मुनाफा दिखाकर और मांग की गयी। शक होने पर पीड़िता ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। शिवानी ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद चौक कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं, अलीगंज के सेक्टर-के निवासी गोपाल राज ने बताया कि टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया गया। उसके बाद जालसाज ने कई बार में 2,94,530 रुपये जमा करा लिए। मांग बढ़ने पर पीड़ित ने जानकारी की तो ठगी का पता चला। गोपाल राज ने अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सैन्य अधिकारी के मकान में चोरी

लखनऊ। शाहखर्ची के लिए सैन्य अधिकारी के मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का कैंट पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 11.88 लाख रुपये, जेवर, सूर्या आफिसर्स का मेंबर्स कार्ड और चोरी में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस वारदात में शामिल दो आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि कैंट के ओल्ड विक्टोरिया लाइन निवासी नायब सूबेदार रणजीत सिंह ने 15 अप्रैल को कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि अटल रोड निवासी सैन्य अधिकारी शुभम सलूजा के मकान में साफ-सफाई करने वाले आदित्य ने मकान में चोरी की सूचना दी थी। रणजीत सिंह ने शहर से बाहर गए सैन्य अधिकारी शुभम को वीडियो कॉल कर मकान की हालत दिखाई थी। रिपोर्ट दर्ज कर कैंट एसओ गुरप्रीत कौर ने छानबीन शुरू की। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाली तो पांच चोर कैद मिले। फुटेज की मदद से पुलिस व सर्विलांस टीम ने जांच शुरू की। पड़ताल के दौरान पुलिस ने लोको तिराहे के पास से स्कूटी सवार तीन आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आदिल कुरैशी निवासी आजाद मोहाल सदर कैंट, सूरज सरोज निवासी पुराना किला शहीद नगर हुसैनगंज व सोहेल निवासी पुराना किला हुसैनगंज बताया।

भाई-भाभी पर लाठी-डंडों से हमला

लखनऊ। नगराम क्षेत्र के अनैया खरगापुर गांव में पारिवारिक विवाद ने उस वक्त उग्र रूप ले लिया, जब सगे भाई ने अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मिलकर भाई-भाभी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई और रिश्तों की मयार्दा सवालों के घेरे में आ गई। नगराम के अनैया खरगा पुर गांव निवासी रमेश चंद्र ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार देर रात वह अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान उसका भाई राजकुमार किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर राजकुमार ने अपनी पत्नी राजकुमारी, लड़के गोलू और पुत्री मनीषा के साथ मिलकर उस पर हमला बोल दिया। चारों ने मिलकर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

हंगामे के बीच जब उसकी पत्नी पिंकी बीच-बचाव के लिए आगे आई, तो हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा और बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पिंकी चोटों के चलते मौके पर ही बेहोश हो गई। कार्यवाहक थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सहदेव कुमार को सौंपी गई है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

युवती को घर में घुसकर दी धमकी: बिजनौर थाना क्षेत्र में एक युवती के घर में घुसकर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में बिजनौर के पटवारी मोहल्ला निवासी महिला शिफा खान ने बिजनौर में रहने वाले इशरत, अरजू, फुजैल, सावेज रिजवान, जावेज और चार अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक गुरुवार दोपहर उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे और वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान इशरत, उसके बेटे अरजू और फुजैल सहित सावेज, रिजवान, जावेज व चार अन्य अज्ञात लोग घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। घटना से सहमी युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

संदिग्ध हालात में आशा की मौत पर मुख्यमंत्री से की जांच की मांग

मृतका के भाई ने कहा पुलिस नहीं दर्ज कर रही रिपोर्ट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर क्षेत्र में 24 अप्रैल को संदिग्ध हालात में आशा जायसवाल की मौत के मामले में पीड़ित भाई गौाव जायसवाल ने मुख्यमंत्री को शिकायत कर पूरे मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि बहन की हत्या कर फंदे से लटकाया गया है। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। पुलिस जो सुसाइड नोट मौके पर मिला बता रही है, उसकी लेखनी मृतका की नहीं है। इस मामले की जांच हो नी चाहिए। एल-6/62 सेक्टर एल ओगंज निवासी गौरव जायसवाल का कहना है कि उनकी बहन आशा जायसवाल का विवाह 12 मार्च 2019 को न्यू शुभम सिटी पंडित खेड़ा थाना कृष्णानगर के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से पति विनीत जायसवाल, जेठ शैलेन्द्र जायसवाल, अनुरंजन जायसवाल, अरविंद जायसवाल, जेठनियां वर्षा जायसवाल व अंजली जायसवाल उसे कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करती थीं। बाद में आशा को बेटा हुआ तो जेठ शैलेन्द्र व पूनम उससे बेटा उन्हें देने के लिए दबाव बनाने लेग। उनका संन्तान नहीं हो रही थी। आशा ने उन्हें मना कर दिया था, जिसे लेकर पति से तनाव बना रहता था। गौरव का कहना है कि 24 अप्रैल को उसके बहनोई विनीत का फोन आया कि लोकबन्धु अस्पताल आ जाओ, आशा की हालत खराब है। वह गया तो आशा मृत मिली। उसके शरीर व चेहरे पर काले-नीले धब्बे थे जो पिटाई के थे। बहनोई विनीत ने कहा कि तुम्हारी बहन की हत्या कर फंदे से लटका दिया है। हमारी पुलिस व राजनीति में बहुत पहुंच है। तुम हमारा कुछ नहीं कर सकते। इस पर उसने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट देखा तो आशा की राइटिंग नहीं थी। वह पत्र बनाया गया था, जिसमें एक विदेशी नम्बर पर बात होने की बात लिखी थी। मामला संदिग्ध है। इस पूरे मामले की जांच कर पीड़ित को न्याय मिले।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई- निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र0सं0 1 :- ई-निविदा संख्याः CPM-GS-IZN-2026-02, कार्य का नामः

लोग थिएटर के बजाय मोबाइल पर कंटेंट देखना पसंद कर रहे हैं : सोनिया बंसल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोनिया बंसल जो बिग बॉस से सुर्खियों में आई थीं, अब अपनी आने वाली फिल्म 'द लास्ट ब्रीथ' के साथ अपनी क्रिएटिव जर्नी में एक नया और बड़ा कदम उठाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी इस फिल्म, करियर के अनुभव, प्रकृति और क्लाइमेट से जुड़े मुद्दों, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव और अपने को-एक्टर शिव ठाकरे के साथ काम करने के अनुभव पर खुलकर बात की।

आपकी नयी फिल्म 'द लास्ट ब्रीथ' के बारे में बताइए. यह किस विषय पर आधारित है ?

यह फिल्म क्लाइमेट पर आधारित है. आज के समय में पेड़ों को काटना, फैक्ट्री लगाना बहुत आम हो गया है, लेकिन उसका असर प्रकृति पर कितना पड़ रहा है, यह कोई नहीं सोचता। हमारी फिल्म मुंबई से जुड़ी एक सच्चाई दिखाती है, जहां एक आदिवासी ने पूरे जंगल को कटने से बचाने की कोशिश की. यह कहानी उसी संघर्ष पर आधारित है।

इस फिल्म का आइडिया और स्क्रिप्ट कब और कैसे तैयार हुई ?

हम पहले कुछ और बना रहे थे, लेकिन फिर हमारे प्रोड्यूसर और डायरेक्टर ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल के लिए कुछ खास करना है, तब मैंने क्लाइमेट पर एक कहानी लिखी. बाद में उसमें कुछ बदलाव किए गए और उसे नए तरीके से डेवलप किया गया।

क्या आपको प्रकृति और क्लाइमेट से जुड़ी चीजों में खास दिलचस्पी है ?

बिल्कुल. आज क्लाइमेट बहुत खराब हो चुका है, चाहे मुंबई हो या दिल्ली, लोग सिर्फ डेवलपमेंट की बात करते हैं, लेकिन यह नहीं सोचते कि उसके साथ हमने प्रकृति को कितना नुकसान पहुंचाया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है, आने वाले समय में यह और खतरनाक हो सकता है—ग्लेशियर पिघलेंगे, समुद्र का स्तर बढ़ेगा. यह बहुत गंभीर मुद्दा है।

क्या आपको लगता है कि आपकी फिल्म लोगों को जागरूक करेगी ?

समय तो काफी निकल चुका है, लेकिन अगर अब भी लोग जाग जाएं तो शायद कुछ सुधार हो सके। कम से कम पेड़ लगाना शुरू करें, लेकिन आजकल लोग सिर्फ लग्जरी चाहते हैं, प्रकृति को बचाने के बारे में कम सोचते हैं।

फिल्मों के अलावा क्या आप ओटीटी पर भी काम करना चाहेंगी ?

हां, ओटीटी आज का बहुत मजबूत प्लेटफॉर्म है. लोग थिएटर जाने से ज्यादा मोबाइल पर कंटेंट देखना पसंद कर रहे हैं। मेरे पास ओटीटी के लिए भी प्रोजेक्ट है, लेकिन अभी मैं अपने आने वाले काम पर फोकस करना चाहती हूं।

रियलिटी शो बिग बॉस का आपका अनुभव कैसा रहा ?

बिग बॉस मेरे करियर की शुरूआत थी, वहां से मैंने बहुत कुछ सीखा. मैं ज्यादा समय नहीं रही, लेकिन जितना भी समय रहा, मैंने उसे स्वीकार किया। मुझे लगता है हर चीज का एक समय होता है।

आपने अपने स्ट्रगल और करियर को कैसे देखा ?

स्ट्रगल हर किसी की जिंदगी में होता है, लेकिन मैं उसे याद करके दुखी नहीं होती, मैं अपनी जर्नी को खुशी से देखती हूं और हंसती हूं कि मैंने क्या-क्या किया। मेरा मानना है कि किसी को दोष देने से कुछ नहीं मिलता, जो हुआ है उसे स्वीकार करना चाहिए।

आपकी सोच काफी शांत और संतुलित लगती है, इसका राज क्या है ?

मैं ज्यादा कुछ सोचती नहीं हूं, जो मिल रहा है, उसे स्वीकार करती हूं. मैं मानती हूं कि अगर हम हर चीज को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे तो हम कमजोर हो जाएंगे। इसलिए मैं हर चीज को सहजता से लेती हूं।

क्या आपको लगता है कि आपने अपने करियर में बहुत कुछ हासिल कर लिया है ?

नहीं, मैं कभी यह नहीं मानती कि मैंने बहुत कुछ हासिल कर लिया है. अगर मैं ऐसा सोचने लगूं तो शायद आगे बढ़ना बंद कर दूंगी. मेरे लिए हर दिन नया है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

आध्यात्म ने आपकी सोच में क्या बदलाव लाया ?

आध्यात्म ने मुझे यह समझाया कि जिंदगी में जो भी हो रहा है, उसे स्वीकार करना चाहिए. अगर कुछ गलत भी हो रहा है, तो उसे लेकर परेशान होने के बजाय उसे समझना जरूरी है। अब मैं हर परिस्थिति में शांति बनाए रखने की कोशिश करती हूं।

इंडस्ट्री में नए लोगों के लिए आपका क्या मैसेज है ?

सबसे जरूरी है अपने मन को शांत रखना. यहां बहुत लोग आपको बड़े-बड़े वादे करेंगे, लेकिन आपको खुद समझना होगा कि क्या सही है, किसी के पीछे भागने से बेहतर है खुद पर भरोसा रखें और अपने रास्ते पर चलें।

आपकी फिल्म 'द लास्ट ब्रीथ' को लेकर दर्शकों से क्या कहना चाहेंगी ?

यह मेरे लिए भी एक खास प्रोजेक्ट है, खासकर क्योंकि यह फिल्म फेस्टिवल से जुड़ी है. मैं बस यही चाहूंगी कि लोग इसे देखें और समझें कि क्लाइमेट कितना बड़ा मुद्दा है। अगर हम अब भी नहीं जागे, तो आगे बहुत मुश्किल हो सकती है।

श्रमिक दिवस पर वितरित की गयी सेवा सामग्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की परमहंस शाखा द्वारा अलीगंज के गोयल चौराहा स्थित एलडीए कम्युनिटी पॉइंट पर श्रमिक बंधुओं के सम्मान एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान श्रमिकों को चाय, बिस्कुट, जल, नाश्ता, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। शाखा की महिला सहभागिता टीम ने विशेष सक्रियता दिखाते हुए वितरण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। शाखा अध्यक्ष यतीन्द्र कुमार गुप्ता 'जिंदल' ने कहा कि सेवा ही सच्चा संस्कार है और समाज के वंचित एवं श्रमिक वर्ग के प्रति संवेदनशीलता ही भारत विकास परिषद की मूल भावना है। कार्यक्रम में सचिव सुरेन्द्र कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष कविता सिंह गुप्ता, महिला संयोजिका आँचल टुटेजा, सेवा संयोजक प्रशांत जैन सहित शाखा के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनायी गयी बुद्ध पूर्णिमा, विशेष प्रार्थना संग बंटी खीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शांति, तप और ज्ञान के अग्रदूत भगवान गौतम बुद्ध की जयंती गुरुवार को शहर में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न संगठनों की तरफ से जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रार्थना, पूजन सभाओं के आयोजन के साथ ही शोभा यात्राएं निकाली गईं। इसके साथ ही भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए हिंसा, चोरी, व्यभिचार, असत्य और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया गया।

भारतीय बौद्ध समिति ने लालकुआं स्थित रिसालदार पार्क में त्रिविधि पावनी वैशाख पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया। सामूहिक बुद्ध वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल हुए। इसके बाद धम्म देशना, भिक्षु संघ को भोजनदान आदि हुआ। महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ केन्द्र द्वारा त्रिविध पावनी वैशाख पूर्णिमा को संपूर्ण विश्व में शांति, करूणा एंव मैत्री का संदेश प्रवर्तित करने वाले महाकारूणिक तथागत गौतम बुद्ध की जयंती रिसालदार पार्क बुद्ध विहार, में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भन्ते ज्ञानालोक विहाराध्यक्ष ने त्रिशरण पंचशील व बुद्ध वन्दना कराई। जिसमें दूर-दूर से आए बौद्ध धर्म के हजारों उपासकों ने यहां धम्मसभा में भाग लिया। साथ ही भंडारे तथा खीर वितरण किया गया। इस बुद्ध विहार की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव जय शंकर सहाय द्वारा बताया गया कि महास्थाविर बोधानंद ने 1925 में इस बुद्ध विहार की स्थापना की थी। उन्होंने अपनी वसीयत द्वारा इस बुद्ध विहार, इस विहार में स्थित अनुसंधान पुस्तकालय तथा भारतीय बौद्ध समिति को महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के धम्म प्रचार के कार्यों से प्रभावित होकर दान में दे दिया। उनकी मृत्यु के बाद महाबोधि सोसाइटी द्वारा उनके शिष्य भिक्खु जी प्रज्ञानंद को इस बुद्ध विहार का विहाराध्यक्ष बनाया गया। जी प्रज्ञानंद भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहब आंबेडकर को बौद्ध धर्म में दीक्षित करने वाले भिक्खुओं में से एक थे। बाबासाहेब लखनऊ आगमन पर यहां अवश्य आते थे। 2017 में जी प्रज्ञानंद की मृत्य के बाद उ.प्र. सरकार ने राजकीय सम्मान के साथ बौद्ध रीति से उनका अंतिम संस्कार किया था। उनके बाद वर्तमान में भन्ते ज्ञानालोक इस बौद्ध विहार के विहाराध्यक्ष हैं जो भदन्त बोधानन्द की शिष्य परम्परा से हैं।

बुद्ध पूर्णिमा पर लाखों भक्तों ने लगायी डुबकी

लखनऊ। देश भर में बुद्ध पूर्णिमा का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूर्णिमा के मौके पर गोमती में बड़ी संख्या में भक्तों ने पवित्र डुबकी लगाई। साथ ही पूजा-पाठ कर मनौतियां भी मांगी। लखनऊ के गोमती घाट पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था, लखनऊ के अलावा वाराणसी और मिजार्पुर, प्रयागराज में पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है। गुरुवार को बैशाख महीने की पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर गरीब असहाय लोगो को भोजन कराकर पुण्य अर्जित देश में सुख शांति की कामना की, इसके अलावा श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर दर्शन किए।

बुद्ध के मार्ग पर चलने से ही दुखों का अंत: बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से गुरुवार को लालकुआं, रिसालदार पार्क स्थित सेंटर पर बुद्ध पूर्णिमा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षाविद भारती गांधी व समाजसेवी मुरलीधर आहूजा को महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया की मानद सदस्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए बौद्धधर्म के अनुयायी मौजूद रहे।

भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलने से देश में शांति और तरक्की आयेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर बहुजन समाज वृंदावन योजना बैंक के सामने रायबरेली रोड पर खीरदान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और बुद्ध वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व एसडीएम राम कुमार गौतम ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा भगवान बुद्ध का जन्म दिवस है। बुद्ध के मार्ग पर चलने से देश में शांति और तरक्की आएगी।

पूर्व जिला जज लोक अदालत सत्यवीर सिंह यादव ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का उद्देश्य गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन और विचारधारा में अपनाना है। सुरेश जायसवाल ने कहा कि बुद्ध का समरसता, सह अस्तित्व और शांति का संदेश आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। एससी-एसटी कल्याण समिति के अध्यक्ष हरीश जयंत ने कहा कि बुद्ध ने कोई बात तभी मानने को कहा जब वह तर्क और कसौटी पर खरी उतरे। हमें इसी सिद्धांत का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य राम लगन सिंह यादव, पूर्व पीसीएस जीत लाल सैनी, महामंत्री मंजू सिंह, अमर नाथ, राम संजीवन, सीएल कुरील, घनश्याम मौर्य, श्रीनाथ सिंह कुशवाहा, मंजुलता कमल, मंजुलता गौतम, सरोज लता गौतम, अनीता मौर्य आदि रहे।

जवाहन भवन में मनी बुद्ध जयंती जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ की ओर से परिसर में बुद्ध जयंती मनाई गई। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय और कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध को नमन किया। उससे पहले भगवान बुद्ध की प्रतिमा की धुलाई, सफाई की। विधि विधान से पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए। परिसर में लड्डू, खीर का वितरण हुआ। कार्यक्रम में महासंघ के उपाध्यक्ष आकिल सईद बब्लू, मंत्री अजय कुमार धानुक, दिलीप कुमार सक्सेना, कर्मेंद्र सागर, सुशील कुमार धानुक, सुनील कुमार धानुक, देवेंद्र आदि रहे।

दुनिया में शांति का संदेश देने वाले पहले महामानव थे गौतम बुद्ध: बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर महासभा की ओर से बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन किया गया। विधानसभा मार्ग स्थित महासभा के बुद्ध विहार सभागार में बौद्ध भिक्षु अमरबोधि ने त्रिशरणं पंचशील बुद्ध वंदना के साथ तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सामूहिक प्रार्थना और धम्म सभा: बौद्ध धर्मांकुर सभा ने गौतम बुद्ध मार्ग स्थित बोधिसत्व विहार में पंचशील और बुद्ध पूजा के साथ पूरे उत्साह से जयंती समारोह मनाया। इस मौके पर उपासकों और उपासिकाओं का भोजन के बाद सामूहिक साधना हुई। शाम को दीप प्रज्ज्वलन और प्रदीप पूजा में भिक्षु प्रधान भिक्षु विश्वजीत, सभा के महासचिव हेमेंद्र विकास चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

दीप प्रज्ज्वलन संग प्रार्थना: डालीगंज स्थित बुद्धा पार्क में बुद्ध पूर्णिमा महापर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। महापर्व का आयोजन कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी कल्याण असोसियेशन ने किया था।

वैसाख पूर्णिमा पर 11 वेदियों से की गयी गोमती आरती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। वैशाखा मास की पूर्णिमा पर शुक्रवार को डालीगंज में स्थित प्राचीन श्रीमनकामेश्वर मंदिर के उपवन घाट पर नमोस्तुते मां गोमती की आरती की गई। मंदिर की महंत देव्यागिरी के सानिध्य में 11 वेदियों से आरती हुई। इस अवसर पर शंख-घंटों और मंत्रोच्चारण की ध्वनि से तट का वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भगवान बुद्ध की स्मृति में भी दीप भी प्रज्जवलित किए गए।

मंदिर की ओर से प्रत्येक माह की पूर्णिमा पर होने वाली आरती की कड़ी में वैशाख की पूर्णिमा को भी भव्य आरती हुई। आचार्य ने आरती के समय मंत्रोच्चार किया और पूजन सम्पन्न कराया। इससे पहले मंदिर की मुख्यकार्यकर्ता सहित अन्य सेवादारों ने वेदियों पर रंगोली सजाई और दीप प्रज्जवलित किए। इस अवसर पर भगवान बुद्ध के शांति सन्देश का प्रचार हुआ। आरती में शामिल होने आए श्रद्धालुओं ने गोमती स्वच्छता का भी संकल्प लिया। मंदिर श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने कहा कि भगवान बुद्ध इस संसार में शांति के दूत बनकर आए। उन्होंने दुनियां को शांति का संदेश दिया। सत्य के मार्ग पर चलने और दया की भावना को प्रचारित किया। कहा कि आज विश्व में जब कई जगहों पर युद्ध और हिंसा का माहौल बना हुआ तो ऐसे मे भगवान बुद्ध का संदेश शांति की राह पर लाने वाला है।

बुद्ध पूर्णिमा : गोमती तट पर आस्था का भव्य संगम

- सनातन महासभा द्वारा आयोजित 151वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती में उमड़ा जनसैलाब
- सामाजिक सद्भाव यज्ञ और धार्मिक प्रतियोगिताओं के जरिए युवा पीढ़ी को जोड़ने की पहल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के झूलेलाल वाटिका स्थित गोमती तट पर शुक्रवार को 'सनातन महासभा' द्वारा बैशाख बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर 151वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती एवं सनातन समागम का भव्य आयोजन किया गया।

भक्ति, शक्ति और सामाजिक संकल्प के इस अनूठे संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने मां गोमती की आराधना की और समाज को कुरीतियों से मुक्त करने की शपथ ली। सात मंचों से हुआ शंखनाद, भक्तिमय हुआ वातावरण स्वामी आनंद नारायण एवं सेंट्रल बार के कोषाध्यक्ष एडवोकेट दीपक सिंह के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत सात भव्य मंचों से एक साथ हुए शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ हुई। सात आचार्यों द्वारा मां गोमती की विधि-विधान से उतारी गई महाआरती ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आरती के पश्चात जब 251 दीप एक साथ प्रज्वलित किए गए, तो गोमती तट की आभा देखते ही बनी और वहां दीपावली जैसा जीवंत दृश्य उपस्थित हो गया। महाआरती से पूर्व भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर 'सद्भाव यज्ञ' का आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने इस अवसर पर युवाओं को 'नशा मुक्त प्रदेश' की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जोड़ने का कार्य करती है, इसीलिए आज यज्ञ कुंड के माध्यम से 'जाति मुक्त सनातन भारत' के निर्माण का संकल्प लिया गया है। उपस्थित परिवारों ने आचार्यों की मौजूदगी में दो घंटे तक पूजन कर लोक कल्याण और पारिवारिक समृद्धि की कामना की। नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से रामायण, गीता और शरीर विज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में धर्म विस्तार और सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ पदाधिकारियों को गंगाजल और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भजन गायिका शशि गुप्ता, मीरा तिवारी और गीता निगम के सुमधुर भजनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

अधिकमास 17 से, शुभ कार्यों पर लग जायेगा विराम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। इस वर्ष अधिक मास का शुभ और धार्मिक रूप से विशेष महत्व देखने को मिल रहा है। इसकी शुरूआत 17 मई से होकर 15 जून तक रहेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार इसे अधिकमास, मलमास या पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। यह समय पूरी तरह से आध्यात्मिक साधना, पूजा-पाठ और भक्ति को समर्पित माना जाता है। इस अवधि में स्नान-दान, यज्ञ, हवन और तप जैसे धार्मिक कार्यों का विशेष फल प्राप्त होता है और मान्यता है कि इससे भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दौरान विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक रहती है। दिलचस्प बात यह है कि जिस समय को सामान्य रूप से शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना जाता है, उसी समय को भगवान विष्णु ने अपना नाम देकर पुरुषोत्तम मास का दर्जा दिया।

क्यों कहलाता है पुरुषोत्तम मास: हिंदू पंचांग के अनुसार अधिक मास एक ऐसा विशेष समय होता है जिसका कोई स्थायी अधिपति देवता नहीं माना जाता। इसी कारण इसे पहले देव-पूजन और मांगलिक कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता था और यह त्याज्य मास के रूप में जाना जाता था। मान्यता के अनुसार जब इस मास को उपेक्षित और अशुभ समझा जाने लगा, तब इसकी पीड़ा देखकर स्वयं भगवान विष्णु प्रकट हुए और उन्होंने इसे अपना संरक्षण प्रदान किया। उन्होंने इस मास को अपना नाम देते हुए पुरुषोत्तम मास घोषित किया और कहा कि अब यह मास भी उन्हीं के नाम से जाना जाएगा। भगवान विष्णु ने यह भी आशीर्वाद दिया कि जो भी भक्त इस अवधि में जप, तप, दान और भक्ति करता है, उसे सामान्य समय की तुलना में कई गुना अधिक पुण्य प्राप्त होगा। इसी दिव्य कृपा के कारण अधिक मास को आज अत्यंत पवित्र और फलदायी समय माना जाता है, जो आध्यात्मिक उन्नति का विशेष अवसर प्रदान करता है।

अधिक मास में क्या करें और क्या न करें: अधिक मास को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक साधना का समय माना गया है, इसलिए इस दौरान कुछ कार्यों से बचना चाहिए और कुछ धार्मिक कार्यों को अपनाना चाहिए। इस अवधि में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य जैसे विवाह, सगाई, मुंडन या नामकरण संस्कार करना वर्जित माना गया है। नया घर खरीदना या गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य भी इस महीने में टालने की सलाह दी जाती है। मान्यता है कि अधिक मास में कोई नया व्रत या बड़ा संकल्प शुरू नहीं करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह समय भक्ति और साधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दौरान श्रीमद्भागवत कथा का पाठ करना बहुत पुण्यदायी माना गया है। भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप और विष्णु सहस्रनाम का पाठ विशेष फल देने वाला होता है। दान, दीपदान, पूजा-पाठ और सेवा कार्य करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

दर्शकों को जज्बात में डुबो गयी साहिर-अमृता की अनकही दास्तां

20वीं सदी की सबसे चर्चित सच्ची प्रेम कहानी, एमबी क्लब छावनी में हुआ मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहब्बत वह शय है जिसमें हारकर भी शख्स जीत और जीतकर भी हार जाता है। एमबी क्लब छावनी में आज मंचित नाटक 'वो अफसाना' भारतीय साहित्य की दो प्रतिष्ठित हस्तियों साहिर लुधियानवी और अमृता प्रीतम को गीतों भरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दे गया। हुनर क्रिएशन एंड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से दिल्ली की राबता संस्था के कलाकारों ने शमीर के निर्देशन में किया। मुख्य अतिथि के तौर पर लेफ्टिनेंट जनरल आनंद सेन गुप्ता ने कलाकारों को सम्मानित किया।

सहित अमृता की प्रेम कथा बीसवीं सदी की अदबी शख्सियात के बीच की सबसे चर्चित कहानी है। साहिर को गुजरे करीब पांच दशक और और अमृता की मृत्यु के दो दशक हो गये, पर इनके जुनून, निःस्वार्थ स्नेह और एकतरफा प्रेम जैसे विषयों को लेकर बहुत से नाटक रचे और मंचित हुए हैं। आज प्रमाणित तथ्यों से प्रेरित और व्यापक शोध पर आधारित मंच पर उतरा वो अफसाना' एक महत्वपूर्ण युग की कविताओं, घटनाओं और क्षणों को एक सहज कथा में पिरोती है। साथ ही साहिर के शब्दों-' वह अफसाना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा...' को चरितार्थ करता दर्शकों को भावनाओं से द्रवित कर देता है। प्रस्तुति की रचनात्मकता कहानी को सहज लय में आगे बढ़ने देती है। इससे दर्शक उनके जीवन के विभिन्न चरणों से गुजरते हुए एक आकर्षक तारतम्य बनाए रखते हैं। अमृता की पंजाबी कविताओं के संग साहिर लुधियानवी के भावपूर्ण गीत- 'जिंदगी भर नहीं भूलेगी वो....', 'ठण्डी हवाएं....', 'कभी कभी मेरे दिल में...', देखिये फिर आपने प्यार से देखा मुझको...', "जाने वो कैसे लोग थे...', 'अभी न जाओ छोड़कर...', 'मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया...' जैसे गीत नाटक में जान फूंक देते हैं, जो अनकहे भावों और अधूरे प्रेम की टीस को बयां करते हैं।

सुदेश सेठी और जयश्री के संकलित और एडाप्ट किये इस नाटक में स्वयं निर्देशक शमीर साहिर और अमृता के किरदार डा.जयश्री सेठी मंच पर थे। गीतों में श्रिया अरोड़ा और जावेद ने आवाज दी। मंच पार्श्व के कामों में श्वेता मिश्रा के संग स्वाति ने रंगगदीपन में प्रतिभा दशार्यी। अतिथियों का आभार संयोजक जफर नबी ने व्यक्त किया।

संक्षेप

न्यायालयों के समय में हुआ परिवर्तन

आजमगढ़। इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश पर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश एहसान उल्लाह खान ने एक मई से 30 जून तक पारिवारिक न्यायालय के समय में परिवर्तन किया है। पारिवारिक न्यायालय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गर्मी के मद्देनजर एक मई से 30 जून तक पारिवारिक न्यायालय की सभी अदालतों का समय सुबह 7 बजे से लेकर अपराह्न 1 बजे तक रहेगा। जबकि परिवारिक न्यायालय के कार्यालय का समय सुबह 6:30 बजे से लेकर अपराह्न 1:30 बजे तक रहेगा। इस बीच में सुबह 10: 30 से 11 बजे तक लंच का समय रहेगा

रस्सी के सहारे लटका मिला युवक का शव

आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के देऊरपुर सराय गांव के सिवान में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के शव की पहचान 25 वर्षीय श्रवण कुमार उर्फ लुला पुत्र रामनाथ ग्राम देऊरपुर सराय निवासी के रूप में हुई। श्रवण के मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या बताया है। कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मधुमक्खियों का हमला कई श्रद्धालु अचेत

मीरजापुर। विंध्याचल क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब पेड़ के नीचे खाना बना रहे लोगों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घटना के दौरान वहां मौजूद दर्शनार्थियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ लोग पेड़ के नीचे भोजन बना रहे थे, तभी पास में मौजूद मधुमक्खियों के छत्ते से झुंड निकलकर लोगों पर टूट पड़ा। मधुमक्खियों के हमले से कई श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार रायबरेली के पूरे राजा गांव, थाना नसीराबाद से आए दर्जनों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के बाद अटल चौराहे के पास पीपल के पेड़ के नीचे खाना बना रहे थे। चूल्हे का धुआं पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते पर लगने से मधुमक्खियां भड़क गईं और श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। घायलों में आशा यादव (35), बृजेश यादव (26), राम प्यारे यादव (62), जगपाला देवी (72), संजू (26), सुनील यादव (25), सुनीता (24) और शिवांग (10) शामिल हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोरंजन राय ने बताया कि 8 श्रद्धालुओं का इलाज चल रहा है।

सोनाली बनीं प्रदेश टॉपर रेशमा ने भी लहराया प्रतिभा का परचम

सीतापुर। कड़ी मेहनत, अनुशासन और योग साधना के दम पर जिले की बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। राज्य स्तरीय योग ओलिंपियाड 2026 में उजागर लाल इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा सोनाली ने 90 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और जनपद का नाम रोशन कर दिया। उनकी इस शानदार उपलब्धि के साथ ही उनका चयन आगामी राष्ट्रीय योग ओलिंपियाड (15 से 18 जून 2026, उड़ीसा) के लिए भी हो गया है। वहीं इसी विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा रेशमा ने भी मंडल स्तरीय योग ओलिंपियाड (24 अप्रैल 2026, राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन दोनों बेटियों की सफलता ने न सिर्फ उनके विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची, तो सफलता कदम चूमती है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने दोनों छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार, उजागर लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार पाण्डेय, क्रीड़ा प्रभारी प्रभात नंदन मिश्र, जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पाण्डेय तथा डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सोनाली और रेशमा की यह सफलता आज की युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा है कि मेहनत, लगन और अनुशासन से हर सपना सच किया जा सकता है।

निर्माण कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। राजकीय बालिका हाई स्कूल हिनौती, घोरावल के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी चर्चित गोंड ने औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता की अनिवार्य रूप से थर्ड पार्टी से जांच कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में हर हाल में पूर्ण किया जाए। विलंब या शिथिलता कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन बाउंड्री वॉल का भी जायजा लिया गया, जहां स्थानीय स्तर पर विवाद के कारण कार्य बाधित होने की जानकारी प्राप्त हुई।

इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी घोरावल को निर्देश दिए कि बाउंड्री वॉल निर्माण से संबंधित सभी विवादों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए तथा निर्माण कार्य तत्काल पुनः प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर ढिलाई पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, उपजिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, निरीक्षक जयराम सिंह अधिकारीगण उपस्थित रहे।

फार्मर रजिस्ट्री सुधार के लिए चार दिवसीय अभियान तेज, किसानों से सक्रिय सहभागिता की अपील

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गोंड के निर्देशन में जनपद में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित अंश निर्धारण एवं नाम मिसमैच की समस्याओं के समाधान हेतु चार दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आज जनपद में कुल 1347 किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराया गया, जिससे बड़ी संख्या में कृषकों को अपनी अभिलेखीय त्रुटियों के सुधार का लाभ मिला।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों की भूमि एवं पहचान से संबंधित त्रुटियों का शीघ्र एवं पारदर्शी निराकरण करना है, ताकि उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा प्रत्येक पात्र किसान तक इस सुविधा का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि किसान अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र, पंचायत सहायक, कृषि विभाग के कर्मचारियों अथवा संबंधित लेखपाल से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण, अंश निर्धारण एवं नाम मिसमैच से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान सीमित अवधि के लिए है, अतः सभी किसान समय रहते अपने अभिलेखों का सत्यापन एवं आवश्यक सुधार अवश्य करा लें। प्रशासन द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

विदाई से लौट रही बोलेरो पेड़ से टकरायी, 12 से अधिक घायल

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को विदाई कराकर लौट रही एक बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में वाहन सवार एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर किया गया है। गौरवा गांव निवासी संतोष अपनी बहन की विदाई केवलझर गांव से कराकर घर वापस जा रहे थे। जैसे ही पिपरा बाजार से आगे बढ़े कि सड़क किनारे पेड़ से टकराकर तेरह लोग घायल हो गए।जिसमें चार को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। गौरवा गांव निवासी बोलेरो चालक शिवम दुबे केवलझर गांव से लड़की की बिदाई कराकर रिश्तेदार सहित सभी लोग वापस लौट रहे थे। जैसे ही पिपरा बाजार से आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंचे कि अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बोलेरो चालक गौरवा गांव निवासी शिवम दुबे (20), संतोष (24) पूजा (18) तीता गांव निवासी विवेक(14) गौरवा गांव निवासी शिवम(12) भटवारी गांव निवासी खुशबू (22) बैधा गांव निवासी प्रिंस (10) संगीता (22) गौरवा गांव निवासी आकांक्षा (16) करौंदिया गांव निवासी उर्मिला (30) गोर्गी गांव निवासी कैलाश (40) सोनवर्षा गांव निवासी मनोरमा(25) बैधा गांव निवासी प्रेम शंकर(21) घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक विमल कुमार ने बताया कि आकांक्षा, पूजा, संतोष ,शिवम ,की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जबकि अन्य का इलाज जारी है। उनकी स्थिति सामान्य है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाथ में पिस्टल लेकर डांस करने का वीडियो वायरल , भेजा जेल

मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर में शादी समारोह में डांस के दौरान हाथ में पिस्टल लेकर लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया है। हालांकि पुलिस की मानें तो वह पिस्टल नहीं 'टॉयगन' रहा है। दरअसल, 30 अप्रैल की रात में एक युवक द्वारा हाथ में पिस्टल लेकर लहराते हुए डांस करने का एक वीडियो वायरल हो रहा था। सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस ने इसे संज्ञान में आने के बाद छानबीन शुरू की जिस पर थाना अदलहाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए युवक की पहचान छोटू पुत्र किशोरी निवासी बरईपुर थाना अदलहाट उम्र करीब-25 वर्ष के रुप में करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को एक शादी समारोह में गया था, जहां डांस के दौरान वह एक पिस्टल लिए हुए वीडियो में दिख रहा है, जांच के दौरान पिस्टल नकली पायी गयी, जो एक टॉय गन है।

टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन जौनपुर एवं जोग्स के संयुक्त तत्वावधान में आईएमए हॉल में टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका उद्देश्य आमजन एवं स्वास्थ्यकर्मियों को टीकाकरण के महत्व, सुरक्षा एवं समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न संक्रामक एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव में टीकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये बताया कि टीकाकरण न केवल बच्चों, बल्कि वयस्कों के लिए भी अत्यन्त आवश्यक है और इससे कई गंभीर रोगों से सुरक्षा मिलती है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों ने कहा कि समाज में अभी भी टीकों को लेकर कई भ्रांतियां मौजूद हैं जिन्हें दूर करना अत्यन्त आवश्यक है। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लोगों में विश्वास बढ़ाने और टीकाकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. अंजू कनौजिया एवं संचालन सचिव डॉ. शैली निगम ने किया। इस अवसर पर डॉ. मधु शारदा, डॉ. शकुंतला यादव, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. शिल्पी सिंह, डॉ. प्रियम्बदा सिंह, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. शुभा सिंह सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार व घोटाले के विरुद्ध 1725 दिनों से जारी है सत्याग्रह

जौनपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाले, भ्रष्टाचार और पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में चलाया जा रहा सत्याग्रह आन्दोलन 1725वें दिन भी जारी रहा। आन्दोलनकारी यशवन्त गुप्त के नेतृत्व में 9 अगस्त 2021 से चल रहे इस अनवरत धरने के माध्यम से भूमि अधिग्रहण में हुई अनियमितताओं और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायतों के फर्जी निस्तारण का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया जा रहा है। यशवन्त गुप्त ने स्पष्ट किया कि यह आन्दोलन जांच के मुख्य बिंदुओं पर अडिग है और समस्या के समाधान तक जारी रहेगा। सत्याग्रह के दौरान सिरकोनी बाजार (इजरी) में हुई भीषण डकैती के अभियुक्तों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गयी। इस अवसर पर दिलीप तिवारी, विजय प्रताप सिंह, अमरेश पाण्डेय, राजित राम यादव, नन्द लाल रावत, आदित्य नारायण शर्मा, राम बहाल यादव, विजय प्रकाश मिश्र, किरन सिंह, राम आसरे विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

कोरोना काल से चल रही समाजवादी कुटिया गिरी, कोई हताहत नहीं

जौनपुर। कोरोना काल जैसी महामारी में शुरू हुआ समाजवादी कुटिया का आशियाना बीती शाम आयी जबर्दस्त आंधी–तूफानी में काफी प्रभावित हुआ है। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन पूरी कुटिया के गिरने से काफी नुकसान अवश्य हुआ है। इस बाबत पूछे जाने पर कुटिया के संस्थापक/संचालक ऋषि यादव एडवोकेट ने बताया कि प्रकृति के आगे किसी का भी वश नहीं चल सकता है। बीती शाम आयी आंधी, तूफान, बारिश में जनपद के कई हिस्सों में करोड़ों का नुकसान हुआ है। साथ ही कहीं कुछ लोग घायल भी हो गये हैं। कोरोना काल से अनवरत चल रही समाजवादी कुटिया में बच्चों को अच्छी शिक्षा–दीक्षा दी जा रही है। साथ ही स्वल्पाहार, ड्रेस सहित पठन–पाठन सामग्री की भी निःशुल्क दी जा रही है। श्री यादव ने बताया कि आंधी–तूफान में पूरी कुटिया गिर गयी है लेकिन अपने संघर्ष एवं जन सहयोग से कुटिया को पुनः खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। शीघ्र ही कुटिया पुनः खड़ी हो जायेगी और बच्चे पूर्व की भांति फिर से शिक्षा–दीक्षा लेंगे।

पुलिस मुठभेड़ में दो गौतस्कर घायल

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर जिले में पुलिस और गौ तस्करों की तड़के हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दोनों घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को तड़के गौ तस्कर जिले की अदलहाट थाना क्षेत्र की सीमा से होते हुए बिहार राज्य की ओर जाने की फिराक में थे कि तभी गश्त पर निकली अदलहाट थाना पुलिस से आमना-सामना होने पर हल्की मुठभेड़ के दौरान दो शातिर गो-तस्करों को घायल कर गिरफ्तार करते हुए मौके से क्रूरता पूर्वक बांध कर वध के लिए ले जाए जा रहे 6 गोवंश पिकअप वाहन सहित तथा 2 अवैध चमंचा मय कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक गोवंश को तस्करी कर चैनपुर (बिहार(ले जाया जा रहा था। तभी अदलहाट थाना पुलिस टीम ने ग्राम हाजीपुर नहर पुलिया के पास पशु तस्करों के पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया तो उनके द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया किन्तु पुलिस टीम द्वारा सीमित जवाबी कार्यवाही की गयी, जिसमें दो गो-तस्कर के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गए। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए तस्करों ने अपना नाम पता का नाम पता क्रमशः भोला हरिजन पुत्र लालचन्द निवासी ग्राम विसौरा खुर्द थाना अदलहाट व बाबू उर्फ रामजन्म सोनकर पुत्र मिठाईलाल सोनकर निवासी रामपुर ढबही थाना अहरौरा बताया गया है जिनकी जमातलाशी ली गयी तो उनके पास से घटना में प्रयुक्त 2 अदद तमंचा (315 बोर),4 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस,1 पिकअप वाहन तथा 6 राशि गोवंश बरामद हुए हैं। मुठभेड में गिरफ्तार/घायल तस्कर को पुलिस अभिरक्षा लेकर में इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उनकी स्थिति सामान्य है।

दोनों का आपराधिक इतिहास

पुलिस क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव के मुताबिक भोला हरिजन 24 वर्ष पर मीरजापुर जिले के लालगंज व देहात कोतवाली थाना एवं चंदौली जिले में कई मुकदमे कायम हैं वहीं बाबू उर्फ रामजन्म सोनकर 22 वर्ष पर मीरजापुर के लालगंज थाना में गैंगैस्टर एक्ट सहित गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हैं।

लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में बीते बुधवार की रात बरात में आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद में आर्केस्ट्रा प्रबंधक की लाइसेंसी पिस्टल छीनकर भागने वाले मनबढ़ युवक को पुलिस ने शुक्रवार सुबह पिस्टल और कारतूस के साथ मड़वा धनावल गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वहीं पकड़े गए युवक के दो अन्य साथी पुलिस को देखकर मौके से भागने में कामयाब हो गए। मड़वा धनावल गांव में लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरी कलां गांव से बरात आई थी बरात में आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर विवाद हो गया था। आर्केस्ट्रा देखने पहुंचे ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आर्केस्ट्रा शुरू करने को लेकर हुए विवाद के दौरान मनबढ़ युवकों ने आर्केस्ट्रा प्रबंधक की लाइसेंसी पिस्टल छीन लिया था। और लाइसेंसी पिस्टल लेकर भाग निकले थे।इस मामले में गुरुवार को आर्केस्ट्रा प्रबंधक सौरभ जायसवाल निवासी बल्ली का अड्डा थाना कोतवाली कटरा ने अज्ञात के विरुद्ध लाइसेंसी पिस्टल और 6 कारतूस चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष भारत सुमन एसआई मूलचंद्र वर्मा हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव कांस्टेबल कुलदीप कुशवाहा ने मड़वा धनावल गांव स्थित तालाब के पास से इंद्रवार गांव निवासी किरन उर्फ अर्जुन को धर दबोचा जबकि मामले में लिप्त दो अन्य युवक रोहित पुत्र हीरा निवासी अमदह थाना ड्रमंडगंज व अमित पुत्र अरूण निवासी पवांरी कलां थाना ड्रमंडगंज पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक किरन उर्फ अर्जुन के पास से लाइसेंसी पिस्टल पांच कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ है। गिरफ्तार युवक के दो अन्य साथी पुलिस को देखकर मौके से भाग निकले। तीनों लोग लाइसेंसी पिस्टल को लेकर कहीं भागने की फिराक में मड़वा धनावल गांव स्थित तालाब के पास आपस में बातचीत कर रहे थे। भागने वाले दोनों युवकों की तलाश की जा रही है।

लगभग 51 लाख की अवैध संपत्ति जब्त

आजमगढ़। जनपद में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन कफ सिरप के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपी की करीब 50.9 लाख की संपत्ति जब्त कर ली है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के अनुसार, थाना दीदारगंज में दर्ज मामले की विवेचना के दौरान सामने आया कि अभियुक्त विकास सिंह उर्फ ह्लनरवेह्व ने अवैध कमाई से अपने पैतृक गांव में मकान बनवाया, जिसकी अनुमानित लागत 27.25 लाख है। इसके अलावा उसने लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित शालीमार वन वर्ल्ड परियोजना में एक फ्लैट बुक कराया था, जिसमें लगभग 23.64 लाख अग्रिम राशि जमा की गई थी। जांच के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत फ्रीजिंग ऑर्डर जारी किया गया। ई-कोर्ट पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत याचिका पर सुनवाई के बाद सक्षम प्राधिकारी (नई दिल्ली) ने उक्त संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया। जब्त संपत्तियों में शामिल हैं रू पैतृक गांव में निर्मित मकान (लगभग 27.25 लाख), लखनऊ स्थित फ्लैट की बुकिंग राशि 23.64 लाख (फ्रीज)। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी जौनपुर और वाराणसी में धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और एनडीपीएस से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई को साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे अपराधियों में डर का माहौल बना रहे।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, हत्या का आरोप

आजमगढ़। जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र स्थित रतूआपार गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है, जिसने रिश्तों को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना के बाद मायके पक्ष के आरोपों और मृतका के शरीर पर मिले चोट के निशानों के आधार पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, जीयनपुर थाना क्षेत्र के जमीन हरखोरी धनछुला गांव निवासी 36 वर्षीय सिम्पी सिंह की शादी करीब 14 वर्ष पहले रतूआपार गांव के पंकज सिंह के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही संतान न होने को लेकर सिम्पी को लगातार ताने दिए जाते थे और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इस वजह से घर में अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि बीती रात सिम्पी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने घटना को दबाने का प्रयास करते हुए सुबह जल्दबाजी में अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच शादी में मध्यस्थता करने वाले एक व्यक्ति ने मृतका के भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंचा। मृतका के भाई अनूप कुमार सिंह के अनुसार, सिम्पी के शरीर और पेट पर गंभीर चोटों के निशान थे, जो सामान्य हादसे की बजाय किसी हिंसक घटना की ओर इशारा कर रहे थे। इसके बाद तत्काल डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया गया। वहीं, ससुराल पक्ष ने पुलिस को बताया कि सिम्पी रात में हैंडपंप से पानी लेने गई थी, जहां गिरने से उसके सिर में चोट लगी और उसकी मौत हो गई। हालांकि, मौके पर मिले हालात और शरीर पर चोट के निशानों ने इस दावे पर संदेह पैदा कर दिया। मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका के पिता सूर्य प्रकाश सिंह की शिकायत के आधार पर पति पंकज सिंह, देवर विनय सिंह और सास के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शिवानी ने हाईस्कूल तो रवि ने इण्टरमीडिएट में मारी बाजी

जिला संवाददाता

जौनपुर। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक मानकों के लिये पहचाने जाने वाले हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल (उमरपुर) ने आईसीएसई (क्ठरए) बोर्ड परीक्षा-2026 में एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर दिया है। विद्यालय के मेधावियों ने शानदार अंक प्राप्त करके न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बल्कि जनपद में विद्यालय की गरिमापूर्ण स्थिति को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

हाईस्कूल की परीक्षा में शिवानी पटेल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुये 87 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ही अंजलि मिश्रा ने 86.2 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान हासिल किया तो विशाल सिंह 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इन मेधावियों की सफलता पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। वहीं इण्टरमीडिएट के रवि मौर्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर 73 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुये विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। रवि की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने उन्हें बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबन्धक डा. ओम प्रकाश सिंह एवं उपप्रबंधिका मधुलिका सिंह ने मेधावियों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्या डा. वन्दना सिंह ने कहा कि आईसीएसई बोर्ड के कठिन पाठ्यक्रम के बावजूद विद्यार्थियों ने जो अनुशासन और लगन दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर छाया सिंह, डायरेक्टर अमित प्रकाश सिंह, डायरेक्टर पवन प्रकाश सिंह सहित समस्त शिक्षक वर्ग ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

बता दें कि हरिहर सिंह इण्टरनेशनल स्कूल अपनी आधुनिक शिक्षण पद्धति और अनुशासित वातावरण के लिये जाना जाता है। आईसीएसई बोर्ड के मानकों के अनुरूप यहाँ न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रयोगात्मक शिक्षा और अंग्रेजी संवाद कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

प्रसूति व स्त्री रोग संघ ने आमजन को किया जागरूक

जौनपुर। विश्व टीकाकरण सप्ताह के अन्तर्गत गुरूवार को आईएमए भवन लाइन बाजार में आयोजित टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम जौनपुर प्रसूति एवं स्त्री रोग संघ ने किया जिसकी अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष डॉ अंजू कनौजिया एवं संचालन सचिव डा. शैली निगम ने किया।

इस मौके पर चिकित्सकों ने टीकाकरण के महत्व को बताते हुये आधुनिक टीकों की जानकारी दिया तो डा. शकुंतला यादव एवं डा. राम अवध यादव ने सरकार द्वारा लगाये गये टीकों पर चर्चा किया। साथ ही गर्भावस्था में टीडैप (ठ्ठस्रि) एवं फ्लू के टीके के महत्त्व पर जानकारी दी गयी। इसी क्रम में डा. शिखा शुक्ला ने कैंसर से बचाव के लिये एचपीवी वैक्सीन के बारे में बताया तो डा. बीना त्रिपाठी ने रैबीज वैक्सीन को गर्भावस्था में सुरक्षित बताया। वहीं डा. शोभा बिन्द ने सुदूर क्षेत्रों में टीके के प्रचार–प्रसार को आवश्यक बताया। साथ ही समाजसेविका डा. अंजना सिंह को सम्मानित किया गया जिन्होंने संघ के इस पहल की सराहना किया। इस अवसर पर तमाम चिकित्सकों सहित सम्बन्धित लोगों की उपस्थिति रही।

संक्षेप

तमंचा, कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान कोटकी बंबा से आगे कच्चे रास्ते से एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी आकाश निवासी प्रतापपुर थाना पचोखरा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से तलाशी के दौरान एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्?यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

सीएम अभ्युदय योजना

मथुरा। सीडीओ डॉ० पूजा गुप्ता ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सीएम अभ्युदय योजनान्तर्गत पूर्व प्रतियोगी परीक्षा जैसे यूपीएससी, यूपीपीसीएस, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस, एसएससी इत्यादि की तैयारी कर रहें प्रतियोगी अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण-कोचिंग में ऑफलाईन प्रवेश हेतु शैक्षिक सत्र 01 जुलाई से 30 अप्रैल के मध्य निर्धारित किया गया है, जिसके क्रम में सत्र 2026-27 हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

सफाई मजदूर एकता मंच ने नगर निगम पर किया प्रदर्शन

मथुरा। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर उप्र सफाई मजदूर एकता मंच (सम्बद्ध एक्टू) जिला कमेटी मथुरा के तत्वावधान में नगर निगम मथुरा पर जोरदार प्रदर्शन कर गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामरेड उत्तमचंद सहजना ने की। इसमें शहरी आजीविका केंद्र (डूडा) के अधीन कार्यरत डोर टू डोर/डंपर, जेसीबी, ट्रैक्टर वाहन चालकों ने भाग लिया। वर्तमान में ये सभी चालक नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन प्रा. लि. के अधीन कार्य कर रहे हैं। सभी वाहन चालकों का स्वैच्छा से गैराज गोदाम डीग गेट में नगर निगम के वाहनों पर स्थानांतरण किया जाए। चालकों का वेतन नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन प्रा. लि. से न काटकर नगर निगम प्रशासन के बजट से सीधे भुगतान किया जाए। सभी चालक राजेश यादव के अधीन कार्य करने को तैयार हैं। और वृंदावन जॉन के चालकों को वृंदावन में ही कार्यरत रहने दिया जाए। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कामरेड उत्तमचंद सहजना ने कहा कि ष्ठेका प्रथा के नाम पर चालकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सभी ड्राइवरों को अपने अधीन लेना होगा और सीधे वेतन देना होगा।

मजदूर दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

मथुरा। मजदूर समाज की नींव का सबसे मजबूत आधार है। मजदूर परिवार के हित में सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए श्रम विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है। यह विचार मजदूर दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोलते हुए क्रिसिल फाउंडेशन के मुख्य विकास अधिकारी योगेश चंद ने मजदूर जनों को सम्बोधित करते हुए कहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ,मथुरा एवं क्रिसिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विधिक जागरूक ता कार्यक्रम मंडी चोराहे पर मजदूर मंडी पर उपस्थित भवन सनिर्माण मजदूर और ईट मंडी मजदूरों के लिए आयोजित किया गया।

मिल प्रबंध तंत्र ने मजदूरों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

मजदूरों की कठोर मेहनत व प्रतिबद्धता ही कंपनी की सफलता

छाता/मथुरा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित आरएसडब्ल्यूएम कंपनी में आज मजदूर दिवस के अवसर पर कर्मचारियों पर कंपनी प्रबन्ध तंत्र ने पुष्प वर्षा कर मिष्ठान खिलाकर का स्वागत किया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही कि गई मजदूरों की वेतन वृद्धि को पूर्ण रूप से लागू कर दिया गया। बढ़े हुए वेतन को पाकर मजदूरों के चेहरों पर खुशी झलक दिखाई दे रही थी।

आज आरएसडब्ल्यूएम कंपनी के व्यापार प्रबन्धक अरविंद मौर्य ने मजदूर दिवस पर मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और उनके अथक प्रयासों से ही कम्पनी सफलता की ओर अग्रसर है ।सभी कर्मचारियों से इसी तरह निरन्तर प्रयास कर कंपनी में होने बाले उत्पाद को बढ़ाकर देश मे संचालित समस्त मिलों को पीछे छोड़कर उच्च शिखर तक पहुचाने की अपील की है ।वहीं कंपनी के यूनिट हैड गौरव वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम क्षेत्र में कई श्रमिक वेतन वृद्धि को पूर्णतः लागू कर दिया गया है। जिसके तहत करीब 450 मजदूरों को वेतन वृद्धि बोनस वितरित कर दिया गया है। बोनस पाकर मजदूरों के चेहरे खिल उठे। आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड मिल के कारखाना प्रबंधक मनोज शर्मा ने सभी कर्मचारियों को कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर दिवस के अवसर पर हम आपके समर्पण एवं कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं। हम आपके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारियां को पूर्ण रूप से निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस विशेष दिन पर हम सभी सुरक्षित वातावरण बनाए रखने और एक दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखने का आग्रह करते हैं। आप सभी को मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर बिजनेस हैड अरविंद मौर्य यूनिट हैड गौरव वर्मा कमर्शियल हैड मनोज कुमार शर्मा,मूलचंद चैधरी,कविता साहू आदि ने सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

करंट लगने से कैटरर की मौत शादी समारोह में मचा हड़कंप

मथुरा। थाना जैत क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा सर्विस रोड स्थित एक मैरिज होम में शुक्रवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ कैटरिंग का काम कर रहे एक युवक की बिजली की लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, ओमी निवासी राया, छटीकरा सर्विस रोड स्थित चाणक्य मैरिज होम में कैटरिंग टीम के साथ काम कर रहा था। शुक्रवार रात कार्यक्रम के दौरान बिजली की एक लाइन नीचे बिछी हुई थी। काम की आपाधापी में ओमी का पैर अचानक उस नंगे तार पर पड़ गया। पैर पड़ते ही उसे करंट का जोरदार झटका लगा और वह वहीं गिर पड़ा।

मैरिज होम में मौजूद अन्य कर्मचारियों और लोगों ने आनन-फानन में उसे छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, युवक ने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। शादी की खुशियों वाले घर में इस हादसे के बाद मातम पसर गया।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मजदूरों को न्याय दिलाने में पीछे नहीं रहेगी कांग्रेस

मथुरा। मजदूर दिवस पर जिला कांग्रेस द्वारा मंडी चैराहे कृष्णानगर पर निर्माण मजदूरों का सम्मान किया गया और उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके सम्मान और हितों की रक्षा में कांग्रेस पीछे नहीं रहेगी। पार्टी जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने सैकड़ों मौजूद निर्माण मजदूरों को सम्मानित करते हुए कहा कि कांग्रेस के महान नेता लोकमान्य तिलक, लाला लाजपत राय, पंडित जवाहर लाल नेहरू और नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने मजदूरों के अधिकारों की आवाज बुलंद की और उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा था। जबकि शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु ने पब्लिक सेप्टी बिल और ट्रेड डिस्प्यूट एक्ट थोपने के ब्रिटिश सरकार के कदम के खिलाफ धमाका किया था। मौजूदा सरकार मजदूर वर्ग के अधिकारों को छीन कर उन्हें शोषण का शिकार बना रही है। मजदूर नेता कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी ने मई दिवस पर रोशनी डालते हुए असंगठित और ठेका श्रमिकों के शोषण के लिए सरकार और कॉरपोरेट पूंजी की सांठगांठ को दोषी ठहराया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री वैद्य मनोज गौड़, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद, प्रवीण ठाकुर, सौरभ चतुर्वेदी, बलवीर प्रधान आदि ने भी मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

पचोखरा विद्युत फीडर पर स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

टूंडला। स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं का विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा, क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का लगातार प्रदर्शन जारी है, इसी क्रम में शुक्रवार को पचोखरा विद्युत फीडर उपकेंद्र पर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में कोटकी पचोखरा आदि क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में एकत्रित महिलाएं फीडर उपकेंद्र पहुंचीं। एकत्रित महिलाओं ने विद्युत फीडर पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर फीडर परिसर में फेंक दिया। महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। बिल जमा होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है ।बिजली चालू कराने के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के मीटर लगाए जा रहे हैं, जिसे वे स्वीकार नहीं करेंगी। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की। शुक्रवार को छुट्टी का दिन होने के कारण विद्युत फीडर पर तैनात जे.ई मौके पर नहीं पहुंचे महिलाओं ने फीडर पर मौजूद एस.एस.ओ का घेराव कर लिया, सूचना पर पहुंची थाना पचोखरा पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर प्रदर्शन समाप्त कराया और मौके पर मौजूद एस एस ओ ने विद्युत अधिकारियों से बात कर महिलाओं को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया इस दौरान महिलाओं ने कहा कि जब तक उनको बिना सहमति के लगाए गए स्मार्ट मीटर वापिस नहीं लिए जाएंगे तब तक उनका प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विद्युत अधिकारियों संग की बैठक

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 मई 2026 के सफल आयोजन के क्रम में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता साक्षी शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फिरोजाबाद द्वारा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डॉ. बाबू सरंग के कुशल मार्गदर्शन में की गई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से यह कहा गया कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर अधिकाधिक प्रकरणों का समाधान किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके ।साथ ही विद्युत विभाग को यह भी निर्देश दिए गए कि अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करा सकें। बैठक में यह भी अपेक्षा व्यक्त की गई कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालत की तुलना में इस बार अधिक संख्या में प्रकरणों का निस्तारण किया जाए इस अवसर पर योगेश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद द्वारा समस्त अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद श्रमिकों व सेवायोजकों के बीच समझौता, औद्योगिक शांति बहाल

फि रोजाबाद। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्रमिकों की समस्याओं और उनकी मांगों के निस्तारण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट फि रोजाबाद की उपस्थिति में हुई इस वार्ता में श्रमिकों और सेवायोजकों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर सहमति बनी। वेतन वृद्धि लोडिंग श्रमिकों की मांग पर विचार करते हुए उनके वेतन में 30 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। नियमित भुगतान श्रमिकों के वेतन का भुगतान प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में सुनिश्चित किया जाएगा। कार्य पर वापसीः वेतन वृद्धि और अन्य शर्तों पर सहमति बनने के उपरांत सभी श्रमिक पुनः कार्य पर लौटने और कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने पर सहमत हुए। औद्योगिक शांतिः दोनों पक्षों ने आपसी समन्वय के साथ औद्योगिक शांति बनाए रखने और भविष्य में भी संवाद के माध्यम से समस्याओं को सुलझाने की प्रतिबद्धता जताई।

राज्य स्तरीय दिशा समिति सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

टूंडला। राज्य स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा उत्तर प्रदेश सरकार के सह-अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके लखनऊ स्थित विधानसभा कार्यालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय दिशा समिति सदस्य श्रीकृष्ण गौतम जुबैद उर रहमान एवं संजीव कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि दिशा समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी, जिससे केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और गति मिल सके। इसके अतिरिक्त समिति के तीनों सदस्यों ने उत्तर प्रदेश शासन के ग्राम विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री सौरभ बाबू से भी मुलाकात की। इस बैठक में दिशा समिति की आगामी बैठक के आयोजन केंद्र सरकार की योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह मुलाकात प्रदेश में विकास कार्यों की गति बढ़ाने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

ट्रक चोरी गैंग के 4 सदस्य गिरफ्तार, ट्रक सहित 90 लाख के टैबलेट व लैपटॉप बरामद

मथुरा। रिफाइनरी थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ट्रक चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी किया गया एक ट्रक, लैपटॉप, टैबलेट और 80 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामदगी की कुल कीमत लगभग 90 लाख रुपये आंकी गई है।

थाना प्रभारी सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) जयबिंद कुमार गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब 2:52 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। फैक्ट्री एरिया रेलवे लाइन के पास स्थित एक बाड़े में घेराबंदी कर पुलिस ने ट्रक नंबर एचआर 55 ए क्यू 0672 (शिव शक्ति कैरियर) को बरामद किया। मौके से रिजवान, नासिर, मौहब्बत और हासिम नामक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बरामद ट्रक के अंदर से चोरी किए गए लैपटॉप, टैबलेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ ही 80 हजार रुपये नकद भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार, इस ट्रक की चोरी के संबंध में 30 अप्रैल 2026 को थाना रिफाइनरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चोरी का ट्रक फैक्ट्री एरिया के पास छिपाकर रखा गया है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई कर गिरोह का पदार्फाश किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे संगठित तरीके से ई-कॉमर्स कंपनियों के वेयरहाउस को निशाना बनाते थे। गिरोह का एक सदस्य ट्रक ड्राइवर बनकर माल ढुलाई का काम लेता था। रास्ते में ट्रक रोककर उसकी सील काटकर महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर लिए जाते थे। बाद में ट्रक को फिर से सील कर दिया जाता था ताकि किसी को शक न हो। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की तलाश कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की तैयारी है।

गोपाल भट्ट के लाडले राधारमण का हुआ प्राकट्य

मथुरा। वृन्दावन वैशाख पूर्णिमा को गौड़िया वैष्णव संप्रदाय की सप्त निधियों में प्रमुख गोपाल भट्ट गोस्वामी के लाडले राधारमण देव जू का 484वाँ प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

राधारमण लाल अपनी सलोनी चितवन और लीला माधुरी से भक्तों, मुमुक्षुओं और प्रेमी जनों का मन मोह लेते हैं। आचार्य पद्मनाभ गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान से 484 वर्ष पूर्व अपने प्रेम में विह्वल अपने प्रिय भक्त षड गोस्वामियों में प्रमुख गोपाल भट्ट गोस्वामी के करुण हृदयस्थ भावों को जानकर वे शालिग्राम शिला से स्वयं बाँकी मूरत वाले श्यामसुंदर राधारमण बन गए। शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा को राधारमण देव का प्राकट्योत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ तीर्थनगरी में मनाया गया। मंदिर सेवायतों ने प्रभु का महाभिषेक करने के बाद बधाईयां लुटाईं। प्रातःकाल लगभग 8:30 बजे से वैदिक विधि विधान से सेवायतों द्वारा ठाकुरजी का पंचामृत तथा शताधिक जडी-बूटियों से सुवासित दिव्य जल से पुरुषसूक्त के दिव्य मंत्रों से अभिषेक किया। अपहराह्न काल तक चले अभिषेक के दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगा रहा। घंटे-घड़ियालों की महाध्वनि, वैदिक मंत्रोच्चार के स्वर और हरिनाम संकीर्तन की सुमधुर स्वर लहरियों के मध्य संपूर्ण प्राकट्योत्सव का आनंदमय आयोजन हुआ। इसके साथ ही पुष्प वाटिका, चैंसठ महंत, छप्पन भोग, झाला भोग एवं वैष्णव सेवा जैसे आयोजनों के साथ नंदोत्सव की प्राचीन परंपरा के अतंर्गत गोपालोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। ठाकुरजी के अभिषेक तथा महाआरती की नयनाभिराम छवि को हृदयंगम कर लेने का विषेश उत्साह भक्तों में दिखा। अभिषेक के बाद राधारमण देव को पीले रंग की जड़ाऊ पोशाक और स्वर्ण तथा हीरे जवाहरातों के कलात्मक आभूषणों से सुशोभित किया गया। श्रीजी संग उनकी मनोहारी छवि की एक झलक पाने को श्रद्धालु लालायित रहे। इस अवसर पर आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी, आचार्य अनिल गोस्वामी, आचार्य अनुभूति गोस्वामी, सुवर्ण गोस्वामी, देवांशु गोस्वामी, नृसिंह देव गोस्वामी, चंदन गोस्वामी, अनुराग गोस्वामी, शरद गोस्वामी, अमित गोस्वामी, सुमित गोस्वामी, पुष्पांग गोस्वामी, डॉ. कपिल गोस्वामी, पुंडरीक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

न्यूनतम वेतन न मिलने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

जिला संवाददाता (vol)

टूंडला। लाइनपार के रेलवे रनिंग रुम में लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर के लिए खाना बनाने वाले मैस स्टाफ एवं सफाई मित्र अस्थाई कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोत्तरी व अन-?य मांगो के लिए शुक्रवार को कांट्रेक्टर के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किर दिया। इसके साथ ही कर्मचारी अपनी मांगों को पूरी करने के लिए जिद पर अड़ गए।

लाइनपार रेलवे रनिंग रुम में लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर के लिए खाना बनाने वाले मैस कर्मचारियों व सफाई मित्र सुबह 11 बजे लामबंद हो गए। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार की तरफ से आने वाले न्यूनमत वेतन को कांट्रेक?टर अपने पास रख लेते हैं। इसके उपरांत कर्मचारियों को महीने पर साढ़े आठ हजार रुपये दिए जाते हैं। छुट्टी करने पर वेतन से रुपये काट दिए जाते हैं। साथ ही महीने में एक भी छुट्टी नहीं दी जाती है। वेतन कभी टाइम से नहीं आता है। इसके साथ ही हक मांगने पर कांट्रेक्टर पुलिस द्वारा कार्रवाई की धमकी देकर डराते हैं। साथ ही नए कर्मचारियों की भर्ती कर लेते हैं। वहीं, अस-?थाई सफाई कर्मचारियों ने बताया कि कांट्रेक्टर द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। 15 साल करने के बाद भी साढ़े आठ रुपये वेतन दिया जा रहा है। उनका आरोप है कि वेतन में से पीएफ नहीं काटा जाता है। रेलवे रनिंग रुम में मैस व सफाई कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाए जाने की मांग की है।

मांग करने वालों में अंजना गुप्ता ऊषादेवी लालू, हेमंत कुमार मनोज कुमार सौरभ राजकुमारी उमा देवी उत्तम कुमार आकाश, शिवम कुमार सोनू मुनेश कुमार पवन बसंत महेश कुमार सचिन सत्यप्रकाश नमन आदि हैं।

एसएसपी ने किया जैत थाने के नवनिर्मित स्वरूप का लोकार्पण

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्रोक कुमार ने शुक्रवार को थाना जैंत के नवनिर्मित और सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी सिटी, सीओ सिटी, सीओ सदर और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नवनिर्मित कक्षों का लोकार्पण किया। जैंत थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी के विशेष प्रयासों से थाने की सूरत बदली गई है, जिसकी उच्चाधिकारियों ने जमकर सराहना की। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने हवालात, जीडी कार्यालय और मीटिंग रूम के सौंदर्यीकरण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। इससे पूर्व, थाना प्रभारी द्वारा मिशन शक्ति कक्ष, हनुमान मंदिर निर्माण और मुख्य कार्यालय का भी कायाकल्प कराया जा चुका है। अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतर वातावरण के साथ अब यह थाना पुलिसकर्मियों के साथ-साथ फरियादियों के लिए भी काफी सुविधाजनक नजर आ रहा है। इस अवसर पर एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ सदर पीपी सिंह और सीओ सिटी आशना चैधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने थाना प्रभारी की कार्यशैली और पुलिसिंग के साथ-साथ व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उनके जुनून की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी का सौंदर्यीकरण के प्रति विशेष लगाव रहा है। जैत उनके कार्यकाल का 15वां थाना है, जहां उन्होंने अपनी व्यक्तिगत मेहनत और रुचि से पुलिस कार्यालय के बुनियादी ढांचे को नया रूप दिया है। उनके इस समर्पित प्रयास के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों और अन्य सहयोगियों ने उन्हें बधाई दी।

पार्षद पर जानलेवा हमलाः आक्रोशित पार्षदों ने एसएसपी से की सख्त कार्यवाही की मांग

मथुरा। वार्ड संख्या 40 (अर्जुनपुरा) के पार्षद धनंजय सिंह लोधी पर हुए जानलेवा हमले के बाद नगर निगम के पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भारी रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में शुक्रवार को पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मथुरा से मिला और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि 30 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:30 बजे पार्षद धनंजय सिंह लोधी अपने आवास के बाहर खड़े थे। इसी दौरान चुनावी रंजिश के चलते रवि और दीपक (पुत्र रामबाबू) ने उन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। पार्षद ने सूझबूझ दिखाते हुए किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इस संबंध में थाना गोविंद नगर में एफआईआर संख्या 0166/2026 दर्ज कराई गई

एसएसपी से मुलाकात के दौरान पार्षदों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, कठोर कानूनी कार्रवाई तथा पार्षद सुरक्षा प्रदान करने की मांग रखी। पार्षदों का कहना था कि यदि जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो वे निर्भीक होकर जनता की सेवा कैसे कर पाएंगे। उन्होंने इस घटना को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला बताया। प्रतिनिधिमंडल में उपसभापति मुकेश सारस्वत, राजीव सिंह, मुन्ना मलिक, अंकुर गुर्जर, हनुमान गुर्जर, धर्मेश तिवारी, धर्मेश नौहवार, मुनेश दीक्षित, बृजेश खरे, यतेंद्र माहौर, नीरज वसिष्ठ, कुंजबिहारी भारद्वाज, नरेंद्र लोधी और सुधांशु खंडेलवाल सहित कई पार्षद व स्थानीय नागरिक शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

मथुरा। वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में स्व. बृज बिहारी शर्मा की पुण्य स्मृति में ह्यटीचर्स ऑफ द ईयर अवार्डह्ल समारोह अटल्ला चुंगी स्थित एक होटल के सभागार में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिसमें शिक्षण सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट अध्यापन कार्य करने वाले वृंदावन नगर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं, जो विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कारों से भी सिंचित करते हैं। मुख्य अतिथि मथुरा-वृंदावन नगर निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान करना नई पीढ़ी को प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर महामंत्री विनीत शर्मा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक ही एक अच्छे समाज की नींव रखता है। उन्होंने परिषद के इस आयोजन की सराहना की। पूर्व पार्षद मुन्नालाल निषाद एवं अमित गौतम ने कहा कि शिक्षकों के समर्पण और मेहनत के कारण ही विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

इससे पूर्व विभिन्न विद्यालयों से चयनित अर्चना त्रिपाठी, मोनिका शर्मा, किरण यादव, ललिता सारस्वत, लक्ष्मी शर्मा, भूप सिंह , प्रभाकर शर्मा, राम हरि शर्मा, सुखबीर सिंह, नीरज वर्मा, विमलेश सैनी, काजल गुप्ता, सचिन कुमार, रेनू उपाध्याय, मोनिका, पार्वती तिवारी, ओमती पाठक, रेनू सिंह, आदित्य उपाध्याय, वैष्णवी त्रिपाठी, राशि अग्रवाल, विपिन नागर, पारुल भट्ट, भारती सैनी , मधु शर्मा, ज्योति शर्मा, सुशीला परिहार, राखी निषाद, भावना शर्मा, रूपा शर्मा को स्मृति चिह्न, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उमेश दुबे गोलू पंडित, आशीष चैहान, विष्णु गोला, डॉ सचिन अग्रवाल, जितेंद्र कुमार गौतम, दुष्यंत दीक्षित गोपाल शर्मा, मुकेश कृष्ण शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

ताज एक्सप्रेस पर हमला, लोहे का पाइप फेंककर खिड़की तोड़ी, दंपती घायल

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। दिल्ली से ग्वालियर जा रही ताज एक्सप्रेस पर शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज हमला हुआ। होडल और कोसीकलां रेलवे स्टेशनों के बीच अज्ञात व्यक्ति ने चलती ट्रेन की इमरजेंसी खिड़की पर लोहे का पाइप फेंक दिया, जिससे खिड़की का शीशा टूट गया और पाइप कोच के अंदर आ गिरा। इस घटना में एक दंपती सहित कई यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दक्षिणी दिल्ली के शक्ति विहार निवासी राजेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। सुबह करीब 8रू53 बजे, होडल स्टेशन पार करने के तुरंत बाद करीब ढाई फीट लंबे और लगभग 2 इंच मोटे लोहे के पाइप से ट्रेन पर हमला किया गया। इस हमले में राजेश अग्रवाल के चेहरे और कंधे पर गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी खुशबू और अन्य यात्रियों को हल्की चोटें लगीं। घटना के बाद कोच में अफरा-तफरी मच गई। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल यात्री को ट्रेन से उतारकर प्राथमिक उपचार दिलाया। बाद में परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मध्यपूर्व में तेल राजनीति

दशकों से ऑयल डिप्लोमेसी और तेल कीमतों पर नियंत्रण की धुरी रहे ओपेक के बिखरने के बाद अब मध्य पूर्व की तेल राजनीति में व्यापक बदलाव संभावित है। यूएई यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस से अलगाव की घोषणा की है, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति का एक और निश्चित मार्ग खुल गया है। इससे अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में प्रतिस्पर्द्धा की नयी शुरुआत होगी, नतीजतन तेल की कीमतें भी गिरेंगी। ओपेक तेल उत्पादक और निर्यातक देशों का संगठन है। फिलहाल सऊदी अरब उसका नेतृत्व कर रहा है। करीब 59 साल उसका हिस्सा बने रहने के बाद यूएई ने अलग होने का फैसला किया है। उसके कई कारण हैं। ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर ईरान की नाकेबंदी ने खासकर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमरीका के देशों में गंभीर ऊर्जा-संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में यूएई का फैसला कमोवेश भारत के लिए वरदान-सा है। फिलहाल भारत करीब 140 अरब डॉलर का तेल सालाना खरीदता है। यदि तेल के दाम 1 डॉलर कम होते हैं, तो भारत का आयात बिल 10,000 करोड़ रुपये कम हो जाता है। यूएई के फैसले पर अमल किया जाता है, तो भारत सालाना 50,000 करोड़ रुपये से 1 लाख करोड़ रुपये तक की बचत कर सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यूएई स्वतंत्र रूप से, तेल की कितनी भी मात्रा, भारत को निर्यात कर सकेगा और वह आपूर्ति निर्बाध भी होगी, क्योंकि रास्ता होर्मुज से अलग होगा। भारत अभी सबसे अधिक 15.7 लाख बैरल तेल प्रतिदिन रूस से खरीद रहा है। हमारी तेल की जरूरतों में यह रूस की 38 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी है। सऊदी अरब से औसतन 6.22 लाख बैरल कच्चा तेल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 4.35 लाख बैरल तेल प्रतिदिन खरीदा जा

रहा है। भारत की आबादी 145 करोड़ से अधिक और विश्व में सर्वाधिक है। लिहाजा हमारी तेल-जरूरतें भी व्यापक हैं। रूस, सऊदी, यूएई के अलावा, भारत को अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, कनाडा आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है। भारत 35-50 फीसदी तेल होर्मुज के रास्ते आयात करता रहा है। करीब 42 फीसदी एलएनजी और 88 फीसदी एलपीजी का आयात भी होर्मुज के रास्ते ही होता रहा है। ईरान युद्ध के बावजूद होर्मुज के रास्ते करीब 40 लाख बैरल ईरानी तेल और अन्य टैंकर भारत पहुंचे हैं। भारत को निरंतर और निर्बाध तेल के आयात की जरूरत है, लिहाजा यूएई ओपेक से अलगाव के बाद जैसे ही अपनी तेल-नीति तय करता है, तो उसमें भारत जैसे 'रणनीतिक साझेदार' देश के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। भुगतान की शर्तें भी लचीली हो सकती हैं और खरीद भारतीय मुद्रा रुपये में हो सकती है। ईरान युद्ध के दौरान जब यूएई के तेल ठिकानों और रिफाइनरियों पर हमले किए गये और होर्मुज बंद किए जाने से सप्लाई चेन बाधित हुई, तो उस दौर में ओपेक यूएई के लिए सुरक्षा-कवच साबित नहीं हो पाया। सऊदी के साथ तीखी बहसें जारी रहीं, क्योंकि यूएई अपना कोटा बढ़ाने की लगातार मांग कर रहा था और सऊदी उसे खारिज करता रहा था। ओपेक में रहते हुए यूएई अपनी क्षमता का 60-65 फीसदी ही तेल बेच पा रहा था। उत्पादन काफी था और भंडारण सीमित था। अब अलगाव के बाद यूएई अधिक तेल बेच पाएगा और ज्यादा कमाई कर मुनाफा भी हासिल कर सकेगा। भारत के लिए यह शुभ और सीधा-सपाट रास्ता है, क्योंकि अब अबू धाबी क्रूड ऑयल पाइपलाइन से होते हुए सीधा फुजैरा बंदरगाह तक पहुंचेगा। फुजैरा ओमान खाड़ी के तट पर है। वहां से तेल टैंकर सीधे अरब सागर में जाएंगे। होर्मुज पार करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वहां से भारत के पश्चिमी तट के बंदरगाह सुविधाजनक दूरी पर हैं। यह वैश्विक ऊर्जा राजनीति के लिए भी सकारात्मक संकेत है। इससे भारत को एक ऐसे दौर में जब मिडिल ईस्ट युद्ध के कारण गंभीर ऊर्जा का संकट खड़ा है, तब इस संकट से बचने में मदद मिलेगी।

विचार

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ-प्रदर्शन करता है।

-गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

-स्वामी विवेकानन्द.

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

-महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

-वेदव्यास.

सरकार तेल कीमतें बढ़ाने की भूमिका न बांधे

वीना सुखीजा

देश में कोई भी आपदा आते ही प्रशासन तंत्र की बांछें खिल जाती हैं, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक इस आपदा का फायदा मिलता है। इसलिए कम से कम केंद्र और राज्य सरकारें तो आम आदमी पर रहम करें। इस मामले में सरकार इतनी भी प्रिडेक्टेबल न बने कि चीख-चीखकर राज्यों के चुनावों के दौरान जो आशंका चुनाव हो जाने के बाद पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ जाने की जतायी जा रही थी, उसे बेशर्मी से सही साबित होने दे।

अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आये भी नहीं कि तेल कंपनियों की तरफ से तेल महंगा किये जाने के भूमिका का बांधा जाना शुरू हो गया है। तेल कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें हर दिन 2400 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। जाहिर है तेल कंपनियां खुद डीजल और पेट्रोल की कीमत बिना सरकार की इजाजत नहीं बढ़ाएंगी। इसलिए अप्रत्यक्ष तौरपर यही समझा जा सकता है कि सरकार के इशारे पर ही उन्होंने भूमिका बांधनी शुरू कर दी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिस तरह से दोबारा ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, उसको देखते हुए किसी भी समय फिर से जंग शुरू होने के आसार बन गये हैं। साथ ही यह भी सही है कि पिछले एक पखवाड़े के भीतर क्रूड ऑयल की कीमत प्रति बैरल 96 अमरीकी डॉलर से बढ़कर गुजरे 30 अप्रैल 2026 को 116 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी। इससे हिसाब लगाकर भारतीय तेल कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें प्रति लीटर पेट्रोल में 14 रुपये और डीजल में 18 रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है। जबकि हकीकत यह है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जब ज्यादातर समय यानी 27 फरवरी 2026 के पहले तक क्रूड ऑयल औसतन 71 डॉलर प्रति बैरल रहा, तब इन कंपनियों ने 9 महीने में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये यानी हर रोज करीब 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

ऐसे में सवाल है कि आखिर जब तेल कंपनियां लाभ कमा रही थीं और उनसे कई गुना ज्यादा सरकारें कमा रही थीं, तब किसी को यह ख्याल क्यों नहीं आया कि आखिर जब क्रूड ऑयल सस्ता मिल रहा है, तो क्यों न उसका लाभ आम आदमियों को भी मिले? लेकिन अब, जब क्रूड ऑयल महंगा हो गया है, तो तेल कंपनियों के कंधे पर बंदूक रखकर केंद्र और राज्य सरकारें कीमतें बढ़ाने की भूमिका बांध रही हैं। वैसे अगर आज भी तेल का ईमानदार गणित देखा जाए तो अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मुनाफे को इस आपदा के समय आम आदमियों पर रहम करते हुए खत्म कर दें या खत्म न करें तो कम से कम आधा ही कर दें, तो भी न केवल आम लोगों को बल्कि

देश में सभी की जरूरतों के लिए जो तेल बिकता है, वह उसी कीमत पर बना रहेगा, जो फिलहाल है बल्कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मुनाफे को दो तिहाई छोड़ दें तो लोगों को पेट्रोल ईरान-अमेरिका$इजरायल जंग शुरू होने से पहले की कीमत से भी सस्ता मिल सकता है। अगर आपको यकीन न आ रहा हो तो जरा 100 रुपये के पेट्रोल का पूरा ब्रेक डाउन देखें। 100 रुपये में मिलने वाला यह पेट्रोल कच्चे तेल के रूप में विदेशों से 35 से 40 रुपये में आता है। अगर खरीद और बिक्री के बीच डॉलर के विरूद्ध रुपया कमजोर हो जाता है या मजबूत हो जाता है, तब थोड़ा घट-बढ़ सकता है वर्ना आज की तारीख में 100 रुपये का जो पेट्रोल हम खरीदते हैं, कच्चे तेल के रूप में वह 35 से 40 रुपये के बीच आता है। अब इसे रिफाइन करने और ट्रांसपोर्ट करके बिक्री की जगह ले जाने में 8 से 10 रुपये खर्च होते हैं यानी 43 से 50 रुपये बन गये। अब इस बिकने वाले डीजल और पेट्रोल में तेल कंपनियों का मार्जन 3 से 5 रुपये प्रति लीटर बनता है यानी एक लीटर पेट्रोल 46 से 55 रुपये तक की कीमत का हुआ, जो हमें 100 रुपये में मिलता है।

जनता पर महंगाई का बोझ न डाले सरकार

सवाल है फिर 45 से 54 रुपये कौन ले जाता है? तो इसमें 18 से 20 रुपये सीधे केंद्र सरकार एक्साइज ड्यूटी के रूप में लेता है और राज्य सरकारें 20 से 25 रुपये प्रति 100 रुपये के पेट्रोल-डीजल में अपने मुनाफे के रूप ले लेती हैं। यह भी जान लीजिए हर राज्य का वैट अलग-अलग है। कुछ राज्यों में तो यह 30 फीसदी से भी ज्यादा है। कहने का मतलब यह कि 100 रुपये का अभी जो हम पेट्रोल खरीदते हैं, उसमें 46 से लेकर 54 रुपये तक सरकारों का टैक्स या उनकी उगाही होती है और यह कोई आज की बात नहीं है, यह हमेशा से ऐसा ही रहा है। ऐसे में अगर फिलहाल तेल का जो वैश्विक संकट खड़ा हो गया है, उसमें केंद्र और राज्य सरकारें यदि अपने मुनाफे को आधा भी कर दें, तो आम लोगों को न केवल इस जंग की हालात बनने के पहले की कीमत पर डीजल-पेट्रोल मिलता रहेगा बल्कि तब भी केंद्र और राज्य सरकारों को अच्छा खासा मुनाफा भी होता रहेगा। लेकिन न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकारें अपने मुनाफे में कतई किसी तरह की कटौती नहीं करना चाहतीं।

ये सब इस आपदा को अवसर के रूप में भुनाने की कोशिश में हैं और इसके लिए वो खुद आगे बढ़कर कुछ नहीं कह रहीं बल्कि तेल कंपनियों के जरिये महंगे तेल की भूमिका बनवा रही हैं। अगर जैसे कि भूमिका बनायी जा रही है, तेल कंपनियों ने 4 मई 2026 जिस दिन 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने हैं, के बाद या उसके पहले 10 रुपये प्रति लीटर भी डीजल और पेट्रोल में इजाफा कर दिया, तो आम लोगों का जीना दूभर हो जायेगा। क्योंकि तेल और डीजल भले 10 रुपये ही महंगा हो, बाकी हर चीज इससे दूयोढ़ी या दुगनी महंगी होगी। जब से ईरान जंग शुरू हुई है, तब से रसोई गैस या दूसरी चीजों के महंगे होने के कारण मासिक बजट में 3 से 4 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई है और अब अगर यह कहर टूटा तो आम लोगों की तो छोड़िये मध्यवर्ग भी सीधी कमर के साथ खड़ा नहीं रह पायेगा। क्योंकि डॉलर के विरूद्ध रुपया पहले ही 95 तक पहुंच गया है। इस कारण अप्रत्यक्ष रूप से महंगाई हर क्षेत्र में 8 से 10 फीसदी तक बढ़ गई है, जिसका कोई जिक्र ही नहीं हो रहा। अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ी महंगाई और गैस की किल्लत के कारण वैसे भी पिछले तीन महीनों में 15 से 20 फीसदी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का शहरों से अपने गांवों की ओर पालयन हो चुका है। क्योंकि गैस की किल्लत भले न हो, लेकिन आम लोगों को जिनके पास सरकारी गैस कनेक्शन नहीं है, उन्हें यह ईरान-अमरीका के जंग की पहले के मुकाबले दुगनी कीमत पर मिल रही है। बंग्लुरु जैसे शहर में जो आईटी का गढ़ और पढ़े-लिखों का सेंटर माना जाता है, वहां भी जिन लोगों के पास गैस का कनेक्शन नहीं है, उन्हें 12 किलो एलपीजी का सिलेंडर भी दुकानदार बड़ी मुश्किल से 33-34 सौ रुपये का दे रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ और भोपाल में पिछले दिनों 5 किलो वाले छोटे गैस सिलेंडर के लिए जो 2000 से 3000 रुपये तक की कीमत वसूली जा रही थी, वह सिर्फ अफवाह नहीं थी।

अपने देश में कोई भी आपदा आते ही प्रशासन तंत्र की बांछें खिल जाती हैं, क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक हर किसी को इस आपदा का फायदा मिलता है। इसलिए कम से कम केंद्र और राज्य सरकारें तो आम आदमियों पर रहम करें। इस मामले में सरकार इतनी भी प्रिडेक्टेबल न बनें कि चीख-चीखकर राज्यों के चुनावों के दौरान जो आशंका चुनाव हो जाने के बाद पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ जाने की जतायी जा रही थी, उसे बेशर्मी से सही साबित होने दें। क्योंकि चुनाव के दौरान केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय से संबंधित नौकरशाह बार-बार यह कह रहे थे कि चुनाव के बाद फिलहाल दाम बढ़ाये जाने की कोई योजना नहीं है। इसलिए कृपया सरकार अपने उस कहे हुए पर कायम रहे, पहले ही महंगाई की मार से दोहरे हो रहे आम लोगों पर और ज्यादती न करें।

सोशल मीडिया

आज के युवजन पूछते हैं कि मधु लिमये कौन थे? दोष उनका नहीं, हमारा है। राजनीति में किसे याद किया जायेगा, यह उसके काम से ज्यादा वारिसों की हैसियत पर निर्भर करता है। योगेन्द्र यादव.

ईश्वर में आस्था

भगवान से मांगने योग्य वस्तुएं श्रद्धा, हिम्मत, श्रमनिष्ठा, सच्चरित्रता, करुणा, ममता, पवित्रता और विवेकशीलता जैसी वे सद्भावना एवं सत्प्रवृत्तियां हैं जो विपन्नता को सम्पन्नता में बदल देती हैं और अभाव रहते हुए जिनके कारण विपुल सम्पन्नता का सुख अनुभव होता रहता है। प्रगति और सफलता का सारा आधार सद्गुणों पर अवलम्बित है। उनके बिना अकस्मात् किसी प्रकार कोई लाभ मिल भी जाये तो उसे संभालना और स्थिर रखना संभव न होगा। सदुपयोग केवल उस वस्तु का किया जा सकता है जो उचित मूल्य देकर उपार्जित की गयी है। अनायास बिना परिश्रम के मिली हुई सम्पत्ति का उपव्यय ही होता है और उससे अनेक व्यसन और उद्वेग पैदा होते हैं जिनके कारण वह उपलब्धि सुखदायक न होकर अनेक विपत्तियां और विकृतियां उत्पन्न करने का कारण बन जाती है। भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उस सद्गुणों का उपहार देते हैं क्योंकि वे अपने आप में इतने महान हैं कि यदि साधन सम्पन्न्ता न भी हो, तो भी केवल उन सद्गुणों की सम्पदा के आधर पर मनुष्य सुखी समुन्नत और सम्मानित जीवन जी सकता है। यही दिव्य संपदाएं भगवान से मांगनी चाहिए।

यही हैं वे विभूतियां जिन्हें वे अपने भक्तों को दिया करते हैं। भौतिक सफलताएं हमें अपनी भुजाओं और कलाइयों से मांगनी चाहिए। अपनी अकल को तेज करना चाहिए और सूझ बूझ से काम लेना चाहिए। अवरोध उत्पन्न करने वाली त्रुटियों को सुधारना चाहिए। सफलता का द्वारा खुल जायेगा। भगवान स्वयं अपनी विधि व्यवस्था में बंधे हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में अपने आपके साथ तक कोई रियायत नहीं की, अपने सगे संबंधियों तक को छूट नहीं दी। कर्मफल की व्यवस्था को ही सर्वत्र प्रधान रखा। ऐसा न होता तो कोई पुरुषार्थ करने के लिए ही क्यों होता और कुकर्मों से बचने के लिए किसी को आवश्यकता ही क्या पड़ती? प्रार्थना मात्र से सारी सुविधाएं मिल जाती तों फिर कठोर, कर्मठता के लिए कठिबद्ध होने की इच्छा ही क्यों होती? जिन मनुष्यों की वासनाएं शांत हो गयी हैं, उनके मन मंदिर में आठोयम प्रेम ज्योति प्रज्जवलित है। वे इन्द्रियों के दास नहीं, इन्द्रियां स्वयं उनकी दासता में रहती हैं। सांसारिक प्रपंच किसे कहते हैं, इससे उन्हें कोई प्रयोजन नहीं। वे समय पर धर्म की बेदी पर प्राण न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहते हैं और धर्म संस्थापन के लिए ही जीवन है। सरलता, नम्रता, सहनशीलता, सम्प्रति ही उनके जीवन के मुख्य साधन हैं। उनमें अहं भव का नाम-मात्र भी नहीं होता। ऐसे मनुष्य सत्य की शीतल छाया में जीवन व्यतीत करते हैं।

अंतर्दृष्टि

मीडिया पर विश्वसनीयता का संकट

लोकमित्र गौतम

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस (3 मई) पर विशेष

एक जमाना था कि लोग सुबह उठकर अखबार का इंतजार करते थे। तभी पता चलता था कि रात में क्या-क्या हुआ? लेकिन इंतजार नाम की कोई चीज ही नहीं बची, हर मिनट में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती रहती हैं। लेकिन बड़ी बात यह नहीं है, बड़ी बात यह है कि सुबह नींद खुलते ही जब हम अपना मोबाइल फोन खोलते हैं, तो उसमें फेसबुक से लेकर एक्स और इंस्टाग्राम तक में खबरों की जो बारिश होती है, उनमें से कितनी खबरें पूरी तरह से सही हैं, कितनी खबरों में आधी हकीकत और आधा फसाना है और कितनी सौ फीसदी झूठ हैं, इसका अंदाजा लगाना बहुत मुश्किल हो गया है। क्योंकि सारी खबरें लगभग एक जैसी होती हैं। वीडियो, ट्विट, ब्रेकिंग अलर्ट खबर पाने के जितने जरिये, जितने साधन हैं, सच बात तो यह है कि सब पर भरोसे का संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है। ऐसे में विश्व प्रेस दिवस पर किन-किन मुद्दों पर बात की जाए; क्योंकि सच्चाई यह है कि आज मीडिया पर एक नहीं अनेक तरह के संकट मंडरा रहे हैं। विश्वसनीयता का संकट, सरकारी सेंसरशिप का संकट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस द्वारा गढ़ी गई झूठी खबरों का संकट और डीप फेक का संकट जिसमें सच, झूठ जैसा लगता है और झूठ बिल्कुल सच जैसा। सच्चाई तो यह है कि हाल के सालों में जिस एक क्षेत्र को सबसे ज्यादा तकनीकी की मार और खास करके सूचना तकनीकी की क्रांति की मार झेलनी पड़ी है, वह क्षेत्र प्रेस यानी मीडिया का क्षेत्र ही है। ऐसे में हम चाहे जागरुक इंसान हों या फिर अनुभवी मीडियाकर्मी ही क्यों न हों, बहुत विश्वास से नहीं कह सकते कि जो खबरें हम तक पहुंच रही हैं, वो विश्वसनीय हैं, वो किसी किस्म के बायस का शिकार नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि तकनीक और वह भी डिजिटल तकनीक ने जिस एक क्षेत्र को सबसे ज्यादा उड़ान दी है, वह मीडिया का क्षेत्र ही है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने पत्रकारिता को कल्पना से भी ज्यादा तेज रफ्तार प्रदान की है। रफ्तार ही नहीं सटीकता भी अब सौ फीसदी की मांग पर खरी उतरती है बशर्ते ईमानदारी से तकनीक का इस्तेमाल हो।

आज किसी भी पत्रकार या विश्लेषक के पास इतना पुष्ट संदर्भ संबंधित डाटा होता है कि उसे अपनी बात कहने के लिए शब्दों की बहुत तिकड़मबाजी का सहारा नहीं लेना पड़ता। लेकिन शर्त यही है कि आपके पास उपलब्ध संसाधन वास्तविक हों, ईमानदार हों। नहीं तो यही तकनीक की तीव्रता, दुधारी तलवार बन जाती है और खबरों को सच और झूठ का एक ऐसा संस्करण बना देती है कि सच पढ़ करके भी यकीन नहीं होता और झूठ देख या पढ़कर भी झूठ नहीं लगता। आज न्यूज रूम में ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग सिस्टम, ट्रेंड एनालिसिस और रियल टाइम अपडेट्स इतने प्रभावी हैं कि अगर ईमानदारी से तथ्यपूर्ण खबरें प्रस्तुत की जाएं तो अलग से विश्लेषण की भी जरूरत नहीं रह जाती। क्योंकि आज सच को सच समझने के बेहद उन्नत साधन हैं। लेकिन मुसीबत ये है कि जो साधन उन्हीं सच को सच बताने और दिखाने में महत्वपूर्ण है, उसी तरह झूठ का संसार गढ़ने में भी ये तकनीक पूरी तरह से खरी उतरती है, विशेषकर तब जब डीप फेक के रूप में हाथ में मौजूद मोबाइल तक पहुंच जाता है, तो इस झूठ से कैसे पार पाया जा सकता है? शायद यही कारण है कि इन दिनों पहले वायरल, फिर सत्यापन एक तरह से खबरों का क्रम ही बन गया है। जबकि पहले किसी खबर का पहले सत्यापन होता था और फिर वह वायरल होती थी। आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में कोई भी खबर वायरल हो जाती है और जब वह किसी शक्तिशाली व्यक्ति या समूह को टारगेट करती है, तब उसके सत्यापन की बात आती है, लेकिन बाद में भले ये साबित हो जाए कि वो झूठी खबर थी, लेकिन उसका असर जितना होता है, वह हो चुका होता है। इसलिए इस वायरल और सत्यापन के दौर में मीडिया पर लगातार विश्वसनीयता का संकट मंडरा रहा है। एक बार गलत खबर फैल जाए तो बाद में चाहे जितने जोरदार ढंग से खंडन आएं, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि जो बात आम लोगों तक एक बार पहुंच जाती है, अगर वह बात उनके बने-बनाये विश्वास को सच लगती है, तो फिर चाहे कोई जितना खंडन करे, लोग उसे सच ही मानते हैं। शायद यही कारण है कि जबसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता का मीडिया के क्षेत्र में जोरदार इस्तेमाल होना शुरू हुआ है, तबसे मीडिया एक न्यूज इंडस्ट्री में बदल गई है और उसे ऐसा बनाने में एआई का बहुत बड़ा हाथ है।

आज फेक न्यूज कोई छोटी मोटी समस्या नहीं है बल्कि विश्वसनीयता की सबसे बड़ी समस्या है। क्योंकि फेक न्यूज आजकल कोई अकेला शख्स नहीं गढ़ता बल्कि बकायदा इसकी इंडस्ट्री लग चुकी है। एआई टूल्स की मदद से न सिर्फ पलक झपकने की दूरी में टेक्स्ट बल्कि फोटो और वीडियो तक जनरेट किये जाते हैं। नकली इंटरव्यू, फर्जी घटनाओं के असली से लगते वीडियोज, बार-बार बदलते गवाहों के बयान और यहां तक कि नकली न्यूज वेबसाइट्स जिनकी जांच शुरू करने के बाद वे मिनटों में गायब हो जाती हैं। यह सब मिलकर मीडिया की विश्वसनीयता पर घने-घने बादलों का साया पड़ जाता है। यही कारण है कि आज मीडिया, मीडिया के बाहर वालों के लिए नहीं बल्कि मीडिया के अंदर के लोगों के लिए भी फेक न्यूज का संकट, सबसे बड़ा संकट बन गया है। एक जमाना था कि लोग मीडिया में इंटरव्यूज और ग्राउंड रिपोर्टिंग पर सबसे ज्यादा भरोसा करते थे। लेकिन जब से इन दोनो विधाओं में काम करना आसान हुआ है, तब से इतने ज्यादा झूठे इंटरव्यूज और ग्राउंड रिपोर्टें आती हैं कि लोगों का खबरों की दुनिया के इन दो सबसे महत्वपूर्ण हिस्सों पर से विश्वास उठ गया है। मीडिया पर भरोसे की ये दीवार किसी एक दिन में नहीं गिरी बल्कि धीरे-धीरे, कदम दर कदम गिरी है।

शायद इसलिए क्योंकि विश्वसनीयता का संकट सिर्फ तकनीकी नहीं है बल्कि सामाजिक भी है। आज किसी एक जाति की समस्या को उसी जाति का पत्रकार लिखता या रिपोर्ट करता है, तो उसकी जाति समूह के लोग इस रिपोर्टिंग को अंतिम सच मान बैठते हैं। मतलब यह कि राजनीति की तरह मीडिया में भी जबर्दस्त जातिवाद की घुसपैठ हो गई है। जब बार-बार फेक न्यूज सामने आती है, तो लोग सिर्फ उस चैनल, अखबार या उस वेबसाइट पर ही नहीं बल्कि समूचे मीडिया जगत पर सवाल उठाते हैं। यही कारण है कि भले यह संकट कुछ गिने चुने बड़े संस्थानों की देन हो, लेकिन उसके कारण आज समाज के बीच में पत्रकारिता विशेषकर ग्राउंड रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता बेहद कम हो गई है।

हाल के सालों में एक और ट्रेंड मीडिया को परेशान कर रहा है। लगभग 90 फीसदी से ज्यादा युवा पारंपरिक मीडिया से दूर चले गये हैं। यही नहीं लोग अपनी पसंद के हिसाब से सच्चाई चुनने लगे हैं और न्यूज कंजमशन भी एक तरह का 'इको चैंबर' बन गया है। कहने का मतलब यह कि लोग वही खबरें देखना चाहते हैं, जिस तरह के विचारों से उनके विचार मेल खाते हैं। इस बढ़ते ट्रेंड के कारण पत्रकारिता का मूलभूत उद्देश्य स्पष्ट सूचना देना भी न सिर्फ कमजोर पड़ा है बल्कि अविश्वसनीय हो चला है। ग्राउंड रिपोर्टिंग जो पहले कभी मीडिया यानी पत्रकारिता की जान हुआ करती थी, अब वही ग्राउंड रिपोर्टिंग डिजिटल तकनीकी का भ्रम बनकर रह गई है। हालांकि आज भी मीडिया की असली ताकत वही है, लेकिन डिजिटल मीडिया का शोर इस कदर बढ़ गया है कि इस शोर में ग्राउंड रिपोर्टिंग का भरोसा गुम हो गया है। एआई और डीप फेक के कारण सबसे ज्यादा असर ग्राउंड रिपोर्टिंग पर ही हुआ है। अखबार और चैनल भी अब फील्ड रिपोर्टर्स बहुत कम रखते हैं, ज्यादातर काम स्टूडियो डिबेट्स के जरिये पूरा हो रहा है। यही कारण है कि असली मुद्दे छूट जाते हैं, जो इस इकोसिस्टम पर अपनी ताकतवर पकड़ रखता है, वही मुद्दे भी गढ़ता है और नैरेटिव भी। इसलिए आज इस आधुनिक दौर की पत्रकारिता और मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट इसकी विश्वसनीयता ही है।

आप की बात

स्वरोजगार के मौके बढ़ायें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं।

वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.

शहरों में बढ़ते वाहन

महानगरों में वाहनों की रेलम-पेल, विकसित हो रहे दूसरे श्रेणी के शहरों में सड़क किनारे उड़ती धूल, नवनिर्माण और बेतरतीब जाम से वायु मंडल में प्रदूषित हवा का जो कॉकटेल बनता है, उसकी चपेट में आकर लोगों की सांसें थम रही हैं। अस्पताल सांस रोगियों से भरे हैं। बार-बार सर्दी, जुखाम, छींकते-खांसते लोग बता रहे हैं कि शहरों की आबो-दिन प्रतिदिन खराब हो रही है। एयर क्वालिटी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी है उसमें वैश्विक रैंकिंग में जहरीली हवा के मामले में देश के अनेक शहर जैसे लुधियाना, कानपुर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक टॉप कर चुके हैं। इस बार बिहार का बेंगुसराय इस लिस्ट में टॉप पर है। यह दो साल पहले का आंकड़ा है लेकिन है चिंताजनक।

विनोद कुमार द्विवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

बुद्ध पूर्णिमा पर भाजपाइयों ने किया भगवान बुद्ध को नमन

अयोध्या। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पार्टी कार्यालय सहादतगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन त्याग, करुणा और अहिंसा का संदेश देता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बुद्ध के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के लिए हमें उनके सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे समाज के कमजोर वर्गों की सेवा कर बुद्ध के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने मानवता को सत्य, अहिंसा और मध्यम मार्ग का संदेश दिया, जो आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है।उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में उनके उपदेशों को आत्मसात कर एक समरस और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर 167 जोड़ों का सामूहिक विवाह

जिला संवाददाता

अयोध्या। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित निर्माण श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही ह्यकन्या विवाह सहायता योजनाह्ल के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपश्रमायुक्त कार्यालय, खपराडीह कोठी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 167 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें 164 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से तथा 3 मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलवी द्वारा कराया गया।अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर वर्चुअल माध्यम से जुड़े और श्रमिकों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवदंपति को 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, साथ ही विवाह आयोजन हेतु प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये व्यय किया गया।

- प्रत्येक नवदंपति को प्रदान की गई 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता
- सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: वेद प्रकाश गुप्ता

कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे प्रयास न केवल आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ सामाजिक मुख्यधारा में आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। ऐसे सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में व्याप्त कुरीतियों, दिखावे और अनावश्यक खर्चों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करते हैं तथा सादगीपूर्ण और संस्कारयुक्त वैवाहिक परंपरा को प्रोत्साहित करते हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत सराहनीय है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। उपश्रमायुक्त अमित मिश्रा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों से बोर्ड में पंजीयन कराने की अपील किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक परिवार उपस्थित रहे।

सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

जिला संवाददाता

बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों, उद्यमियों एवं श्रमिकों को नवीन श्रम संहिताओं तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं अन्तर्गत विभिन्न लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उप श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी द्वारा सभी उपस्थित का आभार ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर कुलभूषण अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, विनोद अग्रवाल, दीपक कुमार, आशीष, सुमित खन्ना, मनीष मल्होत्रा, प्रमोद डालमिया, सुशील भल्ला सहित अन्य उद्यमी एवं व्यापारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक व लाभार्थी मौजूद रहे।

पोस्ट मास्टर से प्रियंका बनीं असिस्टेंट रजिस्ट्रार

बाराबंकी। जागो री जागो संस्था अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश की बहू प्रियंका का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की यूनिवर्सिटी सर्विस के अधीन सहायक रजिस्ट्रार के पद पर चयनित होने पर प्रियंका ने भारतीय डाक विभाग में पोस्टमास्टर पद पर कार्यरत रहकर मेहनत से यह सफलता अर्जित कर जनपद को गौरवान्वित किया है। चन्द्र प्रकाश खादी और ग्रामोद्योग आयोग से सेवानिवृत्त विकास अधिकारी है। और जागो री जागो सामाजिक कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों में बचपन से शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े वह उच्च शिक्षित हों। स्वस्थ रहे समाज में निष्वार्थ भाव से जागरूकता लाने की मुहिम चलाकर अपना जीवन बिता रहे है। बहू प्रियंका ने मेहनत, लगन और मजबूत इरादों के दम पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद पर चयनित होकर एक प्रेरक उदाहरण पेश किया है। वर्तमान में डाक विभाग में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत प्रियंका ने वर्ष 2025 में आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त की। जिसका साक्षात्कार मार्च 2026 में संपन्न हुआ।

भगवान बुद्ध ने की शांति, अहिंसा और आत्मज्ञान की एक अद्धितीय यात्रा: तनुज पुनिया

बाराबंकी। भगवान बुद्ध का जीवन मानवता के इतिहास में शांति अहिंसा और आत्मज्ञान की एक अद्धितीय यात्रा है। वह एक पीपल वृक्ष के नीचे ध्यान केन्द्रित कर और 35 वर्ष की आयु में बहुत सारा ज्ञान अर्जित कर लिया था। उन्होने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया। वह लगभग 45 वर्ष तक उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर धर्म का प्रचार किया एवं मृत्यु के समय वह कुशीनगर आ गये और 80 वर्ष की आयु में उन्होने अपना शरीर त्याग दिया। उक्त उद्गार बुद्ध पुर्णिमा पर काग्रेंस सांसद तनुज पुनिया ने नवनिर्मित बुद्ध विहार तहसील फतेहपुर रसूलपुर में भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण करते हुये कही। इस अवसर पर विजय बहादुर वर्मा, आदर्श पटेल, हरीश वर्मा, सुग्रीव वर्मा, जुग्गीलाल मौजूद रहे।

- बुद्ध पुर्णिमा पर काग्रेस सांसद ने किया भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण

सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई को आयोजित होगा विजय उत्सव

बहराइच 01 मई। महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल/परिसर में 23 व 24 मई 2026 को जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में गुरूवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि विजयोत्सव के अवसर पर सुहेलदेव जी की गौरवगाथा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उनके जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि स्मारक स्थल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरस व शिल्प मेले का आयोजन किया जाय जिससे स्थानीय मेधा को अपना हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। डीएम ने आयोजन को सभी आयु वर्ग हेतु रूचिकर बनाये जाने हेतु फूड स्टाल तथा बच्चों के लिए आर्कषक झूले भी लगवाये जायें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंसा, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी चन्द्रभान सिंह, जिला सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

विहान आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर

बहराइच 01 मई। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विहान आवासीय बालिका विद्यालय हुजूरपुर रोड बहराइच में चिकित्सा शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए उप श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं तथा उनके अभिभावको के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। साथ ही नवीन श्रम संहिताओं तथा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिको हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जबकि विहान विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद के अध्यक्ष राकेश सनातनी सहित गणमान्य व संभ्रान्तजन, विद्यालय का शिक्षण स्टाफ, छात्राएं व उनके अभिभावक तथा श्रमिकगण मौजूद रहे।

कोटवा धाम में आयोजित मेले की व्यवस्थाओ का जायजा लेने पहुंचे जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

बाराबंकी। बैसाखी पूर्णिमा पर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कोटवा धाम समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा में आयोजित मेले का जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को दुरस्त रखने के दिये निर्देश
- मंदिर में माथा टेककर जनकल्याण एवं जनपद की सुख-समृद्धि की कामना

तथा उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किग, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओ एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये को लेकर निर्देशित किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर में माथा टेककर जनकल्याण एवं जनपद की सुख-समृद्धि की कामना की।

निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल सरोज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रशासनिक दावों की विवि के संपत्ति अधिकारी ने खोली पोल

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के छात्रावासों के मेस में गैस की किल्लत का दावा करने वाले विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी का बयान जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के पर्याप्त गैस उपलब्ध होने के उस दावे पर सवालिया निशान लगा रहा है। क्योंकि हॉस्टल मेस में छात्रों के लिए भोजन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु अवैध कटान किए जाने का दावा कल मामला संज्ञान में न होने का राग अलापने वाले संपत्ति अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी ने प्रशासनिक दावों की पोल भी खोल दी है। बताते चलें कि कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित एक विशालकाय हरे-भरे आम के पेड़ को अवैध रूप से काटकर लकड़ी को बिना विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति के विश्वविद्यालय परिसर से बाहर किया जा रहा था। चर्चा है कि विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ शम्भू प्रसाद ने लकड़ी ले जा रहे वाहन को रोक लिया था और पूछ ताछ शुरू की तो मामला कुछ और निकला था। मामला मेरे संज्ञान में ही नहीं है। वहीं दूसरी ओर लकड़ी पकड़े जाने को लेकर चचाओं में आए डॉ शंभू प्रसाद ने बताया था कि मेरे द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जबकि आज तक उक्त उपकरण में कोई भी जांच कमेटी ही नहीं गठित की गई है। कि विश्वविद्यालय में कभी भी गैस की कीमत आज तक हुई ही नहीं है और न ही हॉस्टल के मैस में भोजन निर्माण ही बाधित हुआ है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय परिसर में अनियमित रूप से अवैध कटान प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही न करके मामले को विश्वविद्यालय की जिम्मेदार अधिकारी दबाने में पूरी तरह से जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डी नियोगी का कहना है कि गैस की समस्या अभी तक विश्वविद्यालय में नहीं आई है। हालांकि जब गैस का क्राइसिस शुरू हुआ था तब विश्वविद्यालय में मीटिंग के दौरान यह है चर्चा हुई थी कि परिसर स्थित सूखे पेड़ों की लकड़ी को कटवा करके अग्रिम व्यवस्था हेतु रखवा दिया जाए। लेकिन विधिक प्रक्रिया के तहत सूखे पेड़ काटे जाएं। हरा पेड़ कतई न काटा जाए। फिलहाल आम के पेड़ का यह अवैध कटान तब किया गया है, जब आम के पेड़ों में फल लगे हुए हैं।

- कहा- हॉस्टल मैस में गैस की किल्लत के चलते नहीं बन पा रहा था भोजन
- खाना बाधित होने के चलते अवैध कटान कराए जाने का दावा

फिर क्या था, इस गोरखधंधे में शामिल विश्वविद्यालय कर्मियों ने उक्त लकड़ी को हटा कर विश्वविद्यालय परिसर स्थित मछली उत्पादन तालाब संख्या एक से पांच के बगल डंप कर दिया था। तब से विश्वविद्यालय में मामला रफा दफा करने के लिए खिचड़ी अंदर खाने में पकाई जा रही है। घटनाक्रम के बारे में जब विश्वविद्यालय के संपर्क अधिकारी डॉ सीताराम मिश्रा से बात की गई थी तो उन्होंने कहा कि ऐसा कोई विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डॉ सीताराम मिश्रा ने बताया कि हॉस्टल मैस में गैस की कमी के चलते कभी खिचड़ी, कभी रोटी सब्जी एक ही टाइम बन पाता था। संभवतः गैस की समस्या के चलते मैं इसमें भोजन निर्माण हेतु लकड़ी भट्टी पर खाना बनाने की व्यवस्था के तहत लकड़ी काटी गई है। जबकि विश्वविद्यालय परिसर की स्थिति इंडेन गैस गोदाम के प्रभारी डॉ नवाज खान का कहना है

आंधी-तूफान से जनहानि व विद्युत व्यवस्था को हुआ भारी नुकसान

अयोध्या। जनपद बीते 29 अप्रैल 2026 एवं 30 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान एवं खराब मौसम के कारण हुई क्षति का आंकलन किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा में कुल 7 व्यक्तियों की दुःखद मृत्यु हुई है। जिसमें सोहावल में एक व बीकापुर में 6 मृत्यु हुई है। जिला प्रशासन द्वारा दिवंगतों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई है।आंधी-तूफान के चलते विद्युत व्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है। बिजली विभाग के सभी खण्डों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में लगभग 1300 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों के शीघ्र प्रतिस्थापन एवं विद्युत आपूर्ति बहाल करने हेतु युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। विद्युत विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत हैं और प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सेवाओं को बहाल किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है जनहानि के मामलों में राजस्व विभाग की टीम द्वारा पीड़ित परिवार से मिलकर शासन द्वारा अनुमन्य सहायता राशि प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित विभागों को सूचना दें।

सभी पात्र महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाये: सीडीओ

बहराइच। गुरूवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जनपद में उपलब्ध राशन कार्ड डेटा (पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय) के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि कि अभी भी बड़ी संख्या में राशन कार्ड धारक परिवारों की महिलाएं समूहों से नहीं जुड़ी हैं। इस सम्बन्ध में सीडीओ द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्र की समस्त पात्र एवं निर्धन परिवारों की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित किया जाय।

सीडीओ श्री धनवंता ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत वार उपलब्ध राशन कार्ड धारकों की सूची का मिलान वर्तमान में गठित समूहों की सदस्य सूची से किया जाए। डेटा मिलान एवं चिन्हांकन के दौरान जो पात्र परिवार समूहों से वंचित हैं, उनकी पृथक सूची तैयार की जाए। सीडीओ ने कहा कि पात्रता रखने वाले सभी वंचित महिलाओं का नाम समूहों से जोड़ने तथा छूटे हुए परिवारों की महिलाओं को समूह की कार्यप्रणाली और लाभों जैसे-रिवॉल्विंग फंड, सीआईएफ, एवं स्वरोजगार के बारे में जानकारी देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सम्पर्क अभियान चलाया जाय। उन्होंने कहा कि जहां पर आवश्यकता हो, वहां 10-12 महिलाओं को जोड़कर नवीन स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी पूर्व संचालित समूह में स्थान रिक्त है, तो वहां इन महिलाओं को सम्मिलित किया जाए।सीडीओ श्री धनवंता ने ब्लाक मिशन मैनेजर्स को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट विकास भवन में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करनी होगी, लक्ष्यों की प्राप्ति में शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। समस्त बीडीओ एवं एडीओ (ग्राम्य विकास) को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से ग्राम सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को इस कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर एसीजेएम उज्ज्वल उपाध्याय की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन

बाराबंकी। सिविल कोर्ट स्थित एडीआर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व एसीजेएम उज्ज्वल उपाध्याय की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री उपाध्याय ने कहा कि आप किन्ही कारण वश शिक्षित नहीं हो पाये होंगे पर अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें तथा श्रम विभाग में अपना पंजीकरण करवाकर सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त छोटे मोटे विवादों से परेशान होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क पैनल अधिवक्ता पैरवी हेतु प्राप्त कर सकते है। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को पम्पलेट वितरण कर जागरुक किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार तिवारी, अनूप मिश्रा, आयुषी श्रीवास्तव, कनिष्ठ लिपिक लवकुश कनौजिया, मो0 सलमान, मोहित प्रजापति आदि मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने किया संगठन विस्तार

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन युवा जिलाध्यक्ष फैसल मलिक ने पालिका मार्केट स्थित कार्यालय पर संगठन विस्तार करते हुये सुमित कश्यप को युवा नगर अध्यक्ष नवाबगंज सदर, मोहम्मद कलीम उर्फ मुनिया को जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर भाकियू युवा जिलाध्यक्ष श्री मलिक ने बताया कि पूरे जनपद में टिकैत किसान सेना के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर बलराम यादव, अनुज सिंह, आफताब अहमद अंसारी, मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद रियाज, अरशद अली, अमित सोनी, मोहन सिंह, सनी वर्मा, मोहम्मद आलम, रितेश रिंकू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- सुमित कश्यप युवा नगर अध्यक्ष व मोहम्मद कलीम जिला मंत्री मनोनीत

मधु लिमये की 104वीं जयन्ती पर गांधी भवन में हुई विचार संगोष्ठी

बाराबंकी। समता ट्रस्ट के तत्वावधान में समाजवादी नेता एवं गोवा मुक्ति आन्दोलन के अगुआ स्व. मधु लिमये की 104वीं जयन्ती पर गांधी भवन में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे पूर्व विधायक सरवर अली खान, समता ट्रस्ट संस्थापक राजनाथ शर्मा, ज्ञान सिंह यादव, सभासद अश्वनी शर्मा और शिक्षाविद् अशोक शुक्ला ने संयुक्त रुप से स्वः मधु लिमये के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हुमायूं नईम खान, शिवशंकर शुक्ला, पाटेश्वरी प्रसाद, अर्ताउरहमान सज्जन, विनय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह मुन्ना, अशोक जायसवाल, मृत्युंजय शर्मा, मनीष सिंह, अंकित शर्मा, सत्यवान वर्मा, जाहिद हुसैन, राजेश यादव, जलाल नईम खान मौजूद रहे।

डीएम ने गौआश्रय,विद्यालय,मंडी,स्टेडियम का किया निरीक्षण

बाराबंकी। जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संवेदनशीलता का संदेश भी दिया। तो वही सनौली स्थित निमार्णाधीन बृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति जानी गई। विकासखंड बनीकोडर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था

- गौ संरक्षण, गेहूं खरीद, शैक्षिक व्यवस्था व निर्माण कार्यों को गुणवत्ता व समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश
- कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर व्यक्त की नाराजगी
- गेहूं क्रय केंद्र पहुंचने वाले सभी किसानों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश

संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़ी योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तहसील रामसनेहीघाट अंतर्गत कंधईपुर स्थित गौ आश्रय स्थल पहुँचकर गौवंशों हेतु उपलब्ध भूसा, हरा चारा एवं साइलेज की व्यवस्था का जायजा लेते हुये सभी व्यवस्थाएं समुचित एवं सतत उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। तथा गौवंशों को गुड़ व चना खिलाकर संरक्षण के प्रति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त कर तत्काल सुधार के निर्देश दिय। कंप्यूटर कक्ष में छात्राओं से कंप्यूटर संचालित कराकर उनकी दक्षता का परीक्षण किया गया तथा शैक्षिक गुणवत्ता सुदृढ़ करने पर बल दिया। तथा परिसर में नव निर्मित छात्रावास व एकेडमिक ब्लाक का निरीक्षण कर फिनिशिंग के कार्यो को बेहतर ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सफदरगंज मंडी पहुंच गेहूं खरीद व्यवस्था की समीक्षा की। तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद की स्थिति एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त कर प्रत्येक किसान की उपज की खरीद सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने शहर स्थित के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम मे चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के पी0एम0 को मैदान से संबंधित कार्य इस माह प्रत्येक दशा में पूर्ण कर आम नागरिकों एवं खिलाड़ियों के लिए शीघ्र खोलने, शेष निर्माण कार्यों को तीव्र गति से निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने किसी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

यू0 पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
CIN: U15209UP1976SGC004285
कार्यालय महाप्रबन्धक, जोन-5, गोमती बैराज, बायां तट, गोमती नगर लखनऊ-226010
ई-मेल: gmzone5@gmail.com & gm_5@upprojects.org
दूरभाष: 0522-3180555

पत्र सं.:- 37/पी.सी.एल./महा०प्र०/जोन-5/T-10 दिनाँक: 30/04/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

जनपद बांदा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में संयुक्त निदेशक के कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना सं० 10/UPPCL/GM-5/E-TENDER/2026-27 दिनांक 30/04/2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 07/05/2026 से दिनांक 12/05/2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपराह्न 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्ते कारपोरेशन की वेबसाइट https://upprojects.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक जोन-5
लखनऊ

संक्षेप

निसान मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री में वृद्धि दर्ज

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज जानकारी दी कि अप्रैल, 2026 में घरेलू बिक्री में 75 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है और नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरूआत की है। कंपनी ने अप्रैल में कुल 5,388 कारों की बिक्री की। इसमें घरेलू बाजार में 3,203 यूनिट्स और निर्यात बाजार में 2,185 यूनिट्स की बिक्री शामिल है। इस प्रदर्शन ने निसान के सतत विकास को मजबूती दी है और भारत के ऑटोमोटिव मार्केट में कंपनी की मौजूदगी को बढ़ाया है। अप्रैल में निसान के बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ग्राहकों की जबर्दस्त रुचि देखने को मिली। ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट को ग्राहकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया से इसे मजबूती मिली है। अपनी शुरूआत से ही कंपनी के प्रदर्शन में ग्रेवाइट ने सार्थक भूमिका निभाई है। अपनी 7-सीट मॉड्यूलैरिटी, कम्फर्ट और रोजाना के इस्तेमाल में आरामदायक होने जैसी खूबियों से इसने ग्राहकों को लुभाया है। साथ ही नई निसान मैग्नाइट ब्रांड के लिए प्रमुख स्तंभ बनी हुई है। इससे प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में निसान की स्थिति और मजूबत हुई है। नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत से हम उत्साहित हैं।

स्कोडा ऑटो इंडिया की सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर से साझेदारी

मुंबई। स्कोडा ऑटो इंडिया ने गैर-महानगरीय और अर्ध-शहरी भारत में अपनी पहुंच के विस्तार के लिए कॉमन सर्विसेज सेंटर (सीएससी) ग्रामीण ई-स्टोर के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के माध्यम से, स्कोडा ऑटो इंडिया उन चुनिंदा प्रीमियम ऑटोमोबाइल ब्रांड्स में शामिल हो गई है, जो सीएससीके व्यापक डिजिटल और भौतिक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए देश के नए और उभरते क्षेत्रों में ग्राहकों को काइलैक, कुशाक और स्लाविया जैसे मॉडलों की पेशकश करेगी। स्कोडा ऑटो इंडिया में हमारी विकास यात्रा का आधार पहुंच बढ़ाने और नये बाजारों में अपनी प्रासंगिकता स्थापित करने पर आधारित है। सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के साथ हमारी साझेदारी हमें विश्वसनीय स्थानीय नेटवर्क की ताकत को हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो को जोड़ते हुए पहुंच की खाई को पाटने में सक्षम बनाती है, ताकि भारतीय ग्राहकों के लिए प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाया जा सके।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानें होंगी शुरू

नोएडा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एनआईए) 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगा। एनआईए ने शुक्रवार को यह घोषणा की। हवाई अड्डा संचालक के बयान के अनुसार, पहली यात्री उड़ान का संचालन इंडिगो करेगी, जिसके बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी जल्द परिचालन शुरू करेंगी। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटन और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिलने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस मंजूरी से यह पुष्टि होती है कि हवाई अड्डे की सुरक्षा प्रणाली, ढांचा और परिचालन प्रक्रियाएं वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने से पहले नियामकीय मानकों के अनुरूप हैं। कंपनी ने कहा कि उड़ानों के समय, गंतव्यों और यात्री सुविधाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द जारी की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए विकसित इस हवाई अड्डे में आधुनिक टर्मिनल बुनियादी ढांचा और कुशल परिचालन की व्यवस्था की गई है। हवाई अड्डे का उद्देश्य यात्रियों को निर्बाध अनुभव प्रदान करना है, साथ ही एयरलाइन कंपनियों को लागत-कुशल और भरोसेमंद परिचालन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अधिकारियों के अनुसार, वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक वृद्धि, व्यापार, पर्यटन तथा निवेश को समर्थन मिलेगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रमुख घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से जोड़ेगा। वर्तमान में यहां एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल है, जिसकी वार्षिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। दीर्घकालिक मास्टर प्लान के तहत रियायत अवधि में चरणबद्ध तरीके से इसकी क्षमता बढ़ाकर सात करोड़ से अधिक यात्रियों तक पहुंचाने की योजना है।

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से अप्रैल में 60847 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की।

भू-राजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता का प्रभावित होना इसकी मुख्य वजह रही। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ 2026 के पहले चार महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कुल निकासी 1.92 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है जो समूचे 2025 में दर्ज 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं। इससे ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदें कम हुईं और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचे बने रहे, जिसका असर भारत सहित उभरते बाजारों पर पड़ा। अप्रैल की निकासी को अमेरिका-ईरान तनाव के कारण जोखिम से बचने की सामान्य प्रतिक्रिया करार दिया। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने, रुपये के कमजोर होने और महंगाई व चालू खाता घाटे की चिंताओं के कारण निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। यदि ईरान में युद्धविराम कायम रहता है और डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आता है तो विदेशी निवेश फिर से स्थिर हो सकता है।

उन्होंने हालांकि आगाह किया दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव या अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल 4.5 प्रतिशत से ऊपर जाने जैसी स्थितियां फिर से बिकवाली को बढ़ा सकती हैं।

देश में कुल बिजली खपत अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़कर 154 अरब यूनिट पर



नयी दिल्ली। देश में बिजली खपत अप्रैल में 4.04 प्रतिशत बढ़कर 153.99 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। पिछले महीने असामान्य बारिश के कारण बिजली मांग कम रहने के बावजूद खपत बढ़ी है। पिछले आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली। अप्रैल 2025 में देश की कुल बिजली खपत 148.01 अरब यूनिट थी। तापमान बढ़ने और लू जैसी स्थिति बनने के कारण महीने के अंत में बिजली मांग में तेजी आई।

अधिकतम बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति) बढ़कर पिछले महीने 256.11 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई जो अप्रैल 2025 में 235.32 गीगावाट थी। इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग करीब 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 2026 की गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के इस वर्ष भीषण गर्मी के अनुमान के अनुरूप मई के बाद तापमान बढ़ने और लू चलने से एयर कंडीशनर तथा कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल के पहले पखवाड़े में असामान्य बारिश के कारण तापमान में वृद्धि पर अंकुश रहा जिससे एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग अपेक्षा से कम रहा। मई में देशभर में लू की स्थिति बनी रहेगी और जून में मानसून के केरल तट पर पहुंचने के बाद ही इसमें कमी आएगी। सामान्यतः मानसून हर वर्ष एक जून को केरल तट पर पहुंचता है।

शाह ने करगिल में 10 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की आधारशिला रखी

लेह/जम्मू। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी।

मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम से (हिमाचल प्रदेश प्रशासन के जरिये) उपलब्ध कराई जा रही है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चार साल से खुदरा कीमतें स्थिर रहने से बढ़ते घाटे के बीच सरकारी सूत्रों ने निकट भविष्य में पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि बदले हुए हालात में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि इसमें हल्की गिरावट आई है, फिर भी कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेलवाहक जहाजों की आवाजाही पर असर और ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण स्थिति अनिश्चित बनी हुई है। इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने पेट्रोलियम उद्योग की तरफ से जारी एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक डीजल, पांच किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को बेचे जाने वाले विमान ईंधन के दाम लागत के अनुरूप बढ़ाए हैं। विश्लेषकों ने पहले यह आशंका जताई थी कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मतदान 29 अप्रैल को समाप्त होने के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25 रुपये से लेकर 28 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। दिल्ली में फिलहाल पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर है। अमेरिका एवं इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और इसके जवाब में ईरान की कार्वाई के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में उथल-पुथल का दौर चल रहा है। इस घटनाक्रम के कारण वैश्विक तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा संभालने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित हुई है। पिछले सप्ताह पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि खुदरा कीमतें लगभग चार साल से स्थिर रहने से सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर करीब 100 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। हालांकि, उस समय कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं बताई गई थी। पिछले वर्ष कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस महीने 114 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही हैं।

निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा गुजरातः मुख्यमंत्री पटेल

सूरत। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को सूरत में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य निवेश के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

पटेल ने उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि पिछले दो दशकों में गुजरात ने बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी चुनौतियों को पार करते हुए संतुलित विकास का मॉडल स्थापित किया है। ज्योतिग्राम योजना से 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई, जबकि नर्मदा का पानी कच्छ जैसे शुष्क क्षेत्रों तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि गुजरात आज देश के कुल मालवहन का 40 प्रतिशत संभाल रहा है और उसकी लंबी समुद्री तटरेखा आर्थिक समृद्धि का द्वार बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन ने राज्य को निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 24 वर्षों में गुजरात ने कुल 68.9 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया है और देश के औद्योगिक उत्पादन में 18 प्रतिशत योगदान दे रहा है। राज्य का कर राजस्व 2001 के 9,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.55 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जबकि बिजली उत्पादन क्षमता 53,000 मेगावाट तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि गुजरात देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है और सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पटेल ने बताया कि इस सम्मेलन के तहत विभिन्न क्षेत्रों की ताकत के आधार पर निवेश अवसरों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे पहले आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलनों में नौ लाख करोड़ रुपये के लगभग 6,800 समझौते हुए हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और सी आर पाटिल भी मौजूद थे।

आईपीआर पर अमेरिका की प्राथमिकता निगरानी सूची में भारत बरकरार, वियतनाम पर सबसे कड़ी नजर

वॉशिंगटन। अमेरिका ने भारत को चीन और रूस सहित छह देशों के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) संरक्षण और प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता निगरानी सूची में बरकरार रखा है।

संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2026 की विशेष 301 रिपोर्ट में वियतनाम को प्राथमिक विदेशी देश (पीएफसी) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह 13 वर्ष में पहली बार है जब किसी देश को इस श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह श्रेणी उन देशों के लिए होती है जिनकी नीतियां और प्रथाएं अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। इसमें कहा गया कि वियतनाम बौद्धिक संपदा अधिकारों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रगति नहीं कर रहा है और न ही वह प्रभावी वार्ताओं में पर्याप्त सहयोग कर रहा है।

प्राथमिकता निगरानी सूची में शामिल छह देश चीन, भारत, इंडोनेशिया, चिली, रूस और वेनेजुएला हैं। किसी देश को प्राथमिकता निगरानी सूची या निगरानी सूची में रखने का मतलब है कि वहां बौद्धिक संपदा संरक्षण, प्रवर्तन या बाजार पहुंच से जुड़े गंभीर मुद्दे मौजूद हैं। इस रिपोर्ट में यूरोपीय संघ, तुर्किये और पाकिस्तान सहित 19 देशों को निगरानी सूची में रखा गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने कहा कि अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटने के लिए हमारे सभी प्रवर्तन साधनों का उपयोग करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका वियतनाम के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत जांच शुरू करने पर 30 दिन के भीतर फैसला करेगा। अगर जांच शुरू होती है तो वियतनाम के साथ बातचीत कर मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी। यह विशेष 301 रिपोर्ट अमेरिका द्वारा हर साल जारी की जाती है जिसमें 100 से अधिक व्यापारिक साझेदार देशों में बौद्धिक संपदा अधिकारों की स्थिति का आकलन किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया, बौद्धिक संपदा के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।

पेज एक का शेष

बंगाल में

लड़ने वाले शुभेंदु ने कहा वह (ममता) जो कर रही हैं वह ड्रामेबाजी से कम नहीं है। वह वॉशरूम जैसी सुविधाओं से लैस गाड़ी में मतगणना केंद्र पहुंचीं और वहां चार घंटे तक रहीं। अगर वह परिणाम बदलना भी चाहती हैं, तो ऐसा कभी नहीं होगा। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी चार मई तक मतगणना केंद्र पर रुकना चाहती थीं।

निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक, मगराहाट पश्चिम के 11 मतदेय स्थलों और डायमंड हार्बर के चार मतदेय स्थलों पर पुनर्मतदान के आदेश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार, पुनर्मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच होगा। मगराहाट पश्चिम और डारमंड हार्बर में 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत वोट डाले गए थे। आदेश के मुताबिक, पुनर्मतदान का आदेश दोनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से मिली रिपोर्ट के आधार पर तथा भौतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दिया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के प्रतिनिधित्व वाले डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र की दोनों विधानसभा सीट के कुछ मतदान केंद्रों पर बड़े पैमाने पर चुनावी कदाचार का आरोप लगाया था। निर्वाचन आयोग ने आरोपों की जांच के लिए अपने विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता को नियुक्त किया था।

कामर्शियल

रसोई गैस सिलेंडर (जिसे घरेलू एलपीजी कहा जाता है) की 913 रुपये की कीमत से थोड़ा ही कम रह गई है। इसके अलावा, दूरसंचार सिग्नल टावर जैसे औद्योगिक उपभोक्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले थोक डीजल की कीमत लगभग 137 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 149 रुपये प्रति लीटर से अधिक कर दी गई। यह कीमत पेट्रोल पंप पर उपलब्ध 87.62 रुपये प्रति लीटर डीजल की तुलना में अधिक है। घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 1,04,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर पर स्थिर रखी गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने विमानन कंपनियों और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि को स्वयं वहन करने का निर्णय लिया है। अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए दरें एक अप्रैल को दोगुनी से अधिक 1,435.31 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दी गई थी।

4 साल से

हरदीप सिंह पुरी ने सूरत में आयोजित 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता, युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बावजूद, भारत ने 4 साल और 60 दिनों से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। उन्होंने पड़ोसी देशों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां ईंधन की कीमतों में 39 से 66 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि हुई है और उन्हें किल्लत व राशनिंग जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ा है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार ने घबराहट में कोई नीतिगत फैसला नहीं लिया और पूरी तरह से आर्थिक स्थिरता बनाए रखी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल और भू-राजनीतिक तनाव के बाद, भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द ही बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि लगभग चार साल से खुदरा कीमतों पर लगी रोक के कारण तेल कंपनियों को हो रहे भारी घाटे को देखते हुए निकट भविष्य में कीमतों में इजाफा होने की पूरी संभावना है।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं थीं। हालांकि बाद में इनमें थोड़ी नरमी आई, लेकिन यह 110 डॉलर प्रति बैरल के पार बनी हुई हैं। इस उछाल का प्रमुख कारण 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किया गया हमला और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्रवाई है, जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है।

नये भारत

सुनिश्चित किया जाए कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी श्रमिकों, विशेषकर जिन उद्योगों में 10 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, को उचित मजदूरी मिले। साथ ही, बीमा कंपनियों और उद्यमियों से बातचीत कर यह व्यवस्था की जा रही है कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये सालाना का स्वास्थ्य बीमा कवर निःशुल्क उपलब्ध हो सके, जिसमें वे किसी भी इंपैनल्ड अस्पताल में उपचार करा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमारी कभी भी आ सकती है। ऐसे में श्रमिक और उसके परिवार को किसी प्रकार की सुरक्षा की गारंटी नहीं होती थी। अब हम नए वेज बोर्ड में इसकी व्यवस्था करने जा रहे हैं। बीमा कंपनियां, श्रम एवं सेवायोजन विभाग और उद्यमी मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले सभी श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध हो। जिस प्रकार हमने यूपी बीओसीडब्ल्यू बोर्ड से जुड़े निर्माण श्रमिकों और खेतिहर मजदूरों को यह सुरक्षा कवर दिया है, ठीक उसी प्रकार अब औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी। यह एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा होगी। हम सभी श्रमिकों को इस बीमा कवर से जोड़ने का काम करेंगे।

पेयजल, सिंचाई

रखने के निर्देश दिए और कहा कि आवश्यक जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव और डीजीपी को उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर मॉनिटरिंग करने और जल संरक्षण को गति देने के लिए 30 मई तक नहरों, तालाबों एवं पोखरों की डी-सिल्टिंग पूर्ण कराने को कहा। साथ ही तालाबों से निकली मिट्टी प्रजापति समाज एवं पारंपरिक कुम्हार शिल्पकारों को निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में जिलाधिकारियों की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि राहत कार्यों के साथ आजीविका के अवसर भी सृजित हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी पेयजल की कमी नहीं होनी चाहिए। पाइप्ड पेयजल योजनाओं के साथ वैकल्पिक व्यवस्थाएं, जैसे टैंकर आदि, पूरी तरह तैयार रखी जाएं। वन विभाग को अभ्यारण्यों एवं पक्षी विहारों में वन्यजीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में जल, चारा एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सभी नलकूपों को क्रियाशील रखने, समय से मरम्मत सुनिश्चित करने तथा सिंचाई के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने जल के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में जल की कमी न हो और दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाए। फसल सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने नुकसान की स्थिति में समयबद्ध आकलन एवं क्लेम निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने हीट स्ट्रोक, लू एवं गर्मी जनित बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में समुचित व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही, पशुधन की सुरक्षा के लिए निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में पेयजल उपलब्ध कराने और पशु चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण रखने पर भी उन्होंने बल दिया। अर्ली वेदर वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए मौसम संबंधी सूचनाएं समय पर आमजन एवं किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

गंगा एक्सप्रेस-वे

बिना टोल के यात्रा करने का अवसर लोगों को इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू कराएगा। यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि एक्सप्रेसवे के प्रति जन विश्वास को भी मजबूत करेगी।

गंगा एक्सप्रेसवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त, परिचालन (डीबीएफओटी-टोल) मॉडल पर विकसित किया गया है। इसके तहत परियोजना तैयार करने वाली कंपनियों को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार दिया गया है। हालांकि, 15 दिन की इस टोल छूट से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई राज्य सरकार अथवा यूपीडा द्वारा समझौता प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

समझौता करने

उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है, उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि हमने उनकी परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकाबंदी के परिणामस्वरूप ईरानी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। उन्होंने कहा उन्हें तेल से कोई मुनाफा नहीं मिल रहा है। ट्रंप ने कहा ईरान समझौता करने के लिए बेताब है। उन्होंने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। उन्होंने कहा मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बार फिर दोहराया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध सहित आठ युद्धों को रोका है।

कोर्ट ने खारिज

कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कथित तौर पर कहा था कि हम भाजपा, आरएसएस और भारत सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। याचिकाकर्ता का कहना था कि इस टिप्पणी से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत हुईं क्योंकि राहुल गांधी की टिप्पणी देशद्रोह के समान है जो देश को अस्थिर करने की मंशा से जानबूझकर की गई।

धार्मिक पर्यटन

की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री धामी ने आश्रम परिसर में स्थापित विशाल श्रीयंत्र को आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की गहराई को प्रदर्शित करता है तथा श्रद्धालुओं को विशेष आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है।

ग्लोबल वार्मिंग

कर चुके हैं। अमन का कहना है कि सीएम योगी के नेतृत्व में पर्यावरण को लेकर जितने कार्य किए जा रहे हैं, उतना पहले कभी नहीं किए गये। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि जब किसी अभियान में भावनात्मक जुड़ाव होता है, तभी वह लंबे समय तक असर छोड़ता है। यूपी ने इसे कर दिखाया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच उत्तर प्रदेश का यह मॉडल दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। ब्रिक्स देशों के युवाओं की सराहना ने इस अभियान को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दी है। उत्तर प्रदेश की यह पहल अन्य देशों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

आउटसोर्स

छुट्

दिल्ली ने राजस्थान को 7 विकेट से हराया

राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग की 90 रन की पारी पर दिल्ली कैपिटल्स ने पानी फेरा

एजेंसी

जयपुर। दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। शुक्रवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने रियान पराग की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 225 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने पथुम निसांका और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

कप्तान रियान पराग की शानदार पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को जीत के लिए 226 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान की कोशिश इस मैच को जीतकर प्वाइंट्स टेबल में दूसरा पायदान हासिल करने की होगी। मैच में टॉस जीतकर रियान पराग ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। शुरूआत में कप्तान का यह निर्णय गलत साबित होता नजर आया। मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले यशस्वी जायसवाल (6) तीसरी गेंद पर अपना कैच गेंदबाज मिचेल स्टार्क को थमा बैठे। राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 226 रनों का लक्ष्य दिया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने 20 ओवर में दो विकेट पर 225 रन बनाए। उनके लिए रियान पराग ने सर्वाधिक 90 रनों की पारी खेली। वहीं, डोनोवन फरेरा ने 14 गेंदों में दो चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 47 रन बनाए। शुक्रवार को आईपीएल 2026 का 43वां मुकाबला जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में दिल्ली की नजरें लगातार तीन हार के बाद जीत की पटरी पर लौटने पर होंगी। वहीं, राजस्थान यह मुकाबला जीतकर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल करना चाहेगी। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी है। राजस्थान ने तीन विकेट पर 147 रन बना लिए हैं। रियान पराग 45 गेंदों में 77 और रवींद्र जडेजा 10 गेंदों में 14 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। राजस्थान को तीसरा झटका अक्षर पटेल ने 12वें ओवर में दिया। उन्होंने ध्रुव जुरेल को अपना शिकार बनाया। वह 30 गेंदों में 42 रन बनाकर लौटे। तीसरे विकेट के लिए जुरेल ने कप्तान पराग के साथ 102 रनों की साझेदारी निभाई। अब बल्लेबाजी के लिए रवींद्र जडेजा आए हैं। राजस्थान के कप्तान रियान पराग आज फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस सीजन 10वें आईपीएल मैच में पहला अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 32 गेंदों का सहारा लिया। फिलहाल वह ध्रुव जुरेल के साथ 80 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। पावरप्ले समाप्त हो चुका है और राजस्थान ने छह विकेट पर 56 रन बना लिए हैं। ध्रुव जुरेल और रियान पराग क्रीज पर हैं। राजस्थान को दूसरा झटका काइल जैमीसन ने पारी के दूसरे ओवर में दिया। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी को बोल्ड किया। वह सिर्फ चार रन बना पाए। अब ध्रुव जुरेल का साथ देने रियान पराग आए हैं। राजस्थान को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर मिचेल स्टार्क ने दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को अपना शिकार बनाया, जिन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा था।

भारत ने अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया

नयी दिल्ली। कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के चार गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया।

भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इल्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है। भारतीय आइस हॉकी संघ के महासचिव हरजिंदर सिंह ने टीम के प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम की प्रगति की सराहना की। मकाऊ के खिलाफ जीत इस युवा भारतीय टीम की दृढ़ता का मजबूत संकेत है। टीम ने तीनों पीरियड में शानदार खेल का प्रदर्शन करके नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत से न केवल उनके कौशल, बल्कि बढ़ती परिपक्वता और आत्मविश्वास का भी पता चलता है। इस टूर्नामेंट में किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, मकाऊ (चीन) और भारत की आइस हॉकी टीमें भाग ले रही हैं।

इस साल के आखिर में टेनिस को अलविदा कह देंगे केई निशिकोरी

तोक्यो। विश्व के पूर्व चौथे नंबर के खिलाड़ी और 2014 में यूएस ओपन के फाइनलिस्ट केई निशिकोरी ने गुरुवार को कहा कि वह इस टेनिस सत्र के आखिर में संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। जापान के 36 वर्षीय निशिकोरी दाहिने कंधे में दर्द के कारण जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले कई वर्षों से चोटों से जूझ रहे हैं और पिछले साल यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाए थे। निशिकोरी ने 2007 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की तथा वह 2014 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इस तरह से वह किसी ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने थे। फाइनल में उन्हें क्रोएशिया के मारिन सिलिच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। निशिकोरी ने 2016 में रियो ओलंपिक में राफेल नडाल को तीन सेटों में हराकर कांस्य पदक जीता था। निशिकोरी ने अपनी फिटनेस का जिक्र करते हुए एक्स पर कहा, मैं मुश्किल से खेल में बना हुआ हूं। अब तक के सभी पलों को याद करते हुए मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैंने अपनी तरफ से पूरा प्रयास किया। मैं अपने करियर से वास्तव में खुश हूं।

संक्षेप

महिला वनडे रैंकिंग इंग्लैंड ने भारत पर अपनी बढ़त बढ़ायी

नयी दिल्ली। इंग्लैंड ने ताजा महिला वनडे रैंकिंग में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है और चार अंक की बढ़त से दूसरे स्थान पर है जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम इस सूची में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 163 रैंकिंग अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ अपना पहला वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम ने तब से तीन वनडे खेले हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इंग्लैंड ने भारत पर अपनी बढ़त एक अंक से बढ़ाकर चार अंक कर ली है और वह 128 अंकों पर है। भारत (124), दक्षिण अफ्रीका (100), न्यूजीलैंड (93) और श्रीलंका (89) अन्य टीमें हैं जिन्होंने अपनी स्थिति बरकरार रखी है। पिछली रैंकिंग में भारत के पास 125 अंक थे जो इंग्लैंड के 126 अंक से महज एक कम था। वहीं चार अंकों की गिरावट के बावजूद ऑस्ट्रेलिया रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है। श्रीलंका को अपडेट के बाद छह अंकों का फायदा हुआ है जिससे न्यूजीलैंड के साथ उसका अंतर 13 से घटकर चार हो गया है जबकि बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पीछे छोड़कर सातवां स्थान हासिल कर लिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, थाईलैंड और नीदरलैंड फिलहाल तालिका से बाहर हो गए हैं, क्योंकि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में जरूरी आठ वनडे नहीं खेले हैं। अपनी रैंकिंग वापस पाने के लिए थाईलैंड को एक और वनडे और नीदरलैंड को दो और वनडे खेलने होंगे।

धोनी की तरह पांच आईपीएल खिताब जीतना चाहता हूं: राहुल

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्पष्ट किया कि खिताब के बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों का कोई महत्व नहीं है और कहा कि उनकी दिली इच्छा महेंद्र सिंह धोनी के पांच आईपीएल खिताब की बराबरी करना है। आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हाल में धोनी से आगे निकलने वाले राहुल ने इस उपलब्धि को कम करके आंका और टीम को प्राथमिकता देने वाले अपने दृष्टिकोण को दोहराया। राहुल ने जिओस्टार से कहा, मुझे तो पता भी नहीं चला कि मैं माही भाई से आगे निकल गया हूं। व्यक्तिगत उपलब्धियां अच्छी होती हैं। इनसे भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी धोनी जितनी ट्रॉफियां जीतने से होगी। उन्होंने कहा, क्रिकेट एक टीम खेल है। आप ट्रॉफी जीतना चाहते हैं।

टी20 मुंबई महिला लीग के लिए सयाली, साइमा और हुमैरा को आइकन प्लेयर चुना गया

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने शुक्रवार को सयाली सतघरे, साइमा ठाकुर और हुमैरा काजी को पहली टी20 मुंबई महिला लीग के लिए आइकन प्लेयर घोषित किया।

सयाली सोबो मुंबई फाल्कन्स का प्रतिनिधित्व करेंगी जबकि साइमा और हुमैरा क्रमशः ठाणे स्काई राइजर्स और आकाश टाइगर्स के लिए खेलेंगी। सयाली और साइमा दोनों ही भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और इस लीग में अपना अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आएंगी। वहीं हुमैरा घरेलू क्रिकेट और भारत ए टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, आइकन खिलाड़ियों का चयन पहली टी20 मुंबई महिला लीग के लिए एक मजबूत नींव रखता है। इस लीग की परिकल्पना एक ऐसे दीर्घकालिक मंच के रूप में की गई है जो प्रतिभाओं को निखारेगा, घरेलू क्रिकेट के ढांचे को मजबूत करेगा और भारत में महिला क्रिकेट के विकास में सार्थक योगदान देगा। इस बीच टी20 मुंबई लीग और टी20 मुंबई महिला लीग दोनों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी शनिवार को आयोजित की जाएगी। अंतिम छंटनी से पहले कुल 2,411 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है जिनमें 2,048 पुरुष और 363 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। महिला लीग की टीम में 16 से 18 खिलाड़ी जबकि पुरुषों की टीमों में 18 से 20 खिलाड़ी शामिल होंगे।

व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम के लक्ष्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता हूं: भुवनेश्वर



अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है।

यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। भुवनेश्वर ने कहा, लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। टीम प्रबंधन ने मेरा हौसला बढ़ाया है। आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई। भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा, अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए। भुवनेश्वर ने आगे कहा कि हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी। गुजरात टाइटंस की तरफ से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने 29 रन देकर दो विकेट लेने के अलावा तीन कैच भी लिए। उन्होंने 12 रन भी बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, जब हम नीलामी में जेसन को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे तो हमारा मकसद यही था कि वह बल्ले और गेंद दोनों की भूमिका निभा सके। उन्होंने पिछले कुछ समय में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।

एसएनआई से जुड़े खिलाड़ियों को मिलेंगी विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं

लखनऊ। खिलाड़ियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, तेज रिकवरी और सुरक्षित खेल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तौर पर शुक्रवार को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) और मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के अंतर्गत एसएनआई से जुड़े सभी स्पोर्ट्स सेंटर, कॉम्प्लेक्स, स्कूल और स्टेडियमों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों और उनके परिवारों को विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे खिलाड़ियों को समय पर इलाज, स्पोर्ट्स इंजरी मैनेजमेंट और रिहैबिलिटेशन में मदद मिलेगी। इस एमओयू पर मैक्स हॉस्पिटल की ओर से आशीष शर्मा और एसएनआई की ओर से निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल में स्पोर्ट्स इंजरी विषय पर एक विशेष सेमिनार भी आयोजित किया गया। सेमिनार में प्रसिद्ध सर्जन एवं विख्यात स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कांत शमशेरी (निदेशक झ्र आथोर्पेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट) ने खिलाड़ियों को खेल के दौरान लगने वाली चोटों, उनके उपचार एवं रिहैबिलिटेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि स्पोर्ट्स इंजरी का सही समय पर उपचार और वैज्ञानिक पद्धति से रिहैबिलिटेशन अत्यंत आवश्यक है , जिससे खिलाड़ी शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः अपने खेल में वापसी कर सकें। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए। इस मौके पर डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने कहा कि इस तरह के समझौते से खिलाड़ियों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के जरिए खिलाड़ियों का बेहतर इलाज संभव होगा, जिससे चोट के कारण खेल से दूर हुए खिलाड़ी पुनः मैदान में वापसी कर सकेंगे। खिलाड़ियों और उनके परिवारों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है और भविष्य में भी खेलों के विकास के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे चेन्नई और मुंबई

चेन्नई। अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा।

आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं। मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके को उम्मीद होगी कि उसके स्पिनर चेपॉक की धीमी पिच का फायदा उठाने में सफल रहेंगे, जबकि मुंबई की टीम स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए अपने पावर हिटर्स पर निर्भर रहेगी। चेन्नई और मुंबई की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दोनों में से कोई भी टीम इस मैच में स्पष्ट रूप से जीत की हकदार नहीं है, जिससे यह मुकाबला आईपीएल की पारंपरिक रूप से सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में वर्चस्व की लड़ाई के बजाय अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। आठ मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर काबिज रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके को लगातार खराब प्रदर्शन, खराब नेट रन रेट और महेंद्र सिंह धोनी की लंबे समय तक अनुपस्थिति के कारण प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। धोनी सत्र से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में खिंचाव के कारण अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं जबकि शुरुआत में माना जा रहा था कि वह जल्द वापसी करेंगे। संजू सैमसन सीएसके के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। इसी सत्र में चेन्नई की टीम से जुड़ने वाले सैमसन ने आठ पारियों में 300 से अधिक रन बनाए हैं, जिनमें दो शतक भी शामिल हैं। वह एक बार फिर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने सीएसके के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन का बचाव करने में नाकाम रही थी जिससे उसकी स्थिति बद से बदतर हो गई है। इस मैच में उसकी गेंदबाजी की कमजोरियां भी उजागर हो गई।

सीएसके की स्थिति मुंबई से थोड़ी बेहतर है। मुंबई नौवें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अपने शेष सभी छह मैच जीतने होंगे। टीम इस प्रकार हैं:

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद। मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, कृष भगत, एएम गजनफर, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है लद्दाख

लेह/जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की 75 साल बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह केंद्रशासित प्रदेश सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान को सहेजा एवं पोषित किया है।

शाह ने बुद्ध की शिक्षाओं की आधुनिक समय में प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि शांति, करुणा एवं मध्यम मार्ग का संदेश 2,500 साल पहले की तुलना में आज कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। लद्दाख के दो-दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों को दर्शनार्थ रखे जाने के कार्यक्रम और 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह का उद्घाटन किया। शाह ने उद्घाटन के बाद कहा, लद्दाख सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा है। जब दलाई लामा यहां आते हैं तो वह कहते हैं कि यह भूमि केवल भौगोलिक जमीन नहीं, बल्कि बौद्ध संस्कृति एवं करुणा की जीवंत प्रयोगशाला है। उन्होंने लद्दाख को करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि इस भूमि ने ज्ञान को सहेजा और पोषित किया है। उन्होंने कहा, जब भी बौद्ध धर्म संकट में पड़ा, इस भूमि ने बुद्ध की शिक्षाओं की रक्षा के लिए काम किया और जब शांति लौटी तो इसने उस संरक्षित ज्ञान को विस्तार देने और आगे बढ़ाने में मदद की। शाह ने कहा कि जब तक व्यक्ति ज्ञान को आत्मसात कर उसे अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाता, तब तक मुक्ति संभव नहीं है। उन्होने कहा, आध्यात्मिक साधना के बिना ज्ञान अधूरा है, जबकि ज्ञान के बिना आध्यात्मिक साधना दिशाहीन है। इसलिए आध्यात्मिक साधना और ज्ञान का संगम ही सही मार्ग है। इन सबके बाद भी यदि नैतिक अनुशासन नहीं है, तो व्यक्ति वास्तव में ज्ञानपूर्ण जीवन नहीं जी सकता। ज्ञानमय जीवन का आधार नैतिक अनुशासन है। शाह ने कहा कि भारत में उत्पन्न तथागत बुद्ध की शिक्षाएं लद्दाख और इसके आसपास के मार्गों के जरिये चीन तथा कई अन्य देशों तक पहुंचीं। उन्होंने कहा, लद्दाख की धरती से निकला संदेश दुनिया भर के अनेक लोगों के लिए जीवन को आगे बढ़ाने की प्रेरक शक्ति बना है। लद्दाख में इन पवित्र अवशेषों की उपस्थिति हमें याद दिलाती है कि भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से शांति और सह-अस्तित्व का संदेश देती रही है। उन्होंने कहा कि लद्दाख जैसे विविधतापूर्ण क्षेत्र में यह संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह विरासत आज भी हमें बताती है कि संघर्ष और अशांति के बीच केवल शांति और करुणा का मार्ग ही समाधान दे सकता है। शाह ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा पर इन अवशेषों की वापसी ने लद्दाख के लोगों के लिए इस पर्व के महत्व को और बढ़ा दिया है। ये पवित्र अवशेष 75 साल बाद लद्दाख आए हैं। ऐसा लगता है कि मानो आज स्वयं बुद्ध यहां उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख और कारगिल में बौद्ध धर्म के अनुयायी तथा अन्य धर्मों के लोग इन अवशेषों से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करेंगे। शाह ने बौद्ध धर्म के प्रसार में लद्दाख की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि कश्मीर कभी बौद्ध अध्ययन, महायान दर्शन और बौद्ध कला का प्राचीन केंद्र था, जहां से लद्दाख पहली बार बौद्ध धर्म के निकट संपर्क में आया था। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के दूतों ने कश्मीर और गांधार के जरिये लद्दाख में बौद्ध प्रभाव की नींव रखी तथा पहली से तीसरी शताब्दी ईस्वी के बीच कुषाण काल में इस क्षेत्र में महायान बौद्ध धर्म का विस्तार हुआ। कश्मीर, लेह, यारकंद, खोतान और तिब्बत को जोड़ने वाला रेशम मार्ग न केवल व्यापार, बल्कि विचारों, भिक्षुओं, पांडुलिपियों और कलात्मक परंपराओं का भी माध्यम बना।

सेना प्रशिक्षण कमान से अभियानगत तैयारियों को लगातार मजबूत बनाये रखे : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) से भारतीय सेना की अभियानगत तत्परता को बढ़ाने के लिए उत्साहपूर्वक काम जारी रखने का आह्वान किया।

हिमाचल प्रदेश का अपना पांच दिवसीय दौरा समाप्त करने से पहले राष्ट्रपति ने यहां एआरटीआरएसी मुख्यालय का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने एआरटीआरएसी के कर्मियों की उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना की और उनसे अधिक उत्साह एवं जोश के साथ काम जारी रखने का आग्रह किया। एआरटीआरएसी के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने उन्हें एआरटीआरएसी के बारे में जानकारी दी। एआरटीआरएसी मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता और लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने मुर्मू का स्वागत किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एआरटीआरएसी की नवीन पहलों के बारे में विस्तार से बताते हुए लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने ड्रोन प्रशिक्षण प्रोत्साहन, विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने के लिए उठाए गए कदमों और भारतीय सेना में डिजिटलीकरण एवं स्वचालन की दिशा में की गई पहलों पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि एआरटीआरएसी की युद्ध अवधारणाओं को तैयार करने, भारतीय सेना के लिए संसाधन विकसित करने और मित्र विदेशी देशों तथा सहयोगी सेवाओं के साथ व्यापक जुड़ाव रखने में व्यापक भूमिका है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा किया जो भारतीय सेना के प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास के प्रमुख संस्थानों में से एक है। राष्ट्रपति ने नवाचार को बढ़ावा देने और संस्थागत प्रशिक्षण को मजबूत करने में सेना प्रशिक्षण कमान की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, जिससे भविष्य के लिए तैयार अधिकारियों का निर्माण होता है। बाद में, शिमला के अनाडेल हेलीपैड पर राष्ट्रपति मुर्मू को विदाई दी गई।

दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में भारतीय इतिहास को शामिल करने की मांग

जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा (एसएएचडीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग करते हुए अधिकारियों से इसे नजरअंदाज नहीं करने का आग्रह किया है।

एक खुले पत्र में एसएएचडीएस के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में एसएएचडीएस ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी। महाराज ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के इतिहास को इतिहास की पुस्तकों से मिटाया नहीं जा सकता और न ही मिटाया जाना चाहिए। हम मांग करते हैं कि सभी कक्षाओं में भारतीयों के इतिहास से संबंधित मौजूदा सामग्री को कम से कम दोगुना किया जाए, क्योंकि अल्पसंख्यक भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वर्तमान प्रस्तुतीकरण स्तर को अपमानजनक और भारतीयों के योगदान को नजरअंदाज करने वाला बताया। महाराज ने कहा कि 1860 में बंधुआ मजदूरों के रूप में आगमन के बाद से भारतीयों ने दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, पाठ्यपुस्तकों में इस विरासत को कमतर दिखाना सच्चाई को कमतर करने जैसा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय के संघर्षों को अधिक स्थान देने से नस्लीय सौहार्द, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इससे यह धारणा भी दूर होगी कि दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों को ऐतिहासिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त थे। हमारे बंधुआ पूर्वजों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया और दास जैसी स्थितियों में जीवन बिताया।

अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, 8.7 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार के आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

इन आंकड़ों से पता चला है कि आयात से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि ने घरेलू लेनदेन से प्राप्त संग्रह को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 52,140 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 61,331 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व संग्रह 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। इस अवधि में रिफंड 19.3 प्रतिशत बढ़कर 31,793 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी में साझेदार प्रतीक जैन ने कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधार लागू होने के बाद मासिक कर संग्रह में सात-आठ प्रतिशत की स्थिर वृद्धि अब एक सामान्य रुझान बनती दिख रही है, जो बजट अनुमानों के अनुरूप है। हालांकि, जैन ने कहा कि आयात आधारित राजस्व की तेज वृद्धि से उपभोग में कुछ नरमी का संकेत मिल सकता है। आयात से जुड़े जीएसटी में करीब 26 प्रतिशत की वृद्धि अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद व्यापार प्रवाह में मजबूती को दर्शाती है। साथ ही घरेलू जीएसटी का स्थिर प्रदर्शन बताता है कि दरों के सरलीकरण से मांग को समर्थन मिल रहा है। कुल कर संग्रह के आंकड़े उत्साहजनक हैं, लेकिन घरेलू लेनदेन और आयात आधारित राजस्व के बीच अंतर होना नीतिगत पुनर्मूल्यांकन की जरूरत दर्शाता है। उन्होंने मेक इन इंडिया को वैश्विक आपूर्ति शृंखला बदलावों के अनुरूप मजबूत करने पर जोर दिया। सितंबर 2025 से लागू हुए व्यापक जीएसटी सुधारों के तहत करीब 375 वस्तुओं पर कर दरें घटाई गईं और चार स्लैब को मिलाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो कर स्लैब कर दिए गए।

मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं: बंगाल सीईओ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि मतगणना केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है और स्ट्रॉन्ग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी के जरिये निगरानी की जा रही है।

सीईओ का यह बयान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम पर घंटों बिताए जाने और धांधली की आशंका जताए जाने के एक दिन बाद आया है। कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों के आसपास बृहस्पतिवार रात उत्पन्न हुए तनाव के मद्देनजर पुलिस ने शहर के सभी सात स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर निषेधाज्ञा लागू कर दी। अग्रवाल ने कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम की चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था है। उन्होंने धांधली के आरोपों को बेबुनियाद करार देते हुए सिरे से खारिज किया। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता और बेलियाघाट सीट से उम्मीदवार कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के निर्देश पर कार्यकर्ता और उम्मीदवार उन मतगणना केंद्रों की निगरानी कर रहे हैं, जहां ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में रखे गए हैं। अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा, ईवीएम की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों के मद्देनजर किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। केंद्रों को पूरी तरह से सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है और वास्तविक समय में सीसीटीवी फुटेज बाहर से देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने के लिए कारण और सबूत होने चाहिए। सीईओ ने रेखांकित किया कि ईवीएम में छेड़छाड़ या गणना पूर्व कवायद में गड़बड़ी के आरोप निराधार हैं। कोलकाता के दो मतगणना केंद्रों पर बृहस्पतिवार देर शाम उस समय भारी हंगामा हुआ जब तृणमूल नेताओं ने विधानसभा चुनावों की सीलबंद ईवीएम वाले स्ट्रॉन्ग रूम में पारदर्शिता की कमी और संभावित कदाचार का आरोप लगाया। राज्य में विधानसभा चुनाव 29 अप्रैल को संपन्न हुआ था। ममता बनर्जी स्वयं सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित मतगणना केंद्र पर पहुंचीं और लगभग चार घंटे तक वहीं रहीं। आधी रात के बाद वह परिसर से निकलीं और मतगणना प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ चेतावनी देते हुए अधिक पारदर्शिता की मांग की।

लंदन: यहूदी पुरुषों पर चाकू से हमले के आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

लंदन। लंदन में दो यहूदी पुरुषों को चाकू मारने के मामले में शुक्रवार को 45-वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। ब्रिटेन के यहूदी समुदाय में डर और गुस्से की लहर पैदा करने वाली सिलसिलेवार घटनाओं में यह ताजा मामला है। पुलिस ने बताया कि ईसा सुलेमान पर गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुए हमले के संबंध में हत्या के प्रयास के दो मामले दर्ज किए गए हैं। उसके खिलाफ उसी दिन शहर के दूसरे हिस्से में हुई एक अन्य घटना के संबंध में भी हत्या के प्रयास का तीसरा मामला दर्ज किया गया है। इस घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई थीं। लंदन में रहने वाला सुलेमान, सोमालियाई मूल का ब्रिटिश नागरिक है। उसे शुक्रवार को ही पहली बार अदालत में पेश किया जाना है। यह इलाका ब्रिटिश यहूदी समुदाय का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इस हमले में 34 और 76 वर्ष के दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
BBDNIIT(056)- CSE ,IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA

ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI I MBA - AI I IMBA - AI
BBA - Marketing I M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

ईरान के सर्वोच्च नेता ने परमाणु, मिसाइल की रक्षा का संकल्प जताया

दुबई। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने इस्लामी गणराज्य की परमाणु एवं मिसाइल क्षमताओं की रक्षा करने का संकल्प व्यक्त किया है। ईरान के एक सरकारी टेलीविजन चैनल के एक प्रस्तोता द्वारा बृहस्पतिवार को पढ़े गए एक बयान में अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने कहा कि फारस की खाड़ी में अमेरिकियों की जगह केवल इसके पानी की तह में है और क्षेत्र के इतिहास में नया अध्याय लिखा जा रहा है। मुजतबा खामेनेई अपने पिता की युद्ध के शुरुआती हवाई हमलों में मौत के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता बने लेकिन तब से वह सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं दिए हैं। खामेनेई ने ऐसे समय में यह टिप्पणी की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान की परमाणु एवं मिसाइल क्षमताओं को हवाई हमलों और व्यापक समझौते के तहत सीमित करने का प्रयास कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था दबाव में है और अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी के कारण उसके तेल टैंकर समुद्र में नहीं जा पा रहे हैं। ईरान द्वारा होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है, जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। बृहस्पतिवार को वैश्विक मानक ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 126 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। तेल आपूर्ति और कीमतों में आए इस झटके से ट्रंप पर दबाव बढ़ रहा है, जो अपने खाड़ी सहयोगियों के तेल और गैस निर्यात के लिए महत्वपूर्ण मार्ग को फिर से खोलने की नयी योजना पर विचार कर रहे हैं। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि इस योजना के तहत अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रखेगा और सहयोगियों के साथ मिलकर ऊर्जा के मुक्त प्रवाह को बाधित करने के ईरान के प्रयासों पर अधिक लागत थोपेगा।

City Montessori School
CMS CITY MONTESSORI SCHOOL
heartily congratulates its 3709 meritorious students who have secured 90% to 99.80% marks in the ISC & ICSE Board Exams, 2026
4 students scored 99.75% and 9 students scored 99.50% in ISC
Vaivaswat Dubey secured 99.80% in ICSE
62 students secured 99% to 99.80% agg. marks

ISC (Class XII)
99.75% CHHAVI MISHRA Kanpur Road
99.75% OSHEEN AGARWAL Mahanagar
99.75% SANSKRITI CHANDEL Gomti Nagar I
99.75% ZAINAB FATIMA Aliganj I
99.50% ARYA DWIVEDI Aliganj I
99.50% ADITYA TRIPATHI Gomti Nagar I
99.50% ADVIT DHAON Gomti Nagar I
99.50% AARNA BAJPAI Kanpur Road
99.50% BHANU P VERMA Aliganj I
99.50% HANSIKA JAGGI Rajajipuram I
99.50% SHIVPRIYA PATHAK Gomti Nagar Extn.
99.50% SONYA ARORA Kanpur Road
99.50% VAILACE RDSO
Note: 4 ISC students scored 99.75%, 9 students scored 99.50%, 15 students scored 99.25%, and 14 students scored 99%

ICSE (Class X)
99.80% VAIVASWAT N DUBEY Gomti Nagar I
99.60% ANAY AGARWAL Gomti Nagar I
99.60% ZAHRA FATIMA Asharfabad
99.40% AFSHAAN AHMAD Gomti Nagar I
99.40% DIVYANSH KUSHWAHA Gomti Nagar I
99.40% FARHEEN KHAN Rajajipuram I
Note: 1 ICSE student scored 99.80%, 2 students scored 99.60%, 3 students scored 99.40%, 6 students scored 99.20%, and 8 students scored 99%

These 19 CMS Students on Ranks 1, 2 & 3 shall be given Rs. 1 Lakh each. Another 43 students with 99% and above will get Rs. 21,000 each, making a total prize money of over Rs. 28 Lakh

RESULTS THAT MAKE CMS EUPHORIC !

S.No.	Highlights	Numbers	Percentage
1.	CMS students who secured 99% & above aggregate marks	62	0.9%
2.	CMS students who secured 98% & above aggregate marks	248	3.5%
3.	CMS students who secured 97% & above aggregate marks	562	8.0%
4.	CMS students who secured 95% & above aggregate marks	1441	20.5%
5.	CMS students who secured 90% and above aggregate marks	3709	52.8%
6.	CMS students who took & passed the 2026 ICSE & ISC Exams	7030	100.0%

These 3709 meritorious CMS students will take out a
Grand Victory March and Honouring Ceremony
on Saturday, 2nd May, 2026 at 7.45 am at CMS Gomti Nagar Extension Auditorium, Lucknow
Shri Alok Kumar, IAS
Additional Chief Secretary, Infrastructure & Industrial Development & NRI Department, Uttar Pradesh
will be our honoured Chief Guest on the occasion
Scan QR for full result

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com